**सुविचार**
याद रखना कभी कोई नहीं मरता किसी के बिना, वक्त सबको जीना सिखा देता है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Friday, 08 September 2023 ● Year : 01 ● Issue : 233 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com | E-Paper : epaper.thephotonnews.com



12

अक्षय का फिल्म बनाने का डेडिकेशन देख...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 66,265.56 |
| निफ्टी | : | 19,727.05 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,625 |
| चांदी | : | 77.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

## आदित्य एल1 ने अंतरिक्ष में ली अपनी पहली सेल्फी

**NEW DELHI :** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के सौर मिशन आदित्य एल1 के बारे में सभी जानना चाहते हैं। इस बीच इसरो की ओर से ताजा जानकारी शेयर की गई है। बताया गया है कि आदित्य एल1 ने एक सेल्फी ली है। इस सेल्फी में आदित्य एल1 के कई उपकरण नजर आ रहे हैं। इसरो ने सोशल मीडिया पर इसे शेयर किया है। यह सेल्फी आदित्य एल1 में लगे कैमरे में कैद हुई है। आदित्य एल1 को लेकर बड़ा अपडेट देते हुए एजेंसी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने बताया कि आदित्य एल1 ने अंतरिक्ष में अपनी पहली सेल्फी ली है। इतना ही नहीं, उसने दूर से ही धरती और चांद की भी तस्वीर उतारी है। इसरो ने बाकायदा एक वीडियो के जरिए आदित्य एल 1 के कारनामे को दिखाया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल है। आदित्य एल1 पहली भारतीय अंतरिक्ष आधारित वेधशाला है, जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर स्थित पहले सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु (एल-1) में रहकर सूरज के बाहरी वातावरण का अध्ययन कर रही है।

## राष्ट्रपति भवन पर पाक खुफीया एजेंसी की नजर

**KOLKATA :** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने भक्त बंसी झा नाम के जिस आईएसआई एजेंट को गिरफ्तार किया था, उससे पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। अब उसने बताया है कि पाकिस्तानी खुफीया एजेंसी की नजर दिल्ली के राष्ट्रपति भवन पर है। इसके साथ ही इंडिया गेट और वॉर मेमोरियल जैसी महत्वपूर्ण जगहों को टारगेट करने की साजिस रची जा रही थी। दिल्ली में मौजूद ये सारे संस्थान सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हैं और 24 घंटे अति सुरक्षा घेरे में रहते हैं। इसके बावजूद भक्त बंसी के मोबाइल से इनकी तस्वीरें मिली हैं, जो केंद्रीय एजेंसियों को अचंभित करने वाली हैं। भक्त बंसी के दूसरे सहयोगियों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।



**नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की...** कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार पूरे देश भर में पूरे धूमधाम से मनाया जा रहा है। राजधानी रांची के में रोड पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह का आयोजन किया। इसमें झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ रांची के विधायक सीपी सिंह शामिल हुए। इस दौरान मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। युवाओं ने कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

जकार्ता में आयोजित सम्मेलन में बोले पीएम

## भारत और आसियान का सहयोग चौथे दशक में पहुंचा



भारत-आसियान शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**AGNECY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-आसियान शिखर सम्मेलन में अपने शुरूआती वक्तव्य में कहा कि आज की वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में भी हर क्षेत्र में भारत-आसियान सहयोग में लगातार प्रगति हो रही है। यह हमारे संबंधों की ताकत और रेसिलियंस का प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारत-आसियान शिखर सम्मेलन (जकार्ता) में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अपने शुरूआती वक्तव्य में कहा कि भारत और आसियान का सहयोग चौथे दशक में प्रवेश कर गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि प्रधानमंत्री ने आसियान सहयोगी देशों के नेताओं से विस्तृत विचार-विमर्श किया। इसका उद्देश्य भारत आसियान संबंधों को मजबूती प्रदान करना और सहयोग को भविष्य में किस तरह से आगे बढ़ाया जाए इस पर विचार करना रहा। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर दोहराया कि आसियान भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी के केंद्र में है। कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री गुरुवार देर शाम भारत लौट गए।

## दुघर्टनाग्रस्त होकर 1.30 घंटे रूकी वंदे भारत ट्रेन

### एक्सप्रेस की चपेट में भैंस के आने से हादसा



भैंस के टकराने से ट्रेन का अगला हिस्सा हुआ क्षतिग्रस्त ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH :** पूर्व मध्य रेलवे धनबाद रेल मंडल के बरकाकाना-कोडरमा रेल लाइन पर गुरुवार को ट्रेन संख्या (22349) पटना-रांची वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन भैंस से टकरा गई। ट्रेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेन डेढ़ घंटे की देरी से बरकाकाना जंक्शन पहुंची। घटना में यात्रियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। जबकि भैंस की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, कुजू स्टेशन के पार करते ही 11:16 बजे पोल संख्या 123/ए के समीप रेलवे ट्रैक को पार कर रही एक भैंस वंदे भारत एक्सप्रेस से टकरा गई, जिसके बाद ट्रेन दुर्घटना स्थल पर खड़ी हो गई। घटना के बाद ट्रेन 98 मिनट की देरी से 01:08 बजे बरकाकाना स्टेशन पहुंची। आवश्यक जांच के बाद ट्रेन 01:22 बजे बरकाकाना से गंतव्य के लिए रवाना हुई।

**भैंस की शरीर कटकर ट्रेन की इंजन में फंसा**

स्टेशन प्रबंधक देवेश कुमार ने बताया कि भैंस का शरीर कटकर ट्रेन के इंजन व पहिए के नीचे जा फंसा। ट्रेन सामान्य गति में होने के कारण नियंत्रित कर ली गई वरना एक बड़ी घटना हो सकती थी। ट्रेन से भैंस के टकराने से जोर की आवाज होने पर ट्रेन में सवार यात्री घबरा गए। बाद में लोको पायलट ने सूझ-बूझ का परिचय देते हुए ट्रेन को घटनास्थल के निकट रोक दिया। इसकी सूचना निकटवर्ती कुजू स्टेशन प्रबंधक को दी गई।

## पेड़ से टकराकर खाई में गिरने से बची यात्री बस, बड़ा हादसा टला

**PLAMU :** मोहम्मदगंज थाना के कादल कुर्मी गांव के समीप गाइड बांध से उतरने के क्रम में गुरुवार की सुबह बदन नामक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना करीब सात बजे सुबह हुई। बस छतीसगढ़ के रायगढ़ से जपला आ रही थी। इस घटना में बस में सवार यात्री बाल बाल बच गए। सबसे दिलचस्प बात यह रही कि बस को खींचकर सड़क पर लाने के लिए लाया गया हाइड्रा भी अनियंत्रित होकर पलट गया। पुनः दूसरा हाइड्रा लाया गया और पलटी खाए हाइड्रा को उठाने का काम पहले किया गया। इसके बाद बस को खींचकर बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार इस घटना में बस में सवार पांच यात्रियों को हल्की चोटें आई है। बस में आई तकनीकी खराबी के कारण अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। दुर्घनाग्रस्त बस सड़क किनारे एक पेड़ से टकराकर रुक गयी, वरना बड़ी दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता था। इस घटना में सड़क किनारे पेड़ होने का महत्व लोगों को समझ में आया। बताया गया कि इस दुर्घटना के बाद कई यात्री खुद उतरकर गंतव्य की ओर निकल पड़े। बस में सवार किसी भी यात्री को भारी नुकसान नहीं पहुंचा है।

# डुमरी उपचुनाव : किसके सिर होगा ताज, फैसला आज

### 24 राउंड में होगी मतगणना, बेबी-यशोदा में कांटे की टक्कर





**PHOTON NEWS RANCHI :** पांच सितंबर को हुए डुमरी उप चुनाव की मतगणना आज शुक्रवार को होगी। इसके लिए गिरिडीह के पचंबा बाजार समिति परिसर को मतगणना केंद्र बनाया गया है। मतगणना 24 राउंड में की जाएगी। शुक्रवार को छह उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला हो जाएगा। मतगणना और कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। पांच सितंबर को यहां 64.84 फीसदी वोटिंग हुई। मतदान के बाद सभी 373 बूथों का ईवीएम वज्रगृह में जमा किया गया था।

**मतगणना के लिए बनाए गए 16 टेबल**

डुमरी उपचुनाव की मतगणना के संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि सबसे पहले पोस्टल बैलेट की काउंटिंग की जाएगी। इसके बाद ईवीएम को वज्रगृह से लाया जाएगा। मतगणना शुरू होने के एक घंटे के बाद से रूझान आने लगेगा। उन्होंने बताया कि 24 राउंड में पूरी मतगणना होगी। प्रत्येक राउंड में 16 बूथों की काउंटिंग होगी। मतगणना हॉल में इसके लिए 16 टेबल बनाए गए हैं। एक टेबल ईटीपीबीएस के लिए उपलब्ध होगा। एक आरओ का टेबल होगा, जिस पर पोस्टल बैलेट की गिनती होगी।

**केंद्र के भीतर नियुक्त रहेंगे 75 कर्मी**

जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर अनावश्यक भीड़ को रोकने के लिए धारा 144 लागू रहेगी। शाम चार बजे तक मतगणना पूरी होने की उम्मीद है। मतगणना में किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए मतगणना केंद्र के भीतर 25 सहायक, 25 सुपरवाइजर और 25 माइक्रो ऑब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

**सुरक्षा के हैं पुख्ता इंतजाम**

गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा के मुताबिक शांतिपूर्ण मतगणना के लिए तमाम व्यवस्था की गयी है। वज्रगृह की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। मतगणना के दिन भी केंद्र पर कड़ी सुरक्षा होगी। मतगणना को लेकर पार्टियों की भी अपनी तैयारी है। मतों की गिनती के दौरान कार्यकर्ताओं को काउंटिंग हॉल में भेजने का निर्णय लिया गया है। सभी का पास बनाया जा रहा है। इन लोगों को संगठन की ओर से कई निर्देश भी दिये जा रहे हैं।

**इनके भाग्य का होगा फैसला**

- बेबी देवी, आईएनडीआईए समर्थित झामुमो प्रत्याशी
- यशोदा देवी, एनडीए समर्थित आजसू पार्टी प्रत्याशी
- अब्दुल मोबिन रिजवी, एआईएमएआई
- कमल प्रसाद साहू, निर्दलीय प्रत्याशी
- नारायण गिरि, निर्दलीय प्रत्याशी
- रोशन लाल तुरी, निर्दलीय प्रत्याशी

कड़े कानून व स्पीडी ट्रायल के बावजूद चार महीनों में 521 महिलाओं की लुटी अस्मत, रिश्ते भी हो रहे शर्मसार

# झारखंड में हर दिन 4 बेटियां हो रही दुष्कर्म की शिकार

**SUHAIB ANSARI @ RANCHI :** झारखंड में बेटियों की सुरक्षा चिंता का विषय बन रहा है। राज्य में बढ़ती अपराध के बीच दुष्कर्म के आंकड़े भी चिंतित कर रही है। राज्य में महिलाएं-बेटियां कितनी सुरक्षित हैं, ये चिंता का एक बड़ा कारण बन गया है। कई मामलों में गैर नहीं, करीबी ही बेटियों की अस्मत लूटकर रिश्ते को शर्मसार कर दिया है। पुलिस और समाज की लाख कोशिशों के बाद बेटियों को निशाना बनाया जा रहा है। ऐसी घटनाओं की लिस्ट काफी लंबी है, कई मामलों को लोक-लाज के डर से दबा दिया जाता है। कई ऐसे भी मामले सामने आए हैं, जिनमें लोक-लाज खोकर बेटियों ने मौत को गले लगाया और आत्महत्या कर ली। आंकड़ों में गौर करे तो पिछले चार महीनों में (मार्च-जून 2023 तक) राज्य के अलग-अलग जिलों में दुष्कर्म के 561 मामले दर्ज हुए हैं। दुष्कर्म के सबसे अधिक रांची में 73 मामले दर्ज हुए हैं। गिरिडीह में 53 मामले दर्ज हुए हैं। हालांकि ये आंकड़े जबरन दुष्कर्म के अलावा यौन शोषण के मामलों से भी जुड़ा है। सख्त कानून, गिरफ्तारी, सजा व स्पीडी ट्रायल के बावजूद झारखंड में हर दिन 4 महिलाओं से दुष्कर्म की वारदात सामने आ रही है। हालांकि ज्यादातर मामलों में पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर लेती है।

**जानिए कहां कितनी हुई घटनाएं**

| जिला | मामला | जिला | मामला |
|---|---|---|---|
| रांची | 73 | बोकारो | 17 |
| गिरिडीह | 53 | देवघर | 16 |
| गढ़वा | 42 | साहिबगंज | 15 |
| जमशेदपुर | 38 | कोडरमा | 15 |
| गुमला | 37 | सिमडेगा | 09 |
| लातेहार | 29 | खूंटी | 13 |
| पलामू | 29 | पाकुड़ | 12 |
| लोहरदगा | 28 | गोड्डा | 11 |
| धनबाद | 23 | दुमका | 08 |
| चाईबासा | 22 | सरायकेला | 07 |
| चतरा | 21 | जामताड़ा | 06 |
| हजारीबाग | 19 | रेल जमशेदपुर | 00 |
| रामगढ़ | 18 | रेल धनबाद | 00 |

**क्या है सजा का प्रावधान :** दुष्कर्म मामले में आरोपी पर आईपीसी की धारा 376 लगाई जाती है। धारा 376 के अनुसार न्यूनतम सजा की अवधि सामान्य केस में 7 साल तथा गंभीर केस में यह अवधि 10 साल रखी गई है। इस केस में ज्यादा से ज्यादा सजा आजीवन कारावास हो सकती है। इस धारा के अंतर्गत गंभीर केसों में मृत्यु दंड का भी प्रावधान किया गया है। वहीं पॉक्सो एक्ट के तहत अगर कोई व्यक्ति 16 साल से कम उम्र के बच्चे के साथ पेनेट्रेटिव सेक्सुअल असॉल्ट का दोषी पाया जाता है तो उसे 20 साल की जेल से लेकर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। इस मामले में उम्रकैद यानी जब तक जिंदा है, तब तक जेल में रहना होगा। इसके अलावा दोषी व्यक्ति को भारी जुमार्ना भी चुकाना होगा। जबकि पॉक्सो एक्ट की धारा 3 के तहत नाबालिग बच्चे के साथ बदनीयती से हमला करने और धारा 4 के तहत रेप करने पर कम से कम 7 साल की सजा का प्रावधान है। अधिकतम आजीवन कारावास की सजा भी संभव है।



**राज्य में 45 दिनों के भीतर चार्जशीट का है आदेश**

झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को पूर्व में ही यह आदेश दे दिया है कि दुष्कर्म व यौन शोषण के मामले में जिलों के एसएसपी-एसपी 30 दिनों में जांच पूरी कराएंगे। इसके बाद मामले का पर्यवेक्षण होगा और आरोपियों के विरुद्ध 45 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल कर दिया जाएगा। इसके बाद पुलिस ऐसे कांडों के स्पीडी ट्रायल के लिए कोर्ट से आग्रह करेगी, ताकि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई हो सके।

**04 सितंबर : नाबालिग से जंगल में गैंगरेप**

घटना रांची के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में हुई। 04 सितंबर 2023 को ओरमांझी से अपनी बहन के घर आई नाबालिग को लिफ्ट देकर झुमरटोली जंगल में ले जाकर 3 हैवानों ने दरिंदगी की। इस मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को धर दबोचा।

**01 सितंबर : चाकू के नोक पर नाबालिग से गैंगरेप**

रांची के खलारी थाना क्षेत्र में 01 सितंबर 2023 को केदू नेहरू स्टेडियम से मेला देखकर लौट रही नाबालिग को आरोपियों ने चाकू दिखा कर अगवा कर लिया। इसके बाद उसे अंदर में ले गए और उसके साथ दरिंदगी की। परिजनों को रात 11 बजे नाबालिग नग्न अवस्था में मिली।

**04 सितंबर : साहिबगंज में पहाड़िया युवती से गैंगरेप**

साहिबगंज के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में चार सितंबर 2023 की देर रात 2 बजे शौच के लिए गई एक 18 वर्षीय पहाड़िया युवती से तीन लोगों ने मिलकर दुष्कर्म कर दिया। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दो अन्य फरार हैं।

**16 जुलाई : बर्थडे पार्टी में बुलाकर छात्रा से गैंगरेप**

रांची के सदर थाना क्षेत्र के कोकर इलाके में 16 जुलाई 2023 की रात चौथी कक्षा के छात्रा के साथ नाबालिग सहित चार आरोपियों ने गैंगरेप किया। आरोपी बर्थडे पार्टी के नाम पर नाबालिग को एक रेस्टोरेंट में ले गए थे।

**18 जुलाई : दो नाबालिग से दोस्तों ने किया गैंगरेप**

रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र में दोस्तों ने शराब पिलाकर एक से जबरन दुष्कर्म किया जबकि दूसरी नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास किया। 18 जुलाई 2023 को दो नाबालिग लड़कियां कुछ दोस्तो के साथ घूमने निकली थी। सभी डोरंडा के दिबडीह पूल पहुंचे थे जहां घटना हुई।


**29 जुलाई : रेप के बाद महिला ने दे दी जान**

रांची के खलारी थाना क्षेत्र में रेप और ब्लैकमेल से परेशान एक आदिवासी महिला ने 29 जुलाई 2023को सुबह फांसी लगाकर जान दे दी। इस मामले में महिला के देवर ने खलारी थाना की गाड़ी चलाने वाले चालक इरशाद पर रेप और ब्लैकमेल का आरोप लगाते हुए कैसे दर्ज करवाया था।

## एयरफोर्स में शामिल होगा पहला एयरबस C-295

**AGENCY NEW DELHI :** भारतीय वायुसेना के बेड़े में सितंबर महीने के दौरान एयरबस सी-295 शामिल हो जाएगा। मुख्य रूप से यह सामरिक सैन्य परिवहन विमान है। समाचार एजेंसी भाषा की एक खबर के अनुसार, यूरोप में विमान बनाने वाली कंपनी एयरबस के एक अधिकारी ने गुरुवार को जानकारी दी है कि भारत को इस महीने अपना पहला एयरबस सी-295 सामरिक सैन्य परिवहन विमान मिलेगा। भारत की राजधानी दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एयरबस इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रेमी मैलार्ड ने कहा कि भारतीय वायु सेना को पहले सी-295 विमान की आपूर्ति इसी सितंबर महीने की जाएगी।

**स्पेन के सेविले जाएंगे एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी :** एयरबस की ओर से विमानन क्षेत्र के लिहाज से इंजीनियरों को ट्रेनिंग देने के लिए गतिशक्ति यूनिवर्सिटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जाने के बाद मैलार्ड ने भारतीय मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी पहले सी-295 विमान को लेने के लिए स्पेन के सेविले जाएंगे।



**सामरिक परिवहन विमान है एयरबस सी-295**

एयरबस सी-295 एक मध्यम श्रेणी का सामरिक परिवहन विमान है, जिसे स्पेनिश एयरोस्पेस कंपनी सीएएसए ने डिजाइन किया है और इसी कंपनी ने इसका निर्माण भी किया था। अब सी-295 सामरिक परिवहन विमान का निर्माण स्पेन की कंपनी एयरबस करती है। सी-295 एक बहुमुखी और कुशल विमान है, जो 5-10 टन क्षमता के साथ कई अलग-अलग मिशनों को पूरा कर सकता है। यह 71 सैनिकों या 50 पैराट्रूपर्स को अपने साथ ले जाने में सक्षम है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, एयरबस सी-295 सामरिक परिवहन विमान को किसी भी तरह की हवाई पट्टी पर उतारा जा सकता है।

## BRIEF NEWS

### संकल्प यात्रा के सफल आयोजन की रूपरेखा तय

**CHATRA:** सिमरिया में आगामी 12 सितंबर को अयोजित संकल्प यात्रा सभा की सफलता को लेकर बुधवार को पिपरवार भाजपा मंडल की बैठक बेती पंचायत के झोलनडीहा में हुई। अध्यक्षता पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा एवं संचालन मंडल सह संयोजक संजय कुमार भोक्ता ने किया। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की सभा में भाग को मंडल कार्यकताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के भव्य आयोजन की तैयारी को लेकर योजना का प्रारूप तैयार किया। बैठक में पिपरवार भाजपा मंडल प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने सभी शक्ति केंद्रों में बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय किए जाने के निर्देश दिए गए। जिसमें सभी शक्ति केंद्र के संयोजक एवं अध्यक्ष बूथ कमेटी के सदस्यों को उपस्थित रहने कहा गया है। इस दौरान पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कार्यकताओं को मेरी माटी मेरा देश के निमित्त हर गांव से मिट्टी संग्रह करने एवं बूथ स्तर पर विद्यालय व मंदिरों में पौधरोपण का निर्देश दिया। वहीं, आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पिपरवार मंडल के शक्ति केंद्र प्रमुख धनराज भोक्ता, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो, करण कुमार महतो, संजय कुमार भोक्ता, दिलीप कुमार, कीनू गंझु, बासुदेव गंझु सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### भारत जोड़ो यात्रा ऐतिहासिक इससे आम जनता में कांग्रेस के प्रति जगा विश्वास : बृजेंद्र

**DHANBAD :** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार 7 सितंबर को भारत जोड़ो सम्मेलन का आयोजन किया। इस मौके पर स्वामी विवेकानंद चौक से फूलों झानो चौक होते हुए, वीर कुंवर सिंह चौक तक जुलूस निकाला गया। वीर कुंवर सिंह चौक पर सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुमका जिला अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी ने किया। प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ऐतिहासिक यात्रा साबित हुई है। इस यात्रा से आम जनता में कांग्रेस के प्रति विश्वास जागा है। प्रदेश महासचिव रवींद्र वर्मा ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर जिला स्तरीय कार्यक्रम किया जा रहा है। इस यात्रा के माध्यम से लोगों के बीच मोहब्बत बढ़ा है।

### वामदलों ने हवाई अड्डा को छोड़ दूसरे स्थान पर इको पार्क बनाने कीर रखी मांग

**BERMO :** महंगाई पर रोक लगाने और रोजगार सृजन की मांग को लेकर सीपीएम ( माकपा) ने 7 सितंबर को जनसंपर्क अभियान चलाया। बोकारो थर्मल स्थित जरवा बस्ती, लाल चौक, झारखंड चौक और सेंट्रल मार्केट में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। बेरमो लोकल कमिटी के बैनर तले एक सितंबर से अभियान चलाया जा रहा था। सात दिवसीय अभियान का गुरुवार को अंतिम दिन था। अभियान का नेतृत्व जिला सचिव सह राज्य कमेटी सदस्य भागीरथ शर्मा, जिला कमेटी के श्याम बिहारी सिंह, विजय भोई, अख्तर खान, लोकल कमेटी सचिव मनोज पासवान और कन्हाई शर्मा ने किया। भागीरथ शर्मा ने कहा कि कमर तोड महंगाई और बढती बेरोजगारी ने आम लोगों की परशानियों को काफी बढा दिया है। चावल, दाल , आटा , खाने- पकाने का तेल, सब्जियां, रसोई गैस, दवाएं महंगी होती जा रही हैं। अभियान में शिबू तांती, परमेश्वर तुरी, हसमुदीन अंसारी, अजय रजक, वसीम खान, राजू साव, समीर सेन, दीना केवट व अन्य लोग शामिल थे।

# भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर प्रदेश कांग्रेस ने रांची में निकाली पदयात्रा

## हमें भारत के लिए अपने बलिदानों और प्रतिबद्धता पर गर्व : अविनाश पांडे

● भारत जोड़ो यात्रा का इतिहास स्याही से नहीं पसीने से लिखा गया: राजेश ठाकुर

**PHOTON NEWS RANCHI**



पदयात्रा करते कांग्रेस के कार्यकर्ता ● फोटोन न्यूज

झारखंड कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर गुरुवार शाम राजधानी रांची में शहीद स्थल से पदयात्रा निकाली, जो अलबर्ट एक्का चौक, प्लाजा चौक, लालपुर चौक, होते हुए बिरसा समाधि स्थल, कोकर तक पहुंची। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकताओं ने नफरत छोड़ो भारत जोड़ो के नारे लगाये। बिरसा समाधि स्थल पहुंचने के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की और सभा किया। सभा को संबोधित करते हुए झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा एकता और प्रेम की दिशा में उठाए गए करोड़ों कदम देश की बेहतर कल की नींव बन गई और यह नफरत मिटाने और भारत को एक होने तक जारी रहेगी। हमें भारत के लिए अपने बलिदानों और प्रतिबद्धता पर गर्व है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा एक जनआंदोलन है। यह यात्रा आर्थिक असमानताओं, महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक न्याय, संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए की गई थी।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का इतिहास स्याही से नहीं पसीने से लिखा गया है। राहुल गांधी ने जिस मकसद से कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, उसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। भाजपा जितनी भी नफरत फैलाने की कोशिश करे हम मोहब्बत से उसका सामना करेंगे। देश के अंदर विघटनकारी शक्तियां सक्रिय हो गई हैं। ऐसे में राहुल गांधी ने मोहब्बत का पैगाम को लेकर लंबी पदयात्रा की है।

सभा को पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक राजेश कच्छप, शिल्पी नेहा तिर्की, रांची महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा, डॉ राकेश किरण महतो, गुंजन सिंह और अभिजीत सिंह ने भी संबोधित किया।

## कांग्रेस के झारखंड प्रभारी पहुंचे रांची, प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने किया स्वागत



मीडिया से बात करते झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI**

भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय गुरुवार को रांची पहुंचे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से बातचीत में अविनाश पांडेय ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी मुख्य मुद्दा हैं। उन्होंने कहा कि देश में अभी अघोषित आपातकाल है। कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी पार्टियां देश को इसी अघोषित आपातकाल से बचाने के लिए साथ आई हैं। देश में बेरोजगारी है। महंगाई चरम पर है। आर्थिक तौर पर देश की दुर्दशा है। हमें इससे देश को बचाना है। उन्होंने कहा कि जब केंद्र की गलत नीतियों के खिलाफ विपक्षी दल साथ आए तो सरकार घबरा गई है। एक सवाल केंद्र सरकार कहती है कि कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियां भ्रष्टाचार के खिलाफ उनके अभियानों का विरोध कर रही हैं। इसके जवाब में पांडेय ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरोध में केवल गैर-भाजपा नेताओं और पार्टियों पर ही कार्रवाई होगी।

# `सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास



शिलान्यास करते सिल्ली विधायक ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI**

`सिल्ली विधायक व आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने गुरुवार को दो पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया। इनमें राहे प्रखंड के लोवाहातू पंचायत के चुतरुडीह के बावना टोला में 500 फीट और डुमरडीह में 500 फीट सड़क निर्माण कार्य शामिल है। विधायक निधि से कुल 14 लाख की लागत से दोनों पीसीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। मौके पर विधायक ने कहा कि गांव की जरूरत को पूरा किया जा रहा है। पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य पर वृहत पैमाने पर काम किये जा रहे हैं। हमारा प्रयास जेनरेशन ग्रोथ को लेकर है। गांव को राशन और पेंशन से ऊपर लाना है। शिक्षा को लेकर स्मार्ट क्लास, निशुल्क कोंचिंग, निशुल्क बस सेवा,पुस्तकालय आदि की व्यवस्था किया जा रहा है। हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। गांव के एकता को तोड़ने वाले लोगों से सावधान रहने की अपील की। इस अवसर पर कई लोग मौजूद थे।

# देश में भय और नफरत का बनाया जा रहा है वातावरण : कालीचरण मुंडा

## भारी बारिश के बावजूद कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए कार्यकर्ता

**PHOTON NEWS KHUNTI:**



भारत जोड़ो यात्रा में बोलते कालीचरण मुंडा ● फोटोन न्यूज

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा शुरू की गई भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर गुरुवार को कांग्रेस के खूंटी जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा के नेतृत्व में खूंटी में भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई। भारी बारिश के बावजूद भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। भारत जोड़ो यात्रा नेताजी सुभाष चौक से शुरू होकर बिरसा पार्क कचहरी मैदान तक पहुंची और सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा ने कहा आज देश में जिस तरह भय और नफरत का माहौल बनाया जा रहा है, वह आनेवाले समय के लिए काफी घातक है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जिस तरह संविधान से छेड़छाड़ कर रही है, आनेवाले समय में संविधान को भी खतरा है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा करना अति आवश्यक है। प्रदेश महासचिव सह खूंटी जिला प्रभारी सुरेश बैठा ने कहा कि 2014 में भारतीय जनता पार्टी ने लोक लुभावनी घोषणा करके सत्ता हासिल की। आज के दिन में कहां गया दो करोड़ सरकारी नौकरी? हर वस्तु का दाम सस्ता करने वाले थे, उल्टे सारी वस्तुओं की कीमत को आसमान पर पहुंचा दिया है। जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा के दौरान पूरे देश में कहीं भी नफरत का माहौल नहीं दिखा, हर जगह प्रेम और सद्भावना का माहौल था। उन्होंने कहा कि नफरत फैलाने का काम सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही करती है। रवि मिश्रा ने कहा कि आज उनको समझने की आवश्यकता है, ताकि यह नफरत देश के लिए खतरा न बन पाए और फिर से अखंड एवं समृद्ध भारत का निर्माण हो सके।

# G20 समिट : 1.30 लाख जवान करेंगे निगरानी

## मिसाइल, फाइटर जेट तैनात




सुरक्षा में तैनात जवान

**AGENCY NEW DELHI :** दिल्ली पुलिस के 50 हजार जवान, एनएसजी, सीआईएसएफ, सीएपीएफ और आर्मी के करीब 80 हजार जवान, बुलेट प्रूफ गाड़ियां, एंटी ड्रोन सिस्टम, एयर डिफेंस सिस्टम, फाइटर जेट राफेल, एयरफोर्स और सेना के हेलिकॉप्टर, हवा में 80 किमी तक मार करने वाली मिसाइल, चेहरा पहचानने वाले कैमरे, दिल्ली के आसपास के 4 एयरपोर्ट अलर्ट मोड पर ये सब जी-20 समिट की सुरक्षा के लिए हैं। पुलिस के मुताबिक पहली बार दिल्ली में इतनी सिक्योरिटी की गई है। 9 और 10 सितंबर को होने वाली इस समिट में जी-20 के मेंबर 18 देशों के राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री, यूरोपियन यूनियन के डेलीगेट्स और 9 गेस्ट कंट्री के राष्ट्राध्यक्ष दिल्ली में रहेंगे।

## राष्ट्रपति बाइडेन आज आएंगे भारत

**AGENCY NEW DELHI :** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन कल यानी 8 सितंबर को 3 दिन के दौरे पर भारत आ रहे हैं। ये राष्ट्रपति बनने के बाद उनका पहला भारत दौरा होगा। वो शाम को एयरफोर्स-1 से दिल्ली पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री मोदी भी उन्हें रिसीव कर सकते हैं। 8 सितंबर को बाइडेन पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। पहले व्हाइट हाउस ने बताया था कि वो 7 सितंबर से दिल्ली के दौरे पर रहेंगे। अब व्हाइट हाउस ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया है कि वो अमेरिका से जर्मनी के रैम्स्टीन शहर जाएंगे। वहां से भारत आएंगे। इसके बाद 9-10 सितंबर को वो जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे।



# उदयनिधि व ए राजा के खिलाफ SC में याचिका, FIR दर्ज करने की मांग

**AGENCY NEWS DELHI:** सनातन को लेकर डीएमके नेता ए राजा और उदयनिधि स्टालिन के बयान को लेकर सीनियर एडवोकेट विनीत जिंदल ने 7 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। उन्होंने कोर्ट से मांग की है कि पुलिस को दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दे। याचिका में दिल्ली और चेन्नई पुलिस को अवमानना नोटिस जारी करने की भी मांग की है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि सुप्रीम कोर्ट ने 28 अप्रैल 2023 को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को हेट स्पीच के मामलों में केस दर्ज करने का निर्देश दिया था।



भले ही कोई शिकायत न की गई हो। इसके बाद भी दिल्ली और चेन्नई पुलिस ने मामलों में केस न दर्ज कर कोर्ट की अवमानना की है। डीएमके नेताओं की तरफ से सनातन धर्म के खिलाफ बयान दिए जा रहे हैं। ताजा टिप्पणी पूर्व केंद्रीय मंत्री ए राजा की है। इसमें उन्होंने कथित रूप से एक सभा में सनातन धर्म को एचआईवी (एड्स) और कोढ़ जैसा बता दिया। राजा के बयान को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपमानजनक करार दिया। प्रधान ने कहा कि नाम बदलने से किसी का चरित्र और इरादा नहीं बदल जाता। राजा का सनातन धर्म पर दिया गया बयान इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (I.N.D.I.A) का मानसिक दिवालियापन और हिंदूफोबिया (हिंदू से डर) दिखाता है। देश देख रहा है कि कांग्रेस और उसके दोस्त भारत की आत्मा और जड़ों को गंदा कर रहे हैं।

# प्रदेश भाजपा का मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत घर-घर से मिट्टी संग्रह अभियान नौ और दस को

**PHOTON NEWS RANCHI**

प्रदेश भाजपा नौ और दस सितंबर को मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत गांव एवं शहरों में घर-घर से मिट्टी संग्रह अभियान चलाएगी। जिस घर में मिट्टी उपलब्ध नहीं हो वहां से एक मुट्ठी चावल लिए जायेंगे। यह जानकारी गुरुवार को प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में यह अभियान चलाया जा रहा। गांव स्तर पर एक से 17 सितंबर तक मिट्टी संग्रह होगा। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दौरान लोहरदगा से अभियान का शुभारंभ किया है। प्रत्येक गांव में हर घर से मिट्टी संग्रह के अतिरिक्त प्रत्येक गांव में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका निर्माण, शहीद के गांव में विद्यालय में शिला फलकम लगवाना तथा गांव स्तर पर पंच प्रण की प्रतिज्ञा सामूहिक कराना जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। डॉ वर्मा ने कहा कि तीन से 13 अक्टूबर तक हर ब्लॉक का एक कलश तैयार होगा, जिसमें उस ब्लॉक के गांव की मिट्टी होगी। ब्लॉक में सामूहिक रूप से एनसीसी कैडेट, एनएसएस, स्काउट, युवा, महिला, किसान सभी को शामिल कर शहीदों के सम्मान के साथ प्रदेश में कलश भेजने के कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही कहा कि 25 से 28 अक्टूबर तक सभी 263 ब्लॉक से आए अमृत कलश को प्रदेश मुख्यालय में सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित कर दिल्ली भेजना है। इसमें सांसद, विधायक शामिल होंगे। डॉ वर्मा ने कहा कि दिल्ली में निवास करने वाले विभिन्न प्रदेशों के लोग अपने-अपने प्रदेश से आए कलश का दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पारंपरिक वेषभूषा के साथ स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि 29 एवं 30 अक्टूबर को इन अमृत कलशों में लाई गई मिट्टी दिल्ली कर्तव्य पथ पर शहीदों के सम्मान में बनने वाली अमृत वाटिका में समर्पित की जाएगी।

# एमपी-छत्तीसगढ़ व राजस्थान में चुनाव के लिए कांग्रेस का मास्टर प्लान तैयार

**AGENCY NEWS DELHI:** कांग्रेस अब अपना पूरा फोकस चुनावी राज्य मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में करने जा रही है। पार्टी ने इन राज्यों में चुनावी कैंपेन का पूरा खाका तैयार कर लिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तेलगांना समेत तीनों राज्यों का दौरा करेंगे। जबकि पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी मध्यप्रदेश और सांसद राहुल गांधी राजस्थान-छत्तीसगढ़ के कैंपेन का जिम्मा संभालेंगे। प्रियंका गांधी एमपी में चुनावी प्रचार का





अभियान संभालेंगी। वह प्रदेश में करीब 40 जनसभाएं और रैलियां करेंगी। एक दिन में उनकी 2 से 3 रैलियां होंगी। चुनाव की घोषणा होने के बाद कांग्रेस महासचिव हर दूसरे दिन प्रदेश में चुनावी दौरे करती नजर आएंगी। प्रियंका के साथ कई बार राहुल गांधी भी आएंगे। लेकिन मध्यप्रदेश में कैंपेन की रणनीति को अंतिम रूप प्रियंका ही देंगी। इसके अलावा वे छत्तीसगढ़ में भी सभाएं करेंगी। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पांचों राज्यों में प्रचार करेंगे। सबसे ज्यादा फोकस वे तेलंगाना में करेंगे। राहुल राजस्थान और तेलंगाना के अभियान का नेतृत्व करेंगे। प्रियंका भी मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से ब्रेक लेकर कुछ सभाएं राजस्थान व तेलंगाना में करेंगी।

## राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण- 2023 में इंदौर प्रथम, भोपाल को 5वां और जबलपुर को मिला 13वां स्थान, ग्वालियर, सागर और देवास भी हुए पुरस्कृत

# प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर लागू हुआ राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम: भूपेंद्र यादव

**AGENCY BHOPAL:** केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि 15 अगस्त, 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सभी लोगों को स्वच्छ वायु सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। उन्होंने स्वस्थ और उत्पादक जीवन का आश्वासन देते हुए समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से 100 से अधिक शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य और योजना की घोषणा की थी। इसके अनुपालन में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा भारत में शहर और क्षेत्रीय पैमाने पर वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए कार्यों को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय स्तर की रणनीति के रूप में



एक राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) को लागू किया गया। केन्द्रीय मंत्री यादव गुरुवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस 2023 के राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनसीएपी कार्यक्रम के अंतर्गत 131 शहरों को चिन्हित किया गया है। समन्वय, सहयोग, भागीदारी और सभी हितधारकों के निरंतर प्रयासों से राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद मिल रही है। केंद्रीय मंत्री यादव ने ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट, ई-अपशिष्ट, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट, बैटरी अपशिष्ट, निर्माण, विध्वंस अपशिष्ट और टायर तथा खतरनाक अपशिष्ट को कवर करने वाले अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की अधिसूचना पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में इंदौर ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। देश के 10 दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में अव्वल रहने पर इंदौर को एक करोड़ 10 लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। वहीं, भोपाल को पांचवां, जबलपुर को 13वां और ग्वालियर को 41वां स्थान प्राप्त हुआ है।

BRIEF NEWS

## रांची में राष्ट्रीय लोक अदालत नौ को, डालसा की तैयारी पूरी

RANCHI: राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ सितंबर को व्यवहार न्यायालय में किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत की प्री-काउंसेलिंग बैठक जारी है, जो आठ सितंबर तक चलेगा। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची (डालसा) द्वारा तैयारी पूरी कर ली गयी है। पारा लिगल वोलेंटियर्स (पीएलवी) गांवों में लोगों को जागरूक कर रहे है। न्यायायुक्त सह डालसा अध्यक्ष एके राय, सीजेएम मिथिलेश कुमार सिंह, डालसा सचिव राकेश रंजन ने अधिक से अधिक नोटिस का तामिला कराने के लिए निर्देश दिये थे। डालसा सचिव ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों का निबटारा करा सकते हैं, जिससे वादी के समय व धन की बचत होगी। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित मामले, वैवाहिक मामले, पारिवारिक मामले , उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित मामलों को चिह्नित कर पक्षकारों को नोटिस भेज दिया गया है।

## सिपाही से एएसआई में प्रोन्नति पाने वालों का पीटीसी प्रशिक्षण कार्यक्रम रद्द

RANCHI: झारखंड में सिपाही और एएसआई में प्रोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों का पीटीसी प्रशिक्षण का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। इसको लेकर आईजी ट्रेनिंग द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि जिला और इकाई में 16 दिसंबर 2011 से 27 जनवरी 2016 तक नियुक्त और मैट्रिक उत्तीर्ण सभी श्रेणी के वैसे आरक्षी, जो आरक्षी बुनियादी प्रशिक्षण में उत्तीर्ण हों और वैसे हवलदार, जो मैट्रिक उत्तीर्ण हों और वैसे एएसआई जो पीटीसी प्रशिक्षण अभी तक प्राप्त नहीं किये है, उन्हें साक्षर आरक्षी से एएसआई के पद पर प्रोन्नति के लिये निर्धारित पीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जेएपीटीसी पदमा, सीटीसी मुसाबनी और जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट में 11 सितंबर से प्रशिक्षण कराने का आदेश निर्गत किया गया है। लेकिन प्रशासनिक कारणों से इसे अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

## करमा पर्व की छुट्टी अब 25 सितंबर को

RANCHI: झारखंड में करमा पर्व की छुट्टी अब 25 सितंबर को होगी। एनआई एक्ट तहत इस दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। राज्य के सभी सरकारी कार्यालय के अलावा बैंक बंद रहेंगे। पहले अवकाश 10 सितंबर रविवार के दिन घोषित था, लेकिन कई माध्यम और डॉक्टर राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान से मिली जानकारी जिसमें राज्य में करमा पर्व 25 सितंबर को मनाने का जिक्र था। इससे करमा पर्व की छुट्टी को 25 सितंबर करने का फैसला किया गया।

## सनातन विद्या निकेतन में कार्यशाला का आयोजन

RANCHI: कांके जमुआरी के सनातन विद्या निकेतन में बच्चों और अभिभावक के साथ शिक्षकों का तालमेल कैसा हो विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में अभिभावक व बच्चे शामिल हुए। वहीं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार को लेकर भी मंथन किया गया। कार्यशाला को मुख्य अतिथि गार्गी सेन ने संबोधित किया और कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यशाला में सचिन स्वप्न पांडे, उपप्राचार्य प्रज्ञा अवस्थी, प्रधान शिक्षिका प्रतिमा सिंह सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुईं।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# राजभवन के पास असिस्टेंट प्रोफेसर का शव रखकर हंगामा, CBI जांच की मांग

## कॉलेज परिसर से मिली थी समीर कुमार की डेड बॉडी

CRIME REPORTER RANCHI : झारखंड की राजधानी रांची के राजभवन के नजदीक उस वक्त माहौल गमगीन हो गया जब एक मां की चीत्कार ने वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम कर दी। कोयंबटूर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर काम कर रहे समीर कुमार की संदेहास्पद मौत के इंसाफ को लेकर परिजन राजभवन के निकट धरना काफी देर तक हंगामा किया। स्वजनों की मांग थी कि इस मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए। समीर कुमार ने आत्महत्या नहीं किया है। उसकी हत्या हुई है। कोतवाली पुलिस ने स्वजनों को काफी समझाया तब जाकर स्वजन शव लेकर बोकारो स्थित अपने घर चले गए। बता दें कि, समीर कुमार का शव गुरुवार को रांची लाया गया, जिसके बाद परिजन शव के साथ राजभवन के निकट धरने पर बैठ गये और प्रदर्शन करने लगे। दरअसल, तमिलनाडु



राजभवन के पास बैठे परिजन व अन्य ● फोटोन न्यूज

के कोयंबटूर स्थित कारुण्या इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर काम कर रहे कसमार थाना क्षेत्र के दांतू निवासी समीर कुमार की मौत संदेहास्पद तरीके से हो गई। कॉलेज परिसर में ही उनके कमरे में उनकी डेड बॉडी मिली थी। परिवार वालों ने बताया कि, सोमवार को ही वो वार्डन के रूप में ज्वाइन किया था, लेकिन वह ये पद नहीं चाहता था उसने एचओडी से इस बारे में शिकायत भी की थी। तब उसे एक महीने में विभाग बदल देने का आश्वासन भी दिया गया था। वहीं जब वह सुबह की असेंबली में नहीं पहुंचा तो संस्थान के लोग उसके कमरे पर पहुंचे तो कमरा अंदर से बंद था।

**सोमवार को हुई थी परिजनों से बात**

काफी देर तक दरवाजा खटखटाया गया मगर किसी भी तरह की हलचल न पाकर दरवाजा तोड़ दिया गया तब देखा गया कि, समीर बेल्ट के सहारे कमरे में पर लटक रहा है। इसके बाद सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेते हुए संस्थान के ही एक अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया। सूचना मिलने के बाद मृतक का बड़ा भाई कोयंबटूर के लिये रवाना हो गया। परिजनों के अनुसार पुलिस ने कहा था कि परिवार के किसी सदस्य के पहुंचने पर ही पोस्टमार्टम कराकर बॉडी परिजनों को सौंप दी जाएगी। परिजनों की मानें तो सोमवार को समीर ने वीडियो कॉल के जरिए उनसे बात की थी। साथ ही बताया था कि वह वार्डन के रूप में काम नहीं करना चाहता है, जिसके लिये उसकी बातचीत एचओडी से हुई है। उसने परिवार वालों को बताया कि, अगले एक महीने में उसे दूसरा विभाग मिल जाएगा।

**परिजनों ने लगाया ये आरोप**

परिजनों ने एचओडी की भूमिका पर शक जताया है। उन्होंने कहा कि जब उसकी नियुक्ति असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में की गई थी तो उसे वार्डन के रूप में क्यों बहाल किया गया। समीर इससे पहले रांची स्थित झारखंड शिव शक्ति यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में काम कर रहा था। परिवार के लोगों ने बताया कि अगस्त में उसने नौकरी छोड़ दी थी और 13 अगस्त को कोयंबटूर के लिये निकल गया था। जहां उसने 14 अगस्त को ज्वाइन भी कर लिया था। घटना स्थल पर कई बड़े नेताओं का आना जाना लगा है। सभी मृतक के परिजनों को सांत्वना दे रहे हैं विधायकों ने कोयम्बटूर की पुलिस से बातचीत कर मामले की जांच कर खुलासा करने को कहा है।

## आरयू एमएड सत्र 2022-24 के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 13 महीने लेट, छात्र परेशान

PHOTON NEWS RANCHI: रांची विश्वविद्यालय में एमएड का सत्र लेट चल रहा है। सत्र 2022-24 के लिए नामांकन के 13 महीने बाद भी विश्वविद्यालय ने अब तक पहले सेमेस्टर की भी परीक्षा नहीं ली है। हालांकि विश्वविद्यालय पहले सेमेस्टर के लिए परीक्षा फॉर्म भरवा चुका है। विद्यार्थियों का कहना है कि रांची विश्वविद्यालय दो तरह का नियम चला रहा है। एक ओर एमए, एमकॉम और एमएससी की परीक्षा समय पर ली गयी है, तो दूसरी ओर एमएड की परीक्षा एक एक साल लेट चल रही है। रांची विश्वविद्यालय के अधीन तीन कॉलेजों में एमएड की पढ़ाई होती है। इन सभी कॉलेजों में एमएड के लिए 50-50 सीटें निर्धारित हैं। सत्र 2022-2024 में एमकॉम, एमए और एमएससी करने वाले छात्रों का पहले सेमेस्टर की परीक्षा का रिजल्ट भी दिया जा चुका है। दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा की तैयारी चल रही है। बता दें कि एमएड सत्र 2021-23 की परीक्षा भी लेट चल रही है। सत्र 2021-23 की पढ़ाई अब तक पूरी हो जानी चाहिए थी, लेकिन तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा फॉर्म भरने का डेट निकाला गया है।

**छात्र परेशान, मानसिक तनाव में**

नियम के अनुसार छह महीने का एक सेमेस्टर होता है। जुलाई से




दिसंबर और जनवरी से जून तक। लेकिन विश्वविद्यालय समय पर परीक्षा नहीं करवा सका है। परीक्षा समय पर नहीं होने से छात्रों को मानसिक तनाव से गुजरना पड़ रहा है। विश्वविद्यालय के सूत्र ने बताया कि एमएड का रजिस्ट्रेशन लेट से हुआ था, इसलिए परीक्षा समय पर नहीं ली जा सकी है। परीक्षा बहुत जल्द ली जायेगी।

**बोले छात्र, दूसरे की गलती के कारण हमें प्रेशर**

छात्रों ने कहा कि केवल हमारा सेशन ही नहीं लेट चल रहा है। बल्कि पहले के सेमेस्टर वाले छात्रों की परीक्षा भी लेट चल रही है। परीक्षा समय पर नहीं होने के कारण हम कुछ तय नहीं कर पा रहे हैं। दो- तीन महीना लेट चले तो समझ आता है, लेकिन 13 महीना लेट चल रहा है, यह समझ में नहीं आता है। लेट होने का मुख्य कारण क्या है, यह भी पता नहीं चल पा रहा है। दूसरे की गलती के कारण हमें प्रेशर हो जाता है। हमारी परीक्षा समय पर ली जानी चाहिए।

## घर से बुलाकर अपराधियों ने युवक को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

CRIME REPORTER RANCHI : रांची के गोंदा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने अमन कुमार नाम के युवक को गोली मार दी। अपराधियों ने अमन पर दो गोलियां चलाई। दोनों गोली अमन के कमर में लगी। गोली लगने के बाद अमन भाग कर एक बस के निचे छिप गया। फिर फोन कर घटना की जानकारी अपने भाई को दी। इसके बाद अमन का भाई मौके पर पहुंचा और अमन को अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी गुरुवार को दी। अमन कुमार ने विकास समेत अन्य लोगों के खिलाफ मामला



प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले विकास और अन्य आरोपी बुधवार रात अमन को मधुकम स्थित उसके घर से बुलाकर ले गए थे। जिसके बाद वे गांधीनगर पहुंचे। जहां अपराधियों ने अमन को दो गोली मार दी।

# टीएसपीसी उग्रवादियों तक सिम कार्ड पहुंचाने वाले तीन गिरफ्तार

## ठेकेदार से एरिया कमांडर विक्रम ने मांगी थी पांच लाख रुपये की रंगदारी

CRIME REPORTER RANCHI : चान्हो थाना पुलिस ने उग्रवादी संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में गोविंद कुमार यादव, गुलाम गौस और मो फराज आलम उर्फ शाहरुख खान शामिल है। इनके पास से सात अलग-अलग कंपनी के मोबाईल, दो सिम कार्ड और चार आधार कार्ड बरामद किया गया है। पुलिस का कहना है कि फराज की जिम्मेदारी है कि वह ग्रामीणों को झांसा में लेकर उनका आधार कार्ड लेता था और ग्रामीणों के नाम पर सिम कार्ड लेता है। सिम कार्ड लेने के बाद वह गोविंद और


प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते ग्रामीण एसपी हारिश बिन जमा ● फोटोन न्यूज

गुलाम से संपर्क करने के बाद तीनों विक्रम गंझु को सिम कार्ड दे देते हैं। उन्हीं सिम कार्ड से विक्रम गंझु रंगदारी की मांग करता है। पूरे मामले का रांची के ग्रामीण एसपी हारिश बिन जमा ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर खुलासा किया। एसपी ने बताया कि चान्हो थानान्तर्गत चोड़ा और बुढ़मू को जोडने वाली पुल का निर्माण कराया जा रहा है। पुल निर्माण का कार्य करा रहे कम्पनी के मालिक को छह सितम्बर को वाट्सएप्प कॉल के माध्यम से पांच लाख रूपया लेवी की मांग की गई। लेवी की मांग टीपीसी के एरिया कमांडर विक्रम गंझु ने की। पैसे नहीं देने पर गोली मारने एवं काम नहीं होने देने की धमकी भी गंझु ने दी ।

**छह सितंबर को दर्ज कराई थी प्राथमिकी**

इस संबंध में छह सितंबर को थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। साथ ही धमकी देने वाले ने कहा गया था कि मोबाईल नंबर के पीछे मत पड़ो ऐसे काफी फर्जी सीम एवं सीम लेने का तरीका हम लोगों के पास उपलब्ध है। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। अनुसंधान और तकनीकी सहयोग के क्रम में मो फराज आलम ने पांच सिम कार्ड नंबर लेकर गुलाम गौस एवं गोविन्द के जरिये टीपीसी के एरिया कमांडर विक्रम गंझू को दिया। विक्रम गंझू ने मोबाईल से धमकी देकर लेवी के लिए राशि की मांग की। पुलिस ने मामले में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया और घटना में इस्तेमाल किये गए मोबाइल और सिम कार्ड बरामद किया ।

## जन्माष्टमी : संत माइकल स्कूल में कृष्ण और सुदामा की दोस्ती पर नाट्य मंचन

PHOTON NEWS RANCHI: राजधानी स्थित संत माइकल स्कूल में जन्माष्टमी पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। राधा-कृष्ण के पोशाक में बच्चों ने मन मोह लिया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। छात्र-छात्राओं ने श्री कृष्ण और सुदामा की दोस्ती को नाट्य रूप में प्रस्तुत किया। साथ ही नृत्य के माध्यम से श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों को दशार्या।

जन्माष्टमी पर गीत एवं भाषण भी किये गये प्रस्तुत

जन्माष्टमी पर श्री कृष्ण के झूले का दृश्य झांकी के रूप में प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा गीत एवं


नाट्य मंचन कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं ● फोटोन न्यूज

भाषण भी प्रस्तुत किये गये। इस दौरान बच्चों में उत्साह और जोश देखने को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में स्कूल के प्रिंसिपल रंजीत कुमार ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बच्चे, शिक्षक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नये सहायक निदेशक के रूप में सूरज उरांव ने किया पदभार ग्रहण

RANCHI: राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) रांची में नये सहायक निदेशक के रूप में सूरज उरांव ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे कोडरमा में परिक्ष्यमान कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। सूरज उरांव ने अपनी पढ़ाई मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीआइटी मेसरा से पूरी की है। जेपीएससी की परीक्षा पास करने के पूर्व वे निजी क्षेत्र में प्रोसेस इंजीनियर के रूप में कार्यरत थे। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने कहा कि वे अपने पद पर रहते हुए राज्य के शहरी क्षेत्रों में चल रही विभिन्न योजनाओं की निगरानी एवं निरीक्षण करेंगे एवं उनका ससमय क्रियान्वयन कराने में अहम योगदान देंगे।

## रांची नगर निगम ने जागरुकता रैली निकालकर दिया क्लीन रांची-ग्रीन रांची का संदेश

PHOTON NEWS RANCHI: रांची नगर निगम ने इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काइज के अवसर पर गुरुवार को जन जागरुकता रैली निकाली। इस वर्ष का थीम टूगेदर फॉर क्लीन एयर था। रैली को रांची नगर निगम के सहायक प्रशासक ज्योति कुमार सिंह ने निगम कार्यालय से रवाना किया। रैली का उद्देश्य नीले आसमान के लिए स्वच्छ हवा का होना और उसकी आवश्यकता तथा सभी शहर वासियों को मिलकर एक साथ साफ हवा के लिए समर्पित होना सुनिश्चित करना है। यह रैली नगर निगम कार्यालय से शहीद चौक होते हुए परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक (फिरायालाल



जागरुकता रैली में शामिल रांची नगर निगम के कर्मी ● फोटोन न्यूज

चौक) तक निकाली गई। इसमें शामिल लोगों ने क्लीन रांची-ग्रीन रांची एवं क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काइज का नारा लगाते हुए पैदल मार्च किया। साथ ही शहरवासियों को संदेश दिया कि अधिक से अधिक पैदल चलें, जिससे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण दोनों साफ रहे। रैली में नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक, निगम के कर्मचारियों एवं कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### अनवर आर्केड से जुलूस निकल कर कर्बला में संपन्न, नौहा खानी, मर्सिया खानी, और मातम के साथ यामिल हुए लोग

# शांति और भाईचारे के साथ निकाला गया चेहल्लुम के जुलूस

PHOTON NEWS RANCHI: चेहल्लुम के अवसर पर राजधानी रांची में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिया समुदाय का अंजुमन जाफरिया के द्वारा मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस में नौहा खानी, मर्सिया खानी, और मातम करते हुए अजादार जुलूस में चल रहे थे। मोहर्रम के 40 दिन बाद हजरत इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की याद में चेहल्लुम का मातमी जुलूस दुनिया भर में निकाला जाता है। दिन के 11:00 बजे अनवर आर्केड से जुलूस निकाला गया। जो मैन रोड अंजुमन प्लाजा, उर्दू लाइब्रेरी, डेली मार्केट होते हुए चर्च रोड, विक्रांत चौक, कर्बला चौक, कर्बला पहुंचकर संपन्न हुआ। अनवर आर्केड में मजलिस चेहल्लुम शहीदाने कर्बला का आयोजन किया गया। जिसको


चेहल्लुम के जुलूस के दौरान पुलिस अधिकारी व अन्य ● फोटोन न्यूज


चेहल्लुम के जुलूस के दौरान जंजिरी मातम मनाते शिया समुदाय के लोग ● फोटोन न्यूज

दिल्ली से आए मौलाना सैयद गुलाम अली नकवी संबोधित करते हुए इमाम हुसैन की पैगाम पर प्रकाश डाला। मुंबई से आए मौलाना सैयद नसीर आजमी ने उर्दू लाइब्रेरी के पास जुलूस को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में कौन है जो इमाम हुसैन का जिक्र नहीं करता। पूरी दुनिया इमाम हुसैन का जिक्र करता है और करता रहेगा। वहीं विक्रांत चौक के पास जब जुलूस पहुंचा तो मौलाना सैयद बाकर रजा दानिश, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अकील उर रहमान, श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव, सर्वधर्म के अध्यक्ष मो इस्लाम, सागर कुमार, जितेंद्र कुमार, डीएसपी, शायर सोहेल सईद, सैयद नेहाल आदि ने संबोधित किया। पेश खानी एलिया गाजीपुर, फरहान जंगीपुरी पेश किया। मर्सिया खानी और सलाम अशरफ हुसैन रिजवी ने किया। जुलूस में नोहा खानी फरहान जांगीपुरी, कासिम अली, आमिर गोपालपुरी, अली राजा, ईरानी ब्रदर्स, हसनैन रांची, नोहा खानी की।जुलूस के साथ अलम और ताबूत निकाला गया। सैयद फराज अब्बास आए हुए तमाम लोगों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सैयद यावर हुसैन एडवोकेट के द्वारा रांची में सन 1946 में अनवर आर्केड से चेहल्लुम का मातमी जुलूस की शुरूआत हुई, जो आज भी जारी है। जुलूस में गुलाब जल का छिड़काव अकील उर रहमान, मो इस्लाम, अब्दुल मन्नान, अब्दुल खालिक, नेहाल अहमद, औरंगजेब खान, आफताब आलम, सोहैल सईद, गुलाम शाहिद, डॉक्टर अजीत सहाय, गुरविंदर वीर सिंह आदि ने जुलूस पर गुलाब जल का छिड़काव किया। इस मौके पर अशरफ हुसैन, कासिम अली, इकबाल हुसैन, नेहाल हुसैन,एहतेशाम अब्बास, इंतेखाव अब्बास, मुतुर्जा अनवर, अनीस हैदर, डॉक्टर मुबारक अब्बास, अली हसन फातमी, इकबाल हुसैन फातमी, अली इमाम, अली नवाब, सैयद मेंहदी इमाम, इम्तियाज हुसैन, अमीर हुसैन, तनवीर हसन, तौकीर हुसैन, यूसुफ हुसैन, अता इमाम रिजवी, गुलाम सरवर, इब्राहिम हुसैन, शमीम हुसैन, जावेद हैदर, अमूद अब्बास, वसीम हैदर, समेत सैंकड़ों लोग थे।

## बच्ची से छेड़खानी का आरोपी गया जेल

CRIME REPORTER RANCHI : अरगोड़ा थाना की पुलिस ने गुरूवार को ढाई साल की बच्ची के साथ छेड़खानी करने के आरोप में आरोपी राजू उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी टुंगरीटोला का रहने वाला है। पुलिस का कहना है कि बच्ची के घरवाले बुधवार की रात थाना पहुंचे थे। उन्होंने बच्ची के साथ दुष्कर्म होने की बात कही थी। आरोपी भी थाना आया था और उसने कहा कि अगल बगल रहने के की वजह से उनके बीच विवाद होता रहता है इस वजह से उसपर दुष्कर्म का आरोप लगाया जा रहा है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच की तो बच्ची के साथ दुष्कर्म होने की पुष्टि नहीं हुई। लेकिन आरोपी ने बच्ची के साथ छेड़खानी किया था। गलत इरादे से बच्ची को पकड़ा था। पुलिस ने हर बिंदु पर गंभीरता से जांच करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया।

BRIEF NEWS

### पलामू : कुएं और तालाब में मिले दो शव

**PALAMU :** जिले के मेदिनीनगर शहर और तरहसी थाना क्षेत्र में डूबने से एक अधेड़ और एक युवक की मौत हो गई। दोनों शवों का पोस्टमार्टम एमआरएमसीएच में गुरुवार को किया गया। मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के गुरियाही तालाब में डूबने से बिहार के रोहतास इलाके के एक युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान 35 वर्षीय पंकज कुमार के रूप में हुई है। युवक अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए गुरियाही तालाब में गया था। सूचना मिलने के बाद शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि युवक की मौत डूबने से हुई है। किसी तरह का आरोप परिजनों की ओर से नहीं लगाया गया है। मृतक के भाई के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। तरहसी थाना क्षेत्र के भालोगाड़ी के रहने वाले सुरेन्द्र साव का शव गांव के ही कुएं से गुरुवार को बरामद किया गया। सुरेन्द्र पिछले 48 घंटे से लापता था। मृतक की पत्नी चिंता देवी ने नशे की हालत में कुएं में गिरने के बाद डूबने से सुरेन्द्र की मौत होना बताया है। हालांकि, अन्य रिश्तेदारों ने सुरेन्द्र साव की हत्या कर उसके शव को कुएं में डाल देने का आरोप लगाया है। साथ ही दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। सूचना मिलने के बाद तरहसी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया।

### गिरिडीह में जेईई एडवांस की छात्रा लापता, तलाश में जुटी पुलिस

**GIRIDIH :** नगर थाना क्षेत्र के करबला रोड स्थित जय प्रकाश नगर की रहने वाली जेईई एडवांस की छात्रा 19 वर्षीय नुपुर रानी पिछले दो दिनों से लापता है। उसके परिजनों की चिंता बढ़ती ही जा रही है। छात्रा के पिता भुनेश्वर प्रसाद और चाचा यशवंत प्रसाद ने नगर थाना में आवेदन देकर बेटी के सुरक्षित बरामदगी की गुहार लगाई है। नगर थाना को दिए आवेदन में नूपुर के चाचा यशवंत प्रसाद ने कहा है कि उनकी भतीजी नूपुर पढ़ाई में काफी तेज है लेकिन जेईई एडवांस की परीक्षा पास नहीं होने के कारण वह कुछ परेशान थी। वह बुधवार की सुबह करीब 9 बजे किसी को जानकारी दिए बगैर घर से निकल गई। घर नहीं लौटने पर सभी परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद छात्रा के चाचा ने नगर थाना में आवेदन देकर उसकी सकुशल बरामदगी की गुहार लगायी। नगर थाना पुलिस ने गुरुवार को बताया कि लापता छात्रा की तलाश की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में घायल दो नाबालिग की इलाज के दौरान मौत

**SAHIBGANJ :** जिले के राजमहल- उधवा मुख्य पथ पर उधवा पुल के समीप गुरुवार को सड़क दुर्घटना में दो नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन घायलों में राजमहल थाना क्षेत्र के समसपुर खरदिग्घी निवासी चांद शेख (15 ) एवं महाजनटोला निवासी तौफीक शेख (16) को अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया था। चांद एवं तौफीक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया. दोनों दोस्त की मौत के बाद दोनों परिवार के लोगों में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

### दुमका में बस की चपेट में आने से पाकुड़ के दो युवकों की मौत

**DUMKA :** काठीकुंड थाना क्षेत्र स्थित रानीपहाड़ी गांव के पास बस की चपेट में आने से दो युवक की मौत हो गई। घटना आमगाछी कल्याणपुर पथ पर रानीपहाड़ी गांव के पास गुरुवार को हुई। बताया जाता है कि दुमका से रिया रोजी बस पैसेजर लेकर प्रखंड के फुलझिंझरी गांव तक जा रही थी। इसी क्रम में रानीपहाड़ी गांव के पास बाइक सवार दो युवक बस की चपेट में आ गये और घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, सूचना मिलते ही एसआई अमन राज दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। एसआई ने बताया कि दोनों युवक पाकुड़ जिले के सलगाड़ी के रहने वाले थे।

# चेहल्लुम पर निकला भव्य जुलूस लगे या अली, या हुसैन के नारे

**PHOTON NEWS PALAMU :** चेहल्लुम पर मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र में गुरुवार को भव्य जुलूस निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान चौक चौराहों पर गोल जमा कर शस्त्र कला का प्रदर्शन किया गया। जुलूस का नेतृत्व मोहर्रम इंतेजामिया कमिटी के जेनरल खलीफा शहरयार अली कर रहे थे। उनके साथ कमिटी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

जुलूस की शुरूआत पहाड़ी मुहल्ला से हुई और शहर के प्रमुख चौक चौराहा से होकर यह जुलूस गुजरा। अंत में पहाड़ी मुहल्ला पहुंचकर जुलूस का समापन हुआ।



हजारों की संख्या में जुलूस में शामिल हुए लोग। ● फोटोन न्यूज

इस दौरान प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त नजर आयी। सदर अंचलाधिकारी जेके मिश्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिंह ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। जुलूस के साथ-साथ और संबंधित रूट में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी।

जुलूस की शुरूआत पूर्वाहन में हुई। पहाड़ी मुहल्ला से जुलूस निकला। उसके बाद शाह मुहल्ला मोड़, कन्नीराम चौक, सतार सेठ चौक, विष्णु मंदिर होते हुए नामधारी मोड़, महावीर मंदिर मोड़, बताशा दुकान, कुआं होकर जगेशर पान दुकान, घड़ा पट्टी से परिधान मोड़ से होकर गुजरा। यहां बेलवाटिकर और धोबी मुहल्ला के जुलूस का मिलान कराकर पंचमुहान होते हुए छहमुहान से होकर जिला स्कूल मोड़, सेवा सदन होते हुए नदी किनारे शिवाला घाट से भीखम दास मंदिर होते हुए पटाका मोड़ होकर जयभवानी चौक से बल्ली साव मोड़ होकर वह कन्नीराम चौक से अपने अपने स्थान पर वापसी हो गई।

कमिटी के जेनरल खलीफा मो. शहरयार अली ने बताया कि पहाड़ी मुहल्ला से जुलूस निकलने के बाद शाह मुहल्ला, कन्नीराम चौक, सतार सेठ चौक, नामधारी मोड़, महावीर मंदिर मोड़, परिधान मोड़, पंचमुहान, छहमुहान, जिला स्कूल मोड़ पर गोल जमाकर खेलकूद एवं कला का प्रदर्शन किया गया।

# युवकों को गोली मारने वाले दो नाबालिग आरोपी धराये

**PHOTON NEWS KHUNTI :** खूंटी थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआ टोली मैदान के पास गत पांच सितंबर को दो युवकों सुबोध कुमार गौंझू और शिवकुमार को गोली मारकर घायल कर देने के मामले में पुलिस ने दो विधि विवादित किशोरों (नाबालिगों) को निरुद्ध किया है। उनके पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक पिस्टल, मैगजीन और गोली बरामद की है।

खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दोनों विधि विवादित किशोरों ने पुलिस के समक्ष गोलीबारी की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की है। इस मामले में वादी सुबोध कुमार गौंझू के बयान पर खूंटी थाने में छह सितंबर को मामला दर्ज किया गया है।

एसडीपीओ ने बताया कि घटना के दिन सुबोध गौंझू और शिवकुमार के साथ इन किशोरों के साथ बिरसा कॉलेज गेट के पास मारपीट हुई थी। कुछ घंटे बाद दोनों नाबालिग दोस्तों के साथ पिस्टल आदि लेकर महुआ टोली मैदान के पास गए और वहां मौजूद सुबोध कुमार गौंझू और शिवकुमार को गोली मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का इलाज रिम्स रांची में चल रहा है।

पुलिस दल में खूंटी के थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक पिंकू कुमार यादव, खूंटी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक भजनलाल महतो, रवि सोनी, चंद्रशेखर पिंगुवा, अखिलेश कुमार के अलावा खूंटी थाना के शस्त्र प्रबल के जवान शामिल थे।

# गोवंश की हत्या के बाद बरगी में तनाव

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बरगी गांव में गोवंश की हत्या के बाद गुरुवार सुबह से ही दो समुदायों के बीच तनाव व्याप्त है। एसडीपीओ सुमित प्रसाद और थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल कर रहे हैं। इलाके में कैंप कर रही पुलिस ने दोनों समुदाय के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

बताया गया कि डुमरी थाना क्षेत्र के बरगी गांव निवासी अजय जायसवाल घर के पीछे गोवंश को बांधे हुए थे। बुधवार दोपहर गोवंश ने बच्चे को जन्म दिया। कुछ देर बाद गांव का हसनेन अंसारी बछड़े को खोल कर ले गया। उसने शमसुद्दीन अंसारी और खुर्सीद अंसारी समेत अन्य कुछ लोगों के साथ मिलकर बछड़े को काट कर गांव के ही कुछ लोगों के बीच प्रतिबंधित मांस को बांट दिया। साथ ही बचे हुए मांस को एक खेत के नीचे दबा दिया।

जब इस बात की जानकारी अजय को हुई तो उसने घटना की जानकारी अन्य ग्रामीणों को दिया। इसके बाद ही दोनों समुदाय में कुछ पल के लिए तनाव बढ़ गया। इस बीच अजय ने डुमरी थाना पुलिस को भी लिखित आवेदन देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। तनाव बढ़ता देख एसडीपीओ और थाना प्रभारी गांव पहुंच कर मामले को शांत कराया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया।

# ट्रैक्टर पलटने से ड्राइवर समेत तीन की मौत

**PHOTON NEWS DUMKA :** जामा थाना क्षेत्र की ढोड़ली पंचायत के बलमडीह गांव के पास गुरुवार को खाली ट्रैक्टर के असंतुलित होकर पलट जाने से ड्राइवर समेत तीन मजदूरों की दब कर मौत हो गई। जामा थाने की पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रैक्टर को हटाया और नीचे दबे तीनों के शवों को बाहर निकाला।

मृतक मजदूरों की पहचान जामा थाना क्षेत्र के नयाडीह गांव के विनोद बास्की, मैनेजर बास्की और उसके साले संजय सोरेन के रूप में हुई है। तीनों की उम्र 20 वर्ष के आसपास बतायी गई है। संजय सोरेन पालोजोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत भुरकुंडी गांव का रहने वाला था। वह बहनोई मैनेजर बास्की के नयाडीह गांव स्थित घर पर रहकर मजदूरी करता था। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर जरमुंडी थाना क्षेत्र के रायपार गांव के निवासी यादव का है। थाना प्रभारी उत्तम कुमार पासवान ने बताया कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम कराने के लिए सुरक्षित रखा गया है। साथ ही ट्रैक्टर को भी जब्त कर लिया गया है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

# चैंबर चुनाव के उम्मीदवारों ने तोरपा में किया चुनाव प्रचार

**PHOTON NEWS KHUNTI :** खूंटी चैंबर ऑफ कॉमर्स के 10 सितंबर को होने वाले चुनाव के मद्देनजर प्रत्याशियों ने गुरुवार को तोरपा में प्रचार अभियान चलाया और व्यवसायियों से मतदान करने की अपील की। चुनाव प्रचार में शामिल उम्मीदवार जितेंद्र कश्यप, परमानंद कश्यप, अनूप कुमार साहू, प्रियांक भगत, मुकेश जायसवाल, दिलीप प्रसाद शाह, शशांक राज ने कहा कि उनके एकमात्र लक्ष्य खूंटी जिले के व्यापारियों के हितों की रक्षा करना है और उन्हें हर तरह के शोषण से बचाना है।



चुनाव प्रचार करते चैंबर के उम्मीदवार व अन्य। ● फोटोन न्यूज

उल्लेखनीय है कि 10 सितंबर को खूंटी चैंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव होगा। चुनाव में जिले के 12 सौ व्यावसायिक मतदाता चुनाव मैदान में उतरे 30 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इस मौके पर जय भाला, राजेश्वर गुप्ता, विनोद जयसवाल, प्रदीप ठाकुर, रामा साहू, महादेव साहू, नंदलाल साहू, संजीव विजयवर्गीय सहित कई समर्थकों ने तोरपा के मतदाताओं से मुलाकात कर मतदान करने की अपील की।

### लोहरदगा सदर अस्पताल से निकाली गई टुगेदर फॉर क्लीन रैली

**LOHARDAGA :** इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काइज के मौके पर गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ राजमोहन की अध्यक्षता में टुगेदर फॉर क्लीन रैली का आयोजन सदर अस्पताल से पावरगंज चौक तक किया गया। रैली के उपरांत सिविल सर्जन कार्यालय स्थित सभागार में कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इसमें बताया गया कि वायु प्रदूषण के असुरक्षित स्तर के संपर्क में आने वाले गर्भवती माताओं एवं बच्चों को जीवन भर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव जैसे दिल की बीमारी, फेफड़े का कैंसर, दमा, स्ट्रोक, आंखों और गले में जलन इत्यादि के बारे में बताया गया।

# खूंटी के मोबाइल दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**PHOTON NEWS KHUNTI :** जिले के मुरहू चौक स्थित एक मोबाइल दुकान में बुधवार की रात लगभग पौने तीन बजे भीषण आग लग गई। लाखों रुपये के सामान जलकर राख हो गए। मोबाइल दुकान धनंजय प्रसाद की थी। जानकारी के अनुसार मुरहू थाना के पुलिस सब इंस्पेक्टर दिगंबर पांडेय रात्रि गश्ती कर रहे थे।

उन्होंने मोबाइल दुकान में आग की लपटें देखकर इसकी सूचना दुकान के मालिक धनंजय प्रसाद और मुरहू प्रखंड के उप प्रमुख अरूण कुमार साबू को दी। मामले की जानकारी मिलते ही उप प्रमुख ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग और खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार को दी। दकमल की गाड़ी तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी दुकान जलकर राख हो चुकी थी। दमकल के प्रयास से आग पर जल्द काबू पा लेने के कारण आसपास की कई दुकानें जलने से बच गई। इसके लिए दुकानदारों ने उप प्रमुख के प्रति आभार व्यक्त किया।



दुकान में लगी आग। ● फोटोन न्यूज

# बदमाशों ने क्रेन व्यवसायी पर की फायरिंग, बाल-बाल बचे

**PHOTON NEWS BOKARO :** नया मोड़ के समीप स्थित गेमन कॉलोनी के पास बुधवार देर रात को दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने क्रेन व्यवसायी पंकज राय पर फायरिंग की। घटना में व्यवसायी सुरक्षित है लेकिन दहशत में है। घटना की सूचना मिलते ही सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया।

व्यवसायी ने पुलिस को बताया कि वह नयामोड़ स्थित राजनंदनी होटल से ऑपरेटर और मजदूर के लिए खाना लेकर कार से गेमन कॉलोनी जा रहा था। इस बीच घात लगाए अपराधियों ने जान मारने की नीयत से गोली चलाई। अपराधियों में चंद्रपुरा का रहने वाला अंशु उर्फ आशुतोष राय शामिल था। उसके इशारे पर घटना को अंजाम दिया गया है। उसने बताया कि कुछ दिन पहले अंशु के पोकलेन का काम किया था, जिसका पेमेंट बकाया था। पंकज ने आरोप लगाया कि पेमेंट को लेकर अंशु से लगातार धमकी मिल रही थी। व्यवसायी ने कहा कि सेक्टर- 12 थाने में शिकायत की थी। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।



फायरिंग के बाद जांच करती पुलिस। ● फोटोन न्यूज

# वृद्ध किसान की गोली मारकर हत्या, ग्रामीणों में आक्रोश, अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग

**PHOTON NEWS KHUNTI :** खूंटी थाना क्षेत्र के सारिदकेल गांव में बुधवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने नारायण सिंह मुंडा की गोली मारकर और धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी।

जानकारी के अनुसार नारायण सिंह मुंडा बुधवार की रात अपने आवास में सोए हुए था। देर रात चार अपराधियों ने खुद को नारायण सिंह मुंडा का मेहमान बताते हुए दरवाजा खुलवाया। जैसे ही नारायण ने दरवाजा खोला, अपराधियों ने उसे दो गोली मार दी, इससे वह गिर गया। बाद में अपराधियों ने धारदार हथियार से काटकर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर नारायण सिंह मुंडा के स्वजन जब बाहर निकले, तब तक अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो चुके थे।



वृद्ध किसान की हत्या के बाद आक्रोशित ग्रामीण। ● फोटोन न्यूज

बताया गया कि घटना के बाद स्वजन नारायण सिंह मुंडा को सदर अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। वृद्ध किसान नारायण सिंह मुंडा की हत्या की पुष्टि खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने की है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक अनुसंधान में पता चला है कि देर रात कुछ लोग नारायण सिंह मुंडा के घर पहुंचे थे और उन्हें गोली मार दी। गुरुवार को मामले की जानकारी पुलिस को मिली तो खूंटी के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर पिंकू यादव सारिदकेल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। एसडीपीओ ने कहा कि मामला आपसी विवाद का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

**ग्रामीणों ने दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम :** वृद्ध किसान नारायण सिंह मुंडा की हत्या से उत्तेजित ग्रामीणों ने पुलिस को चेतावनी दी है कि 24 घंटे के अंदर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर ग्रामसभा के लोग खूंटी-तामड़ रोड को जामकर देंगे। सारिदकेल गांव के लोग गुरुवार को सुबह खूंटी थाना पहुंचे और अपराधियों को अविलंग गिरफ्तार करने की मांग की।

## हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

# देर रात तक मंदिरों में होती रही पूजा-अर्चना

**PHOTON NEWS KHUNTI :** चौंसठ कलाओं से परिपूर्ण भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण का महापर्व कृष्ण जन्माष्टमी बुधवार देर रात तक शहर और आसपास के क्षेत्रों में भक्तिपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनायी गई। इस अवसर पर पूरे दिन शहर के कर्रा रोड स्थित रणछोड़ जी ठाकुर जी महाराज मंदिर (ठाकुरबाड़ी) और पिपराटोली के श्रीराम मंदिर के अलावा बाबा आम्रेश्वर धाम परिसर स्थित राधाकृष्ण मंदिर सहित अन्य मंदिरों और देवालयों में पूजा-अर्चना की धूम रही। इस अवसर पर ठाकुरबाड़ी सहित अन्य मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।



पूजा के बाद कृष्ण-राधा के रूप में मेंदिर में नृत्य करते नन्हे बच्चे। ● फोटोन न्यूज

सुबह से ही इन मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। ठाकुरबारी मंदिर में भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया। मुख्य समारोह रात 12 बजे हुआ, जब भगवान लड्डू बाल गोपाल का जन्म हुआ। भगवान का अवतरण होते ही मंदिर में उपस्थित भक्त उल्लास से झूमने लगे। तत्पश्चात उनकी विधिवत पूजा-अर्चना की गई और महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का दौर काफी देर चलता रहा। जिला मुख्यालय के अलावा तोरपा, कर्रा, रनिया, अड़की, मुरहू प्रखंड मुख्यालय के साथ ही गांवों में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी श्रद्धा और विश्वास के साथ मनायी गई।

भाद्रपद महीने में इस बार दो दिन अष्टमी होने के कारण वैष्णवों संतों के साथ ही गृहस्थों द्वारा भी गुरुवार को भी जन्माष्टमी मनाई जा रही है। उदय तिथि के अनुसार अष्टमी मानने वाले गुरुवार को श्रीकृष्ण जमोत्सव मना रहे हैं।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवासर पर तोरपा थाना गेट के सामने स्थित बजरंगबली मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पूरे भक्तिभाव से मनाया गया। देर रात तक भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा। संगीतमय भजन-कीर्तन और श्रीकृष्ण के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भन-कीर्तन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। अधी रात को बाल गोपाल के जन्म के साथ ही पूरा वातावरण श्रीकृष्ण के जयकारे से गुंजायमान हो उठा।

# गुमला में सुखाड़ की स्थिति, किसानों को नुकसान की भरपाई करें : उपायुक्त

**PHOTON NEWS GUMLA :** जिले में सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में झारखंड राज्य फसल राहत योजना एवं जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में स्थिति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने वैकल्पिक खेती पर बल दिया। बरसात की कमी से हुए किसानों को नुकसान की भरपाई के लिए राज्य सरकार की फसल राहत योजना में किसानों के पंजीकरण में तेजी लाने का निर्देश दिया।

**अधिक से अधिक किसानों को केसीसी से जोड़ें:** बैठक में जिले में सुखाड़ की स्थिति आने से पूर्व किसानों को किस प्रकार से सहायता की जाए, जिससे उनका कम से कम नुकसान हो, इससे संबंधित केंद्रित बिंदुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने वैकल्पिक खेती से जुड़ी सर्वे रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। अधिक से अधिक किसानों को केसीसी से जोड़ने की भी बात कही। कम वर्षा होने वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए वहां के किसानों को मनरेगा से जोड़ते हुए उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने माइग्रेटेड किसानों की भी सूची तैयार करने को कहा, ताकि श्रम विभाग द्वारा दिए जाने वाली योजनाओं से किसानों को जोड़ा जा सके। उपायुक्त द्वारा अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपविकास आयुक्त, एसडीओ सदर, अपर समाहर्ता, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# CM आज गुवा गोलीकांड के शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि कई योजनाओं का करेंगे शिलान्यास व उद्‌घाटन



कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा का जायजा लेते कमिश्नर, डीआईजी व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी 8 सितंबर को गुवा शहीद स्थल पहुंचेगे। यहां शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद अपराह्न 1:00 बजे गुवा फुटबॉल मैदान में शहीदों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा-सह-परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण करेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई।

गुरूवार को प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय लिंडा तथा उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कार्यक्रम स्थल पर तैयारी का जायजा लिया। इसके अलावा उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारी के द्वारा हेलीपैड, पार्किंग स्थल, आवागमन व्यवस्था के अलावा सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों का ब्रीफिंग भी किया गया। इस दौरान बताया गया कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आने वाले आम जनों के लिए शहर के दोनों छोर पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस कार्यक्रम में सूबे के मुख्यमंत्री के कर कमलों से 95 योजनाओं का शिलान्यास एवं 31 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे।

## 300 वाहनों में 5000 कार्यकर्ता गुवा शहीद दिवस में होंगे शामिल : निरल पूर्ति

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** मझगांव विधानसभा से 5000 कार्यकर्ता गुवा शहीद दिवस में शामिल होने के लिए छोटे-बड़े 300 वाहनों से जाएंगे। यह बातें मझगांव विधानसभा के विधायक निरल पूर्ति ने कही। विधायक ने कहा कि गुवा शहीद दिवस कोल्हान की एक ऐतिहासिक घटना है। इनको हम कभी नहीं भूल सकते। सबसे पहले गुवा के शहीदों को शत-शत नमन करते हैं।

झारखंड अलग राज्य की मांग, आदिवासियों के हक, खदान से निकलने वाले लाल पानी के विरुद्ध आवाज उठाने को लेकर वीर शहीदों ने अपनी कुबार्नी दी है। उसी कुबार्नी को याद करते हुए प्रत्येक वर्ष 8 सितंबर को नोवामुंडी प्रखंड के गुवा में सभी एकत्रित होते हैं। वहां शहीद बेदी पर माल्यार्पण कर शहीदों को नमन करते हैं। इस वर्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, परिवहन मंत्री चंपई सोरेन, महिला एवं बाल विकास मंत्री जोबा मांझी समेत दर्जनों छोटे-बड़े राजनेता शहीदों को नमन करने के लिए पहुंच रहे हैं। उसको लेकर पिछले एक माह से झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति तैयारी में लगी हुई है। मझगांव विधानसभा से चारों प्रखंड के प्रत्येक पंचायत से झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता अपने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए गुवा शहीद स्थल पहुंचेंगे।

## यूजी ओल्ड कोर्स तीसरे व पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा की तिथि घोषित



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** कोल्हन विश्वविद्यालय ने स्नातक थर्ड सेमेस्टर ओल्ड कोर्स के परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। जारी कार्यक्रम के तहत परीक्षा 11 अक्टूबर से शुरू होगी और 30 नवंबर तक संचालित होगी। परीक्षा के समय की बात करें तो यह सुबह 9:00 से शुरू होगा दोपहर 12:00 तक चलेगी। केयू की ओर से बताया गया कि अभी परीक्षा केंद्र का निर्धारण नहीं किया गया है लेकिन जल्द ही केंद्र निर्धारण कर उसकी सूची भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। परीक्षा शुरू होने से 10 दिन पहले परीक्षार्थियों का एडमिट कार्ड कोल्हन विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर जारी होगा। इसी प्रकार विश्वविद्यालय ने स्नातक 5 में सेमेस्टर ओल्ड कोर्स के परीक्षा की तिथि भी निर्धारित कर दी है। यह परीक्षा 6 अक्टूबर से शुरू होगी और 17 अक्टूबर तक चलेगी जारी नोटिफिकेशन के तहत परीक्षा दूसरी पाली में दोपहर 2:00 बजे से शुरू होकर शाम 5:00 बजे तक चलेगी इसके लिए रिपोर्टिंग टाइम दोपहर 1:30 मिनट है।

**एमडीएस फाइनल ईयर परीक्षा की तिथि घोषित:** कोल्हन विश्वविद्यालय ने एमडीएस फाइनल ईयर के परीक्षा की तिथि भी घोषित कर दिया है। इससे संबंधित नोटिफिकेशन गुरुवार को जारी किया गया है। इसके तहत परीक्षा 16 सितंबर से शुरू होगी और 22 सितंबर तक संचालित होगी। ग्रेजुएट कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है अगर परीक्षा शुरू होने के समय की बात करें तो यह सुबह 10:00 बजे से शुरू होकर दोपहर 1:00 तक चलेगी।

## महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में फेल रही केंद्र सरकार : गीता

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार भारत जोड़ो यात्रा के पहले वर्षगांठ पर गुरुवार को प. सिंहभूम जिला मुख्यालय कांग्रेस भवन चाईबासा से शहीद पार्क रुंगटा चौक, कोर्ट परिसर होते हुए घंटाघर से पोस्ट ऑफिस चौक होते हुए वापस कांग्रेस भवन में भारत जोड़ो पदयात्रा का आयोजित किया गया।



भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सड़क पर उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

इसके पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास की अध्यक्षता में आयोजित भारत जोड़ो यात्रा के पहले वर्षगांठ पर गुरुवार को कांग्रेस भवन चाईबासा में भारत यात्री का अभिनंदन समारोह में शांल ओढ़ कर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में संबोधित करते हुए सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि वर्तमान केंद्र में काबिज भाजपा सरकार नित्य नए हथकंडे अपना कर मूलभूत जनहित के समस्या को अनसुना कर रही है, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर विराम लगाने में पूरी तरह से विफल रही है, नफरत का राजनीति किया जा रहा है और आम लोगों के प्रश्न को दरकिनार किया जा रहा है, सदन में भी रोका जा रहा है, ईडी और सीबीआई के माध्यम से विपक्ष को प्रताड़ित किया जा रहा है।

इस अवसर पर विधायक सोनाराम सिंकु मैं कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी पदयात्रा के माध्यम से लोगों को जोड़ने का काम जो एक वर्ष पूर्व शुरू किया था उसे हम लोग निरंतर जारी रखेंगे, और जनहित की बात उठाते रहेंगे हम किसी से डरने वाले नहीं हैं। आज के कार्यक्रम में भारत यात्री लक्ष्मण हांसदा , आनंद सिंकु, दीनबंधु बोयपाई को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

संचालन कांग्रेस जिला महासचिव राज कुमार रजक ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला बीस सूत्री सदस्य त्रिशानु राय ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास के द्वारा की गई। इस अवसर पर, देवेन्द्र नाथ चंपिया, नितिमा बारी, प्रितम बांकिरा, अम्बर राय चौधरी, अशरफुल होदा, शैलेश पांडे, मायाधर बेहरा, नौसाद आलम, जितेन्द्र नाथ ओझा, नूतन बिरुवा , सौरभ अग्रवाल, कैरा बिरुवा, हसलुद्दीन खान, प्रदीप विश्वकर्मा, कुतुबुद्दीन खान, जगदीश सुंडी, घनश्याम गागराई, इत्यादि हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे जिन्होंने पदयात्रा में भी भाग लिया।

## टाटा स्टील एशियन जूनियर ओपन और गर्ल्स चेस चैंपियनशिप 2023 का आगाज



चैंपियनशिप में भाग लेने वाले प्रतिभागी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाले टाटा स्टील एशियन जूनियर ओपन और गर्ल्स चेस चैंपियनशिप 2023 का आगाज गुरुवार को हुआ। बिष्टुपुर के बेलडीह क्लब में आयोजित इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चेस आइकन विश्वनाथन आनंद मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से की गई। इसके बाद छऊ नृत्य का प्रदर्शन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि विश्वनाथन आनंद और टाटा स्टील कॉरपोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

मौके पर मीडिया से विश्वनाथन आनंद ने चेस खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंद के बारे में कहा कि उन्हें गर्व है कि उनके शिष्य ने उनके रिकॉर्ड को तोड़ा है। इससे गर्व की बात और क्या हो सकती है। प्रज्ञानानंद ने देश का नाम ऊंचा किया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बच्चे आजकल मोबाइल एडिक्ट हो गए हैं। हालांकि मोबाइल में भी चेस खेला जा सकता है पर जो फिजिकल फिटनेस बोर्ड में चेस खेलने से आता है वह फिटनेस मोबाइल पर खेलने से नही आता।

**15 सितंबर तक चैंपियनशिप का होगा आयोजन:** इस चैंपियनशिप का आयोजन 7 से 15 सितंबर के बीच जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जाएगा। इसमें कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, रूस, इंडोनेशिया और नेपाल सहित लगभग नौ देशों के कुल 123 शतरंज खिलाड़ी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं।

## चाकुलिया में अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक आरोपी गिरफ्तार



छापेमारी के दौरान पकड़ी गयी शराब। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** चाकुलिया के जोडिसा ग्राम में अवैध शराब की एक फैक्ट्री का गुरुवार को भंडाफोड़ हुआ। जिसमें एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक आरोपी फरार है। गिरफ्तार आरोपी का नाम सनातन नायक है जो जोडिसा गांव का रहने वाला है। वहीं फरार आरोपी का नाम मो. वसीम है मुस्लिम बस्ती चाकुलिया का रहने वाला है। इससे पहले सहायक आयुक्त उत्पाद, पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के आदेश पर गुप्त सूचना के आधार पर चाकूलिया थाना ने जोडिसा ग्राम में छापा मारा, इस दौरान एक मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। छापेमारी के दौरान खाली बोतल, ढक्कन, स्टीकर, पैकिंग मशीन, कैरामेल, बना हुआ शराब, ड्राम में स्प्रीट आदि बरामद हुआ। छापेमारी के दौरान कुल तीन सौ शराब, दो सौ लीटर स्प्रीट, पांच हजार ढक्कन, तीन सौ स्टीकर पत्ता आदि बरामद किया गया।

## सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता मजदूरों को नहीं दिया जा रहा न्यूनतम मजदूरी

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** झारखंड जेनरल कामगार यूनियन के जिला अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य मानसिंह तिरिया ने गुरूवार को ग्रामीणों की शिकायत पर नोवामुंडी प्रखंड के दुधविला एवं कोटगढ़ पंचायत में डीएमएफटी फंड से बन रहे दो किलोमीटर पक्की सड़क निर्माण स्थल का निरीक्षण किया।



विरोध-प्रदर्शन करते मजदूर। ● फोटोन न्यूज

मजदूर नेता ने कहा कि डीएमएफटी फंड से निमार्णाधीन पक्की सड़क निर्माण कार्य कर रहे मजदूरों को ठेकेदारों द्वारा उन्हें मिलने वाली सरकारी न्यूनतम मजदूरी के बजाय मात्र 300 रुपए दैनिक मजदूरी का ही भुगतान किया जा रहा है। साथ ही सड़क निर्माण के दौरान वाइब्रेटर का इस्तेमाल नही किए जाने और ढलाई के बाद नियमित रूप से पानी का छिड़काव नही किए जाने के कारण सड़क की फिनिशिंग ठीक तरह से नही हो पाया है। साथ ही निर्माण स्थल पर किसी तरह का सूचना पट्ट नही लगाया गया है। पथ निर्माण किस मद एवं कितनी लागत राशि से निर्माण करवाया जा रहा है। सिर्फ शिलान्यास पट्ट लगा कर छोड़ दिया गया है।

मानसिंह तिरिया ने उपायुक्त से दुधविला एवं कोटगढ़ पंचायत में चल रहे सड़क निर्माण में कार्यरत मजदूरों को झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी 346 रुपया दिलाने, पथ निर्माण के दौरान सभी मानदंडों का अनुपालन कराने की मांग की है। मानसिंह तिरिया ने कहा कि डीएमएफटी फंड एवं अन्य विभाग से बना रहे सभी योजनाओं के संवेदक विधायक सांसद का ही आदमी है। इन्हीं लोगों से मजदूरों का मजदूरी और गुणवत्ता में लूट मचाया जा रहा है। इसके साथ-साथ जिला स्तर के पदाधिकारी एवं इंजीनियर तमाम लोग डीएमएफटी फंड में लूट मचा रखा है।

**BISTUPUR में भागवत कथा के पांचवे दिन गोवर्धन पूजा के साथ सजा छप्पनभोग**

## भगवान के माखन चोरी में भी मिलता है प्रेम व भाईचारे का संदेश : हिमांशु महाराज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में चल रहे भागवत कथा के पांचवें दिन गुरूवार को कथा वाचक हिमांशु महाराज ने ठाकुर जी कि मनमोहक झांकी की प्रस्तुति के बीच श्रीबाल कृष्ण लाल की अनेकों बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि व्रज में तीन उत्सव क्रमशः जन्मोंउत्सव, नंदोत्सव, गोकुल उत्सव मनाये जाते है। इस अवसर पर भगवान गोवर्धन महाराज की झांकी का दर्शन कराया गया। साथ ही भगवान गिरिराज जी महाराज के समक्ष सुंदर छप्पन भोग के दर्शन कराये गये।



भागवत कथा कहते हिमांशु महाराज।



कथा सुनने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● फोटोन न्यूज

उन्होंने गोवर्धन पूजा की दिव्य कथा विस्तार पूर्वक सुनाई। जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्त भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने कहा कि गोपियों के बुलाने पर कृष्ण अपने सखाओं के साथ माखन चुराने के लिए गोपियों के यहां जाते थे। भगवान ने माखन चोरी लीलाओं को कर के गोपियों के साक्षात्कार प्रेम को जागृत किया। भगवान ने कलिया नाग को उद्धार किया। मथुरा से आये कथा वाचक ने आगे गोवर्धन पूजा एवं इन्द्र के मान मर्दन की दिव्य कथा विस्तार से सुनाई। कहा कि भगवान ने इन्द्र की पूजा बंद करवाकर को श्री गोवर्धन की पूजा ब्रज वासियों से प्रारभं करवायी। जिसे इन्द्र ने अपना अपमान समझकर क्रोधित हुए।

इन्द्र ने सात दिन और सात रात वृज के उपर घनघोर वर्षा की। वृजवासियों की रक्षा के लिए हेतु भगवान ने जय श्रीराधे कह कर अपनी छोटी उँगली पर श्री गोवर्धन पर्वत धारण कर लिया और सभी वृजवासियों की रक्षा की। अंत में भगवान ने इन्द्र के अहंकार को नष्ठ किया। श्री गोवर्धन महाराज को वहीं पर स्थापित कर दिया।

पांचवें दिन यजमान के रूप में संत कुमार विजय कुमार अगीवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, कुंज बिहारी नागेलिया, राजेश नागेलिया, उमेश महेश संघी मौजूद थे। गुरूवार को संत कुमार विजय कुमार अगीवाल की तरफ से प्रसाद का आयोजन किया गया था। छठवें दिन शुक्रवार को कथा वाचक द्धारा रूकमणी मंगल और सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से उमेश साह, संतोष संघी, सुरेश अगीवाल, सुभाष मूनका, सत्यनारायण नरेड़ी, अशोक नरेड़ी, नारायण भाउका समेत काफी संख्या में भक्तगण शामिल थे।

## आचार्य राष्ट्रभक्त बनें और देश व समाज के लिए कार्य करें : अजय

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में ए-बी श्रेणी के प्रांतीय प्रधानाचार्यों की दो दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम एवं प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने विधिवत भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया। मंचासीन अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कराया।

वहीं इस बैठक का विषय प्रवेश प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने कराते हुए कहा कि अपना विद्यालय अन्य विद्यालयों से श्रेष्ठ कैसे बने, इसके लिए चिंतन-मनन करने की आवश्यकता है। हम आचार्य राष्ट्रभक्त बनें और राष्ट्रभक्त बनकर देश और समाज का कार्य करें। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के ध्येय मार्ग पर चलें। आचार्य को अपने लक्ष्य के अनुरूप निरंतर कार्य करते रहना चाहिए। हम बहुत भाग्यशाली हैं कि ईश्वर ने हमें सामाजिक कार्य करने का अवसर प्रदान किया है।




दीप जलाकर बैठक का शुभारंभ करते संगठन मंत्री व सचिव। ● फोटोन न्यूज

वहीं क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्याली राम ने इस उद्घाटन सत्र में शिशु मंदिर योजना को और अधिक कैसे प्रभावी और श्रेष्ठ बनाया जाए, इस पर उन्होंने विस्तार से प्रकाश डाला। विद्या भारती में टोली का निर्माण, भावी समय में प्रधानाचार्यों का चयन, पूर्णकालिकों की संख्या बढ़ाना, भविष्य के प्रवासी कार्यकर्ता का चयन आदि अन्यान्य विषयों पर वार्ता की गई। इस कार्यक्रम का संचालन अखिलेश कुमार सिंह क्षेत्रीय प्रचार-प्रसार प्रमुख ने किया। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष रामध्यान मिश्र, सचिव तुलसी प्रसाद ठाकुर, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता, सदस्य अनंत लाल विश्वकर्मा, पूर्णकालिक नीरज, राजेश,ओंकार समेत कुल 103 प्रधानाचार्य उपस्थिति थे। शांति मंत्र के उपरांत उद्घाटन सत्र का समापन हुआ।

BRIEF NEWS

### 13 से शुरू होगा झारखंड ट्रांस क्वीन का ऑडिशन

**JAMSHEDPUR :** उत्थान संस्था माध्यम की ओर से पीजेएचआर एनजीओ, फ्राइडे फिल्म क्रिएशन और 92. बिग एफएम के संयुक्त सहयोग से पहली बार झारखंड में ट्रांस क्वीन का ऑडिशन शुरू होने जा रहा है। ऑडिशन में झारखंड के सभी जिलों के इच्छुक ट्रांसजेंडर भाग लेंगे। यह ऑडिशन अगामी 13 सितंबर रविवार को कदमा स्थित ग्रीन इनक्लेव क्लब हाउस में शुरू होगा। जिसमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम और सराउकेला खरसावां के ट्रांसजेंडर भाग लेंगे। इस सबंध में उत्थान संस्था के सचिव अमरजीत सिंह शेरगिल ने बताया कि ट्रांस क्वीन का दूसरा ऑडिशन रांची में 20 सितंबर को होगा। जिसमें रांची के आसपास के जिले के ट्रांसजेंडर भाग लेंगे। इस अवसर पर उत्थान संस्था के सचिव अमरजीत सिंह शेरगिल, पीजेएचआरएफ एनजीओ के चैयरमैन डॉ आरिफ भट्ट, गुरुशरण सिंह, आनंदी शेरगिल, नीरज,हेमंत प्रधान, फ्रांसिस सुंडी उपस्थित थे।

### यूजी ओल्ड कोर्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 10 अक्टूबर से होगी शुरू

**JAMSHEDPUR :** कोल्हान विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रथम सेमेस्टर ओल्ड कोर्स में दाखिला लेने वाले छात्रों के परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। यह परीक्षा 10 अक्टूबर से शुरू होकर 1 दिसंबर तक संचालित होगी। विवि की ओर से जारी अधिसूचना के तहत परीक्षा सुबह 9 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक संचालित होगी। इसके लिए रिपोर्टिंग टाईमिंग 8.30 बजे है। इससे संबंधित एडमिट कार्ड इस महीने के अंतिम सप्ताह में विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। हालांकि विवि ने अभी परीक्षा केंद्र के नाम की घोषणा नहीं की है। लेकिन जल्द ही इसकी सूची भी जारी कर दी जाएगी।

### सरकार डेंगू को लेकर नहीं है गंभीर : सरयू राय

**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने गुरुवार को जमशेदपुर में डेंगू महामारी पर एमजीएम अस्पताल के वरीय चिकित्सकों के साथ विस्तार से चर्चा की। इसके बाद विधायक ने कहा कि डेंगू महामारी के फैलाव और इस संबंध में जनता के बीच फैल रही दहशत के बारे में एक स्पष्ट वक्तव्य सार्वजनिक रूप से देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा इस बारे में सफाई नहीं देने से जनता में दहशत में है। साथ ही अस्पतालों पर अनावश्यक दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि वे विगत तीन दिनों से एमजीएम और टीएमएच जा रहे हैं और देख रहे हैं कि वहाँ के सभी वार्ड डेंगू के मरीजों से भरे पड़े हैं।उन्होंने कहा कि एमजीएम अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में मरीजों के लिए जगह नहीं है। मरीज को कुर्सियों पर और फर्श पर बैठकर इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में लोगों की नाराजगी चिकित्सकों को झेलनी पड़ रही है। इस सबंध में उन्होंने कहा कि वे एमजीएम, टीएमएच और सदर अस्पताल के सिविल सर्जन तथा जेएनएसी के पूर्व विशेष पदाधिकारी से भी बात किया लेकिन कि डेंगू की चिकित्सा और रोकथाम के बारे में सभी फेंकाफेंकी कर रहे है।

# विशेष सत्र की चिंता

देश में जब राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है, तब जनसभाओं, बैठकों और विशेष विमर्शों के विषय व मौके भी स्वाभाविक ही बढ़ गए हैं। जब केंद्र सरकार ने संसद के आगामी विशेष सत्र का एजेंडा स्पष्ट नहीं किया है, तब विपक्षी दलों की बेचैनी व सक्रियता को सहज ही समझा जा सकता है। यह सियासी बेचैनी या संशय का ही परिणाम है कि कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विशेष संसद सत्र के दौरान नौ मुद्दों पर चर्चा के लिए पत्र लिखा है। विशेष सत्र के दौरान किन मुद्दों को उठाने की सलाह सरकार को देनी है, इस पर चर्चा मंगलवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं के बीच भी हुई थी। चर्चा के कुछ मुद्दे मंगलवार को ही उजागर हो गए थे और अब आधिकारिक रूप से प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर विपक्ष ने अपनी ओर से दबाव बढ़ा दिया है। चुनाव जब करीब हों, तब ऐसी राजनीति स्वाभाविक है। इसमें भी कोई दोराय नहीं है कि लोगों का ध्यान खींचने के लिए भी ऐसी राजनीति होती है और लोग हर क्रिया के बाद प्रतिक्रिया का इंतजार करते हैं। जाहिर है, विपक्ष ने विशेष सत्र में चर्चा के विषय सुझाकर गेंद अब सत्ता पक्ष के पाले में डाल दिया है। अब कांग्रेस या विपक्ष ने जिन मुद्दों पर जोर दिया है, उन्हें देखना और समझना जरूरी है। विपक्ष ने महंगाई, बेरोजगारी, मौजूदा आर्थिक स्थिति, अडाणी समूह पर हालिया खुलासे पर भी चर्चा की मांग की है। देश के संघीय ढांचे पर कथित हमले, कई राज्यों में हाल ही में आई बाढ़, प्राकृतिक आपदाओं, भारत-चीन सीमा पर स्थिति, देश के विभिन्न हिस्सों में सांप्रदायिक तनाव की घटनाओं के साथ ही मणिपुर की मौजूदा स्थिति पर भी चर्चा की मांग हुई है। जाहिर है, अपने पत्र में सोनिया गांधी ने सत्र के लिए सरकार के एजेंडे में पारदर्शिता की कमी की ओर इशारा किया है। विशेष सत्र की घोषणा 31 अगस्त केंद्र सरकार ने की थी, पर अभी तक इस सत्र का एजेंडा स्पष्ट नहीं किया गया है। विपक्ष इस बात से भी नाखुश है कि विशेष सत्र बिना उससे परामर्श के बुलाया गया है। विपक्ष का यह भी आरोप है कि देश में संसद का विशेष सत्र बुलाते हुए पहली बार एजेंडा स्पष्ट नहीं किया गया है। 18 से 22 सितंबर के बीच यह सत्र होगा, जिसमें सरकार की ओर से यही संकेत है कि सामान्य कामकाज होगा। खैर, यह बात कोई भी समझ सकता है कि विशेष सत्र किसी विशेष मकसद से ही होने वाला है। खैर, सत्ता पक्ष अपना एजेंडा बाद में स्पष्ट करेगा, लेकिन विपक्ष ने अपना एजेंडा साफ बता दिया। कुछ संभावनाएं बिल्कुल स्पष्ट हैं कि अगर विपक्ष के मनमुताबिक विषय न हुए या विपक्ष के हिसाब से विषय नहीं उठाए गए, तो संसद के विशेष सत्र में हंगामा या बहिष्कार तय है। विपक्ष को बिना विश्वास में लिए सत्ता पक्ष सदन में अपने लिए परेशानी ही बढ़ाएगा। लोकतंत्र में परस्पर विश्वास और सहयोग से चलना ही बेहतर होता है। देशहित में अगर पक्ष और विपक्ष के बीच उच्च स्तर पर जरूरी संवाद भी नहीं हो पा रहा है, तो यह अलग से चिंता का विषय है। संसदीय गरिमा बनी रहनी चाहिए।

# रैगिंग का रोग

यह अच्छा हुआ कि आइआइटी मंडी में रैगिंग करने वाले 10 छात्रों को निलंबित किया गया और 72 पर जुमार्ना लगाया गया। रैगिंग के इस मामले की न केवल गहन जांच होनी चाहिए, ताकि कोई दोषी बचने न पाए, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि भविष्य में ऐसा न हो। रैगिंग के एक मामले में इतने अधिक छात्रों के खिलाफ कार्रवाई यही बताती है कि सीनियर छात्रों का पूरा एक समूह रैगिंग में लिप्त था। यह रैगिंग नए छात्रों से मेल-मिलाप के नाम पर की गई। रैगिंग करने के आरोपी छात्रों का तर्क है कि वे तो बस हास-परिहास कर रहे थे। ऐसे बहाने नए नहीं हैं। आम तौर पर विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों में नए छात्रों को मेल-मिलाप की आड़ में ही प्रताड़ित और अपमानित किया जाता है। कई बार प्रताड़ना और अपमान के शिकार छात्र अवसाद से ग्रस्त हो जाते हैं या फिर अपना आत्मविश्वास खो देते हैं। कुछ तो पढ़ाई छोड़ने के लिए बाध्य होते हैं। यह भी एक सच्चाई है कि कभी-कभार रैगिंग के दौरान हुई प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर या फिर शर्मिंदगी के चलते छात्र आत्महत्या तक कर लेते हैं। कुछ दिनों पहले बंगाल के जादवपुर विश्वविद्यालय के छात्रावास में एक छात्र स्वप्नदीप कुंडू का शव मिला। अभी यह पता नहीं कि स्वप्नदीप की मौत कैसे हुई, लेकिन इतना तय है कि उसकी रैगिंग की जा रही थी। स्वप्नदीप के स्वजनों का कहना है कि सीनियर छात्र उसे समलैंगिक कहकर चिढ़ा रहे थे। इस मामले में कुछ छात्रों को गिरफ्तार भी किया गया है। रैगिंग के ये मामले अपवाद नहीं हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी के अनुसार रैगिंग की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। यूजीसी के आंकड़ों से पता चलता है कि 2021 में रैगिंग के 511 मामले सामने आए, जबकि 2020 में 219 मामले दर्ज किए गए थे। कोई भी समझ सकता है कि कई मामले दबे ही रहते होंगे, क्योंकि आम तौर पर नए छात्र अपने सीनियर छात्रों के खिलाफ शिकायत करने का साहस नहीं जुटा पाते। यह एक विडंबना ही है कि रैगिंग वही छात्र करते हैं, जो खुद उससे पीड़ित हो चुके होते हैं। आखिर यह कौन सी मनोवृत्ति है कि जो छात्र रैगिंग का शिकार होते हैं, वही सीनियर बनते ही नए छात्रों की रैगिंग करने लगते हैं? यह चिंताजनक है कि यूजीसी के रैगिंग विरोधी दिशानिर्देशों के बाद भी उच्च शिक्षा संस्थानों में रैगिंग थमने का नाम नहीं ले रही है।

# जी-20 में भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियां

ANALYSIS



सबार्नंद सोनोवाल

भारत के पारंपरिक स्वास्थ्य विज्ञान अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के सतत विकास लक्ष्य 3 (एसडीजी 3) पर ध्यान केंद्रित करते हुए मानवता और पर्यावरण की लगातार बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए इसे प्रदर्शित कर रहे हैं। अब यह बिल्कुल स्पष्ट है कि कोविड के बाद वैश्विक समुदाय के स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार में भारी बदलाव आया है। अब यह समग्र स्वास्थ्य और कल्याण की ओर स्थानांतरित हो गया है। न्यायसंगत तरीके से उच्च गुणवत्ता, सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना अब मानवता की जरूरत है। पिछले 9 वर्षों के दौरान आयुष मंत्रालय की विभिन्न पहलों ने विभिन्न पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में आधुनिक तकनीकी उपकरणों और आधुनिक पद्धतियों को शामिल किया है, जिसके परिणामस्वरूप समग्र रूप से साक्ष्य-आधारित आयुष क्षेत्र में जबरदस्त वृद्धि हुई है। यह याद रखना उचित होगा कि जापान के ओसाका में जी-20 शिखर सम्मेलन के तीसरे सत्र के दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में 5 ए - एक्सेसीबल (पहुंच योग्य), अफोर्डेबल (किफायती), अप्रोप्रिएट (समुचित), एकाउंटेबल (जवाबदेह) और एडेप्टेबल (अनुकूलनीय) के बारे में बताया था।

आज दुनिया भारत को किफायती और साक्ष्य-आधारित स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में पारंपरिक ज्ञान के भंडार के रूप में पहचानती है। इसका मुख्य कारण आयुर्वेद और योग में इसकी प्रभावशीलता है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता ने इस प्रभावकारिता को विश्व की अग्रणी हस्तियों और स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े विशेषज्ञों के सामने बहुत ही लक्षित तरीके से प्रदर्शित करने का सुनहरा मौका प्रदान किया। आयुष मंत्रालय ने वैश्विक समुदाय को यह बताने के लिए सभी प्रासंगिक विचार-विमर्श में सक्रिय रूप से भाग लिया। भारत के पारंपरिक स्वास्थ्य विज्ञान अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के सतत विकास लक्ष्य 3 (एसडीजी 3) पर ध्यान केंद्रित करते हुए मानवता और पर्यावरण की लगातार बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए इसे प्रदर्शित कर रहे हैं। अब यह बिल्कुल स्पष्ट है कि कोविड के बाद वैश्विक समुदाय के स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार में भारी बदलाव आया है। अब यह समग्र स्वास्थ्य और कल्याण की ओर स्थानांतरित हो गया है। न्यायसंगत तरीके से उच्च गुणवत्ता, सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना अब मानवता की जरूरत है। पिछले 9 वर्षों के दौरान आयुष मंत्रालय की विभिन्न पहलों ने विभिन्न पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में आधुनिक तकनीकी उपकरणों और आधुनिक पद्धतियों को शामिल किया है, जिसके परिणामस्वरूप समग्र रूप से साक्ष्य-आधारित आयुष क्षेत्र में जबरदस्त वृद्धि हुई है। यह याद रखना उचित होगा कि जापान के ओसाका में जी-20 शिखर सम्मेलन के तीसरे सत्र के दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में 5 ए - एक्सेसीबल (पहुंच योग्य), अफोर्डेबल (किफायती), अप्रोप्रिएट (समुचित), एकाउंटेबल (जवाबदेह) और एडेप्टेबल (अनुकूलनीय) के बारे में बताया था। आयुष मंत्रालय इन आयामों में लगातार योगदान दे रहा है और भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत व्यापक चर्चा के दौरान मंत्रालय ने विभिन्न कार्यक्रमों/सेमिनारों में प्रदर्शित किया कि उसके पास (ए) जी-20 देशों के भीतर पारंपरिक चिकित्सा के लिए अनुसंधान एवं विकास और नियामक दिशा- निदेशों का मानकीकरण को लेकर वैश्विक सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देने के लिए सभी आवश्यक साधन हैं; (बी) ज्ञान साझा करने, क्षमता निर्माण और सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों की सुविधा के लिए उद्योग जगत से हितधारकों को शामिल करना। मंत्रालय ने सहयोग और साझेदारी के संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के लिए विभिन्न जी-20 भागीदारी और कार्य समूहों के साथ मिलकर काम किया। जी-20 के तहत स्वास्थ्य कार्यसमूह की स्थापना महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों पर संवाद बढ़ाने और जी-20 देशों के दिग्गजों को सूचित करने के लिए की गई है। साथ ही, यह समूह वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए समान स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त करने की दिशा में काम करता है। आयुष मंत्रालय ने जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सभी कार्य समूह कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह सब 17-18 अगस्त को गुजरात के गांधीनगर में आयोजित पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन में किया गया। गुजरात के जामनगर में पारंपरिक चिकित्सा के लिए डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर में भागीदारी, विचारों और अनुभवों के आदान-प्रदान के मामले में और डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा रणनीति 2025-35 के दस्तावेज दोनों के लिए भविष्य की रणनीतियों को तैयार करने को लेकर शिखर सम्मेलन एक बड़ी सफलता थी। पारंपरिक चिकित्सा में भारत सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए, डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस ने इस वैश्विक शिखर सम्मेलन के दौरान पारंपरिक चिकित्सा में भारत के निर्विवाद योगदान की पुष्टि की। उल्लेखनीय है कि इस वैश्विक शिखर सम्मेलन के परिणाम दस्तावेज को जल्द ही डब्ल्यूएचओ द्वारा गुजरात घोषणा के रूप में जारी किया जाएगा। हाल ही में, जुलाई में दिल्ली में जी-20 शेरपा, अमिताभ कांत की अध्यक्षता में आयुष मंत्रालय द्वारा स्थिति का जायजा लिया गया था। बैठक में जी-20 के माध्यम से वैश्विक स्तर पर चिकित्सा की आयुष प्रणालियों को बढ़ावा देने के आयुष मंत्रालय के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया गया। डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन (जीसीटीएम) के भीतर नवीन तकनीकों और नवीन दृष्टिकोणों को शामिल करने का सुझाव देते हुए, अमिताभ कांत ने विस्तार से बताया कि कैसे इनफ्यूजन पारंपरिक कार्यप्रणालियों को आधुनिक बनाएगा और उनकी प्रभावशीलता को बढ़ाएगा, जिससे पारंपरिक चिकित्सा की व्यापक स्वीकृति और उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने जी-20 के सभी भागीदार समूहों में पारंपरिक चिकित्सा के सिद्धांतों को एकीकृत करने के लिए हितधारकों के बीच बेहतर सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। जी-20 की विभिन्न एंगेजमेंट और वर्किंग ग्रुप की बैठकों में आयुष मंत्रालय के प्रयासों का निश्चित रूप से प्रभाव पड़ा है। इस बैठक में यह तब स्पष्ट हुआ जब स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अपर सचिव श्री लव अग्रवाल की टिप्पणी में उन्होंने भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की आगामी स्वास्थ्य संबंधी घोषणा में पारंपरिक चिकित्सा को शामिल करने की पुष्टि की। उन्होंने आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल के संदर्भ में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की पूरी क्षमता का पता लगाने और सहयोग करने के लिए विशेषज्ञों और हितधारकों को एक मजबूत मंच प्रदान करने के लिए पारंपरिक चिकित्सा के लिए एक समर्पित मंच की स्थापना की आवश्यकता भी जताई। उसी बैठक में, स्टार्टअप-20 के इंडिया चेयर श्री चिंतन वैष्णव ने कहा कि आयुष चिकित्सा प्रणाली को भविष्य को आकार देने वाले स्टार्टअप-20 एजेंडा की सूची में शामिल किया गया है, जिसे ब्राजील की जी-20 की अगली अध्यक्षता के तहत आगे बढ़ाया जाएगा। अपने अत्याधुनिक अस्पतालों और अत्यधिक कुशल डॉक्टरों के साथ, भारत चिकित्सा पर्यटन के लिए सबसे लोकप्रिय स्थलों में से एक बनकर उभरा है। देश में चिकित्सा पर्यटन को और बढ़ावा देने के लिए, तिरुवनंतपुरम में पहले स्वास्थ्य कार्यसमूह ने चिकित्सा मूल्य यात्रा पर एक अतिरिक्त कार्यक्रम का आयोजन किया। यह भारत में चिकित्सा पर्यटन उद्योग में अवसरों और चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए एक लाभदायक और व्यावहारिक मंच था। यहां कई हितधारकों द्वारा यह देखा गया कि एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल पर आधारित चिकित्सा मूल्य यात्रा के माध्यम से दुनिया के देश आपस में जुड़ेंगे। इसमें पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को मजबूत तरीके से शामिल किया गया है। यह मौजूदा स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में असमानताओं को दूर करने के उद्देश्य को पूरा करेगा। उल्लेखनीय है कि आयुष उद्योग हाल के वर्षों में एक महत्वपूर्ण बदलाव से गुजरा है। बाजार अनुसंधान रिपोर्ट के अनुसार बाजार में प्रति वर्ष 17 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है और अनुमान है कि यह 23.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक तक पहुंच गया है। ये संख्याएं किसी भी उद्योग मानक से बहुत अधिक हैं। आयुष की बढ़ती लोकप्रियता और स्वीकार्यता का श्रेय बढ़ी हुई जागरूकता, वैज्ञानिक मान्यता, सरकारी समर्थन, वैश्विक पहुंच, जीवनशैली के रुझान और आयुष प्रणालियों द्वारा पेश किए गए व्यक्तिगत दृष्टिकोण को दिया जाता है। जैसे-जैसे अधिक लोग आयुष कार्यप्रणालियों के लाभों का अनुभव करेंगे, मुख्यधारा की स्वास्थ्य देखभाल में इसकी स्वीकृति और जुड़ाव बढ़ने की संभावना है। एक मोर्चे पर, यह आयुष क्षेत्र में काफी विकास के अवसरों को दर्शाता है, लेकिन इस तेज वृद्धि के साथ जुड़ी चुनौतियाँ भी हैं। चुनौतियों को सुरक्षा, प्रभावकारिता, पारदर्शिता, विश्वसनीयता और नैतिक कार्यप्रणालियों के संदर्भ में देखा जा सकता है। बढ़ती लोकप्रियता ऐसे उदाहरण भी सामने लाती है जहां भ्रामक दावों ने जनता के बीच अविश्वास पैदा कर दिया हैं। भारत सरकार ने भ्रामक जानकारी के मुद्दे के समाधान के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें विज्ञापन और उपभोक्ता संरक्षण के मामले भी शामिल हैं।

**लेखक, केंद्रीय आयुष और पोत, पत्तन एवं जलमार्ग मंत्री हैं।**

# साक्षरता दिवस 8 सितम्बर को ही क्यों?

साक्षरता के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को विश्वभर में ह्यअंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवसह्ल मनाया जाता है। दुनिया से अशिक्षा को समाप्त करने के संकल्प के साथ आज 57वां ह्यअंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवसह्ल मनाया जा रहा है। पहली बार यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) द्वारा 17 नवम्बर 1965 को 8 सितम्बर को ही अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसके बाद प्रथम बार 8 सितम्बर 1966 से शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने तथा विश्वभर के लोगों का इस ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रतिवर्ष इसी दिन यह दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। वास्तव में यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों का ही प्रमुख घटक है। निरक्षरता को खत्म करने के लिए ईरान के तेहरान में शिक्षा मंत्रियों के विश्व सम्मेलन के दौरान वर्ष 1965 में 8 से 19 सितम्बर तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए पहली बार बैठक की गई थी और यूनेस्को ने नवम्बर 1965 में अपने 14वें सत्र में 8 सितम्बर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस घोषित किया। उसके बाद से सदस्य देशों द्वारा प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को ह्यअंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवसह्ल मनाया जा रहा है। साक्षरता दिवस के अवसर पर निरक्षरता समाप्त करने के लिए जन जागरूकता को बढ़ावा देने तथा प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों के पक्ष में वातावरण तैयार किया जाता है। यह दिवस लगातार शिक्षा को प्राप्त करने की ओर लोगों को बढ़ावा देने के लिए तथा परिवार, समाज और देश के लिए अपनी जिम्मेदारी को समझने के लिए मनाया जाता है। दुनियाभर में आज भी अनेक लोग निरक्षर हैं और यह दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत, सामुदायिक तथा सामाजिक रूप से साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विश्व में सभी लोगों को शिक्षित करना ही है। साक्षरता दिवस के माध्यम से यही प्रयास किए जाते हैं कि इसके जरिये तमाम बच्चों, व्यस्कों, महिलाओं तथा वृद्धों को भी साक्षर बनाया जाए। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में फिलहाल करीब चार अरब लोग साक्षर हैं लेकिन विडम्बना यह है कि आज भी विश्वभर में करीब एक अरब लोग ऐसे हैं, जो पढ़ना-लिखना नहीं जानते। तमाम प्रयासों के बावजूद दुनियाभर में 77 करोड़ से भी अधिक युवा भी साक्षरता की कमी से प्रभावित हैं अर्थात प्रत्येक पांच में से एक युवा अब तक साक्षर नहीं है, जिनमें से दो तिहाई महिलाएं हैं। आंकड़े बताते हैं कि 6-7 करोड़ बच्चे आज भी ऐसे हैं, जो कभी विद्यालयों तक नहीं पहुंचते जबकि बहुत से बच्चों में नियमितता का अभाव है या फिर वे किसी न किसी कारणवश विद्यालय जाना बीच में ही छोड़ देते हैं। कोरोना काल में यह समस्या और ज्यादा गहरी हुई। करीब 58 फीसदी के साथ सबसे कम व्यस्क साक्षरता दर के मामले में दक्षिण और पश्चिम एशिया सर्वाधिक पिछड़े हैं। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए प्रतिवर्ष एक विशेष थीम चुनी जाती है और इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम है ह्यसंक्रमण काल में दुनिया के लिए साक्षरता को बढ़ावा देनाः टिकाऊ और शांतिपूर्ण समाजों की नींव का निर्माणह्ल (प्रोमोटिंग लिटरेसी फॉर ए वर्ल्ड इन ट्रांजिशनः बिल्डिंग द फाउंडेशन फॉर सस्टेनेबल एंड पीसफुल सोसायटीज)। इस विशेष दिवस के लिए 2006 से लेकर अब तक निर्धारित थीम पर नजर डालें तो 2006 में सामाजिक प्रगति प्राप्ति पर ध्यान देने के लिए अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का विषय ह्यसाक्षरता सतत विकासह्ल रखा गया था। वर्ष 2007 और 2008 में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की विषय-वस्तु ह्यसाक्षरता और स्वास्थ्यह्ल थी, जिसके जरिये टीबी, कॉलेरा, एचआईवी, मलेरिया जैसी फैलने वाली बीमारियों से लोगों को बचाने के लिए महामारी के ऊपर ध्यान केन्द्रित करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष 2009 में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देने के लिए इसका विषय ह्यसाक्षरता और सशक्तिकरणह्ल रखा गया था जबकि 2010 की थीम ह्यसाक्षरता विकास को बनाए रखनाह्ल थी। 2011 में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए थीम ह्यसाक्षरता और महामारीह्ल (एचआईवी, क्षय रोग, मलेरिया आदि संक्रमणीय बीमारियों) पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए थी। 2012 में लैंगिक समानता और महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए थीम थी ह्यसाक्षरता और सशक्तिकरणह्ल। 2013 में शांति के लिए साक्षरता के महत्व पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए ह्यसाक्षरता और शांतिह्ल, 2014 में ह्य21वीं शताब्दी के लिए साक्षरताह्ल, 2015 में ह्यसाक्षरता और सतत विकासह्ल, 2016 में ह्यअतीत पढ़ना, भविष्य लिखनाह्ल, 2017 में ह्यडिजिटल दुनिया में साक्षरताह्ल तथा 2018 में ह्यसाक्षरता और कौशल विकासह्ल अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम थी। 2019 में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की ह्यसाक्षरता और बहुभाषावादह्ल तथा वर्ष 2020 में ह्यकोविड-19 संकट और उससे संबंधित शिक्षा और शिक्षणह्ल थी। वर्ष 2021 के लिए अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम ह्यमानव-केन्द्रित पुनर्प्राप्ति के लिए साक्षरताः डिजिटल विभाजन को कम करनाह्ल (लिटरेसी फॉर ए ह्यूमन-सेंट्रड रिकवरीः नैरोइंग द डिजिटल डिवाइड) रखी गई थी जबकि 2022 की थीम थी ह्यट्रांसफॉर्मिंग लिटरेसी लर्निंग स्पेसेसह्ल (साक्षरता सीखने के स्थान को बदलना।) बहरहाल, भारत हो या दुनिया के अन्य देश, गरीबी मिटाना, बाल मृत्यु दर कम करना, जनसंख्या वृद्धि नियंत्रित करना, लैंगिक समानता प्राप्त करना आदि समस्याओं के समूल विनाश के लिए सभी देशों का पूर्ण साक्षर होना बेहद जरूरी है। दरअसल साक्षरता ही सामाजिक विकास का आधार स्तंभ बन सकती है।

# Social Media Corner

सच के हक में...



मैं सभी देशवासियों को जन्माष्टमी के पावन पर्व की बधाई देती हूं। जन्माष्टमी का त्योहार हमें भगवान श्रीकृष्ण के गीता के उपदेश को समझने, अमल में लाने और निष्काम कर्म करने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने पूरी मानवता को धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। आइए, इस शुभ अवसर पर हम जन-कल्याण की भावना के साथ आगे बढ़ें और अपने समाज और राष्ट्र को समृद्ध बनाएं।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



जन्माष्टमी की बहुत-बहुत बधाई। श्रद्धा और भक्ति का यह पावन अवसर मेरे सभी परिवारजनों के जीवन में नई ऊर्जा और नए उत्साह का संचार करे, यही कामना है। जय श्रीकृष्ण!

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां लाये। आप सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूँ। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार। जय श्री कृष्णा! जय जय राधे कृष्णा!

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**

# क्या टुकड़ों में विभाजित होगा पाकिस्तान

वर्तमान में पाकिस्तान में जिस प्रकार के स्वर मुखरित हो रहे हैं, उसके निहितार्थ लगाए जाएं तो यही परिलक्षित होता है कि पाकिस्तान की जनता अब अपने ही उन नीति नियंताओं का विरोध करने पर उतारू हो गए हैं, जिन्होंने पाकिस्तान बनाने का मार्ग प्रशस्त किया था। पाकिस्तान के निर्माण के साथ ही राजनीतिक दुष्चक्र में गोता लगाने वाले पाकिस्तान के शासकों ने केवल अपने हित की राजनीति को ही प्रधानता दी। जिसके कारण न तो पाकिस्तान प्रगति कर सका और न ही वहां की जनता का जीवन स्तर बेहतर हो सका है। आज इस तथ्य को सभी जानते हैं कि पाकिस्तान की जनता अनेक प्रकार की विसंगतियों का सामना कर रही है। महंगाई का आलम यह है कि जनता लगातार पिस रही है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं के आसमान छूते भाव ने जनता के माथे पर चिंता की लकीरें स्थापित कर दी हैं। अब पाकिस्तान में एक नई समस्या दिख रही है, जिसमें अब पाकिस्तान की जनता अपने शासकों को कोस रही है। इतना ही नहीं वहां की जनता के मुख से पाकिस्तान से आजादी प्राप्त करने की आवाजें सुनाई देने लगीं हैं। इससे हो सकता है कि पाकिस्तान अपनी स्वयं की करनी के कारण टूट कर बिखर जाए। पूरा विश्व इस बात को भली-भांति जानता है कि आज बलूचिस्तान, गिलगित और बाल्टिस्तान में जिस प्रकार मानवाधिकारों का हनन किया जा रहा है, उसमें पाकिस्तान का चेहरा पूरी तरह से बेनकाब हो गया है। इन स्थानों पर अंदर ही अंदर पाकिस्तान के विरोध में वातावरण बना हुआ है। कुछ लोगों ने खुलकर विरोध करना प्रारंभ कर दिया है, कुछ लोग पाकिस्तान के दमनकारी रवैये के कारण डरे-सहमे हुए हैं। अगर पाकिस्तान के इन क्षेत्रों के लोगों की भावनाओं को समझा जाए तो यह क्षेत्र किसी भी तरीके से पाकिस्तान के साथ रहना नहीं चाहते। भारत में जिस प्रकार से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मिली हुई है, उसी तरह की बोलने की आजादी पाकिस्तान में भी होती तो संभवतः आज पूरे पाकिस्तान में ही विरोधी स्वर सुनाई दे रहे होते। सिंध और ब्लूचिस्तान की जनता की ओर से जहां भारत में शामिल होने के स्वर सुनाई देने लगे हैं। इतना ही नहीं इन प्रदर्शनकारियों ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का खुलकर समर्थन किया है। आगे चलकर यह भी हो सकता है कि बलूचिस्तान और सिंध की तर्ज पर पाकिस्तान के पंजाब में भी आजादी की मांग उठने लगे। क्योंकि पंजाब के कई लोग अपने आपको आज भी स्वाभाविक रूप से भारत का हिस्सा ही मानते हैं। वहां भारतीय संस्कृति के अवशेष बिखरे हुए दिखाई देते हैं। इतना ही नहीं वहां के जनजीवन में भी भारतीयता की झलक दिखाई देती है। पाकिस्तान में आज जो हालात दिखाई दे रहे हैं, वह केवल आतंकी आकाओं की बढ़ती हुई सक्रियता का ही परिणाम कहा जाएगा। कई क्षेत्रों में बेरोजगारी और भुखमरी के हालात हैं। पाकिस्तान ने इस समस्या के समाधान के लिए किसी प्रकार के प्रयास नहीं किए। इसके विपरीत आतंकवाद को बढ़ाने के लिए पूरा समर्थन दिया। वर्तमान में पाकिस्तान की हालत ऐसी है कि लोग आतंकवाद का विरोध करना भी चाहें तो भी नहीं कर सकते। ऐसा करने पर आतंकवादी अपने ही नागरिकों पर अत्याचार करते हैं। जिसका दंश भोली-भाली जनता को भोगना पड़ रहा है। पाकिस्तान की जनता पूरी तरह से आतंकवाद से त्रस्त आ चुकी है। लम्बे समय से पाकिस्तान की दमनकारी अत्याचार को सहन कर रही वहां की जनता को जब लगा कि नरेन्द्र मोदी ने उनकी भावनाओं को समझा है, तो वह पूरी तरह से उनके साथ आने लगे हैं। इसके साथ ही कश्मीर की बात करें तो वहां के वातावरण को बिगाड़ने में पाकिस्तान का हाथ रहा है। यहां पर एक बात साफ है कि पूरी समस्या के लिए पाकिस्तान ही दोषी है, फिर भी उलटा चोर कोतवाल को डाटे वाली तर्ज पर पाकिस्तान की सरकार चल रही है।

# व्यर्थ का विवाद

जी-20 सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले रात्रि भोज के निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट आफ भारत लिखे जाने पर कुछ विपक्षी दलों ने जिस तरह आसमान सिर पर उठा लिया, उसका औचित्य समझना कठिन है। कांग्रेस ने तो इसे संघीय ढांचे पर हमला करार दिया। उसने एक देशह्नएक चुनाव की पहल को भी संघीय ढांचे पर हमला बता दिया था। लगता है कि उसने हर छोटी-बड़ी बात पर इस जुमले का इस्तेमाल करना सुनिश्चित कर लिया है। आखिर जब संविधान में लिखा है कि भारत, जो इंडिया है, तब फिर उसके उपयोग पर आपत्ति क्यों? भारत का उल्लेख न केवल संविधान में है, बल्कि आम बोलचाल के साथ सरकारी कामकाज में भी इस शब्द का खूब उपयोग होता है। हमारे कई पड़ोसी देश भी इंडिया के स्थान पर भारत कहना पसंद करते हैं। जैसे हमारे कई संस्थान इंडिया नाम वाले हैं, वैसे ही भारत नाम वाले भी। इससे भी बड़ी बात यह है कि राष्ट्र गान में भी भारत शब्द का उपयोग किया गया है, न कि इंडिया का। अभी हाल में तेलंगाना राष्ट्र समिति ने अपना नाम भारत राष्ट्र समिति किया। क्या किसी ने इस दल के मुखिया से पूछा कि आपने इंडिया राष्ट्र समिति नाम क्यों नहीं चुना? क्या यह हास्यास्पद नहीं कि जिन विपक्षी दलों ने अपने गठबंधन आइएनडीआइए के लिए यह नारा तैयार किया है कि जुड़ेगा भारत-जीतेगा इंडिया, वे भी राष्ट्रपति की ओर से भारत शब्द के उपयोग पर लाल-पीले हो रहे हैं? कुछ विपक्षी दल इस निष्कर्ष पर भी पहुंच रहे हैं कि मोदी सरकार उनके गठबंधन आइएनडीआइए यानी इंडिया से घबरा गई है, इसलिए राष्ट्रपति से भारत शब्द का उपयोग करा रही है। यह भी बेपर की उड़ान ही है। इन दलों को इससे परिचित होना चाहिए कि आम भारतीय इंडिया के स्थान पर भारत शब्द का अधिक उपयोग करते हैं। वे ऐसा इसलिए करते हैं, क्योंकि अपने देश का मूल नाम भारत है और यह सदियों से प्रचलित है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

## भारत के रुस से तेल खरीदने पर अमेरिका ने कहा, हर संप्रभु देश का अधिकार

वॉशिंगटन । भारत सहित हर संप्रभु देश को किसी भी अन्य देश से तेल या खनिज प्रोडक्ट खरीदने का अधिकार है। यह बयान व्हाइट हाउस के अधिकारी जॉन किर्बी ने दिया। यह टिप्पणी उस सवाल पर आई, जिसमें भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने के बारे में पूछा गया था। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच चर्चा का एक एजेंडा भी हो सकता है। बता दें कि जो बाइडन, गुरुवार अपनी भारत यात्रा शुरू करने वाले है। बाइडन भारत की यात्रा के दौरान पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करने वाले हैं। किर्बी ने कहा, 'प्रत्येक राष्ट्र को अपने संप्रभु निर्णय स्वयं लेने होते हैं। रूस के साथ आर्थिक अवसरों और व्यापार के मामले में हम कहां आते हैं, इस बारे में हम अपने सभी सहयोगियों और साझेदारों के साथ स्पष्ट रहे हैं। किर्बी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के इस सप्ताह भारत में जी 20 शिखर सम्मेलन से अनुपस्थित रहने के बारे में बात की। साथ ही उन्होंने रूस को अपना संदेश दिया, 'यूक्रेन छोड़ो, युद्ध बंद करो। वहीं शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच चर्चा की संभावना के बारे में भी बताया। किर्बी ने कहा, दोनों नेता पूरे इंडो-पैसिफिक में सुरक्षा, आर्थिक और कूटनीतिक चुनौतियों पर निश्चित रूप से चर्चा करने वाले है। जी 20 नेताओं का शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितंबर को भारत में होने वाला है और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले हैं।

## खैबर पख्तूनख्वा में चार सैनिक व 12 आतंकी मारे गए

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सरकारी सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई झड़प में चार पाकिस्तानी सैनिक और 12 आतंकवादी मारे गए। एक सैन्य बयान में यह जानकारी दी गई। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा है कि यह झड़प चित्राल जिले में हुई, जहां हथियारों से लैस आतंकवादियों के एक समूह ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के करीब स्थित दो पाकिस्तानी सैन्य चौकियों पर हमला किया। बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को भारी नुकसान पहुंचाया है और इलाके की तलाशी ली जा रही है।

## नासा ने खींची विक्रम की तस्वीर, चंद्रयान 3 की दिखाई ऐतिहासिक लैंडिंग

वाशिंगटन । अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने हाल ही में विक्रम की एक अभूतपूर्व तस्वीर जारी की है। एक्स पर जारी तस्वीर के केप्सन में बताया गया है कि यह नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर ने हाल ही में चंद्रमा पर चंद्रयान-3 के लैंडर की तस्वीर खींची है। नासा ने ये तस्वीर अपने एक्स हैंडल पर शेयर की है। यह तस्वीर चांद पर ऐतिहासिक लैंडिंग के ठीक चार दिन बाद 27 अगस्त को एलआरओ द्वारा ली गई थी। गौरतलब है कि भारत का ऐतिहासिक तीसरा चंद्रयान मिशन 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफलतापूर्वक लैंड हुआ था। ऐसा करने वाला भारत दुनिया का पहला देश है। अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'एलआरओ अंतरिक्ष यान ने हाल ही में चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान-3 लैंडर की तस्वीर ली है। इसरो का चंद्रयान-3, 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से लगभग 600 किलोमीटर दूर सफल लैंड किया था। बता दें ?कि नासा के ऑर्बिटर से लगे कैमरे ने चार दिन बाद विक्रम लैंडर का एक तिरछा फोटो 42-डिग्री स्लू कोण पर लिया था, जिसे उसने नीचे चांद की जमीन को छुआ था। नासा ने आगे लिखा था, 'वाहन के चारों ओर चमकीला प्रभामंडल रॉकेट प्लम के महीन दानें वाले रेगोलिथ (मिट्टी) के साथ संपर्क के कारण उत्पन्न हुआ था। अमेरिका, चीन और रूस के बाद भारत चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरने वाला चौथा देश बन गया है। इसी बीच, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से चंद्रयान-3 विक्रम लैंडर की 3-डी 'एनाग्लिफ़' तस्वीर एक्स पर शेयर की थी। यह तस्वीर 3 चैनलों को मिलाकर बनाई गई थी।

## भूकंप के झटकों से चिली में मचा हड़कंप, रिक्टर पर 6.2 की तीव्रता मापी

कोक्विम्बो । दक्षिणी अमेरिकी देश चिली में गुरुवार की रात में भयंकर भूकंप आया। रिक्टर पर 6.2 की तीव्रता से आए भूकंप से चारों ओर हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के मुताबिक, चिली में भूकंप के जोरदार झटके आने के बावजूद राहत की बात यह रही कि इसमें अब तक किसी के जानमाल के नुकसान होने की कोई खबर नहीं है। हालांकि, भूकंप की वजह से सबकुछ हिलता नजर आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार रात करीब 9 बजे (करीब 12.48 मिनट पर इंटरनेशनल टाइम) बजे के करीब दर्ज किया गया था और इसका केंद्र चिली के कोक्विम्बो से 41 किलोमीटर (25 मील) दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में था। भूकंप की गहराई 41 किलोमीटर (25 मील) थी। चिली के राष्ट्रीय आपातकालीन कार्यालय ने किसी नुकसान या हताहत की सूचना नहीं दी। चिली प्रशांत क्षेत्र में तथाकथित रिंग ऑफ फायर में स्थित है और यहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं। 2010 में 8.8 तीव्रता के भूकंप और उसके बाद आई सुनामी ने 526 लोगों की जान ले ली थी। यहां गौरतलब है कि पिछले सप्हात इंडोनेशिया के रिजॉर्ट द्वीप बाली और देश के अन्य हिस्सों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में घबराहट पैदा हो गई, लेकिन अभी जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं थी। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप के शुरुआती झटके की तीव्रता 7.1 मापी गई और इसका केंद्र लोम्बोक द्वीप के तट के पास एक छोटे-से द्वीप गिली एयर से 181 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में बाली सागर में जमीन से 513.5 किलोमीटर की गहराई में था।

## ट्रक और पिकअप वाहन आए लैंडस्लाइड की चपेट में, पहाड़ी धसकने से हाईवे बंद

रिकॉन्गपिओ । हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में निगुलसरी में एक ट्रक और एक पिकअप वाहन उस समय क्षतिग्रस्त हो गए जब पहाड़ी से भयंकर लैंडस्लाइड हुआ। बताया जा रहा है कि एक बार फिर से यहां पर लैंडस्लाइड हुआ है। पहाड़ी धसकने की इस घटना के बाद हाईवे बंद हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार पहाड़ी से बड़े बड़े पत्थर गिरे और दो गाड़ियों लैंडस्लाइड की चपेट में आई गई। ट्रक और पिकअप वाहन बड़े बड़े पत्थर गिरने से पूरी तर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। हालांकि, राहत की बात यह कि किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है। बता दें कि इस प्वाइंट को लैंडस्लाइड के लिए बेहद खतनाक माना जाता है। गुरुवार सुबह किन्नौर जिले के निगुलसरी के पास पहाड़ी से पत्थरों की बौछार हुई है। इस दौरान पत्थरों की चपेट में ट्रक और पिकअप वाहन आया है। पिकअप में लोड सेब सड़क पर बिखर कर पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। राहत की बात यह है कि गाड़ी सवार लैंडस्लाइड से पहले ही वाहन से उतर गए थे। इससे किसी भी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है। फिलहाल, हाईवे को बहाल करने की कोशिश जारी है। बचाव दलों के साथ मशीनरी मौके पर पहुंची है। इस दौरान लैंडस्लाइड का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि सड़क पर वाहनों की कतार लगी हुई है और बड़ी संख्या में लोग भी मौके पर मौजूद हैं। गौरतलब है कि 12 अगस्त 2021 में भी इसी प्वाइंट निगुलसरी में बड़ा भयंकर लैंडस्लाइड हुआ था। इस लैंडस्लाइड में एचआरटीसी की बस और ट्रक चपेट में आ गए थे। कुल 25 लोगों की मौत हुई थी। चलती एचआरटीसी बस पर यहां बड़े बड़े पत्थर और मलबा गिरा था, जिससे बस नीचे खाई में गिर गई थी। तब से लगातार इस प्वाइंट पर लैंडस्लाइड हो रहे हैं। यहां पर अर्ली वार्निंग सिस्टम भी लगाया गया है।

## महिला के कान में था दर्द, अंदर से निकाला जिंदा कॉकरोच

सैन फ्रांसिस्को । अमेरिका के कोलंबिया में एक महिला के कान में भयंकर परेशान करने वाला दर्द हो रहा था, लेकिन जब उसने गौर किया तो जिंदा कॉक्रोच बैठा हुआ था, जिसे बाद में चिमटी की मदद से निकाला गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कोलंबिया की रहने वाली एक महिला के कान में एक अजीब सा सेंसेशन हुआ और फिर दर्द होना शुरू हो गया। हालांकि ये दर्द ज्यादा तेज़ नहीं था लेकिन परेशान करने वाला था। उसने अपने दोस्त को इसके बारे में बताया और उसे लगा कि कुछ अंदर फंसा हुआ था। आखिरकार उसने ट्वीज़र्स की मदद से महिला के बाएं कान के अंदर से एक ज़िंदा कॉकरोच निकाला। पहले तो वो अंदर की ओर भाग रहा था लेकिन चिमटी की मदद से इसे कान से बाहर निकाला लिया गया।



जकार्ता में आशियान सम्मेलन स्थल की ओर जाते हुए दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक यिओल, भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मैनेट व अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस।

## पीएम मोदी ने की तिमोर-लेस्ते में भारतीय दूतावास स्थापित करने की घोषणा

जकार्ता। इंडोनेशिया के एक दिवसीय दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिली, तिमोर-लेस्ते में एक दूतावास की स्थापना की घोषणा कर कहा कि यह इस बात का प्रतिबिंब है कि भारत आसियान और दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के साथ अपने संबंधों को कितना महत्व देता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, 7 सितंबर 2023 को जकार्ता में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में, प्रधानमंत्री मोदी ने डिली, तिमोर-लेस्ते में भारतीय दूतावास स्थापित करने की घोषणा की इसमें कहा गया है, यह निर्णय आसियान को भारत द्वारा दिए जाने वाले महत्व और तिमोर-लेस्ते के साथ उसके संबंधों का प्रतिबिंब है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस फैसले का तिमोर-लेस्ते और आसियान सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। तिमोर-लेस्ते पूर्ण सदस्य बनने से पहले, 2022 में एक पर्यवेक्षक के रूप में दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) में शामिल हुआ। पीएम मोदी ने जकार्ता में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित किया, इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय ब्लॉक भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का केंद्र बिंदु है। शिखर सम्मेलन में पहुंचने पर इंडोनेशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो ने उनका स्वागत किया और उससे पहले उन्होंने भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भी भाग लिया।

# आसियान समिट में बोले मोदी, वन अर्थ, वन फैमिली हमारा मूल मंत्र

### -इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित असियान समिट में पीएम ने किया संबोधित

**जकार्ता (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और आसियान के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है। वन अर्थ, वन फैमिली हमारा मूल मंत्र है। हमें हर क्षेत्र में मिलकर काम करने की जरूरत है। पीएम मोदी इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित असियान समिट-2023 में अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों को संबोधित कर रहे थे। आसियान-भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वैश्विक विकास में आसियान क्षेत्र की अहम भूमिका है। वसुधैव कुटुंबकम 'वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर' यही भावना भारत की जी-20 अध्यक्षता की थीम है। 21वीं सदी एशिया की सदी है। मुझे विश्वास है कि आज हमारी बातचीत से भारत और आसियान क्षेत्र के भावी भविष्य को और सुदृढ़ बनाने के लिए नए संकल्प लिए जाएंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि आसियान भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का केंद्रीय स्तंभ है। भारत की इंडो-पैसिफिक पहल में भी आसियान क्षेत्र का प्रमुख स्थान है। वैश्विक अनिश्चितताओं के माहौल में भी हर क्षेत्र में हमारे आपसी सहयोग में लगातार प्रगति हो रही है। पीएम मोदी ने आसियान समिट के सफल आयोजन पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विदोदो का अभिनंदन करते हुए कहा आसियान और भारत की साझेदारी चौथे दशक में प्रवेश कर रही है। इस



समिट के शानदार आयोजन के लिए मैं इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विदोदो का मैं अभिनंदन करता हूं। आसियान समिट की अध्यक्षता के लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आसियान-भारत बैठक और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए बृहस्पतिवार सुबह इंडोनेशिया पहुंच गए। इस दौरान प्रधानमंत्री सामरिक रूप से अहम क्षेत्र के अन्य देशों के साथ भारत की साझेदारी के संबंध में चर्चा कर रहे हैं। इससे पूर्व पीएम ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, 'जकार्ता पहुंच गया हूं। आसियान से संबंधित बैठकों तथा इस धरती को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न नेताओं से मुलाकात करने को लेकर उत्सुक हूं।

## संयुक्त राष्ट्र अनुरोध मिलने पर नाम बदलकर भारत करने पर विचार करेगा: प्रवक्ता

### - विदेश मंत्री एस. जयशंकर का एक पत्र ही काफी होगा

**जिनेवा (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने कहा कि यदि औपचारिक रूप से इंडिया का नाम बदलकर भारत करने का अनुरोध किया जाता है, तो संयुक्त राष्ट्र इस पर विचार करेगा और हाल की एक मिसाल के अनुसार इसके लिए शायद विदेश मंत्री एस. जयशंकर का एक पत्र ही काफी होगा। एक चीनी मीडिया रिपोर्टर द्वारा यह पूछे जाने पर कि यदि भारत तुर्की के समान अनुरोध करता है, जिसने इसका नाम बदलकर तुर्किये कर दिया है, तो नाम बदलने की प्रक्रिया क्या होगी, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि जैसे तुर्की के मामले में तुर्किए पर हमने सरकार द्वारा दिए गए एक औपचारिक अनुरोध का जवाब दिया। जाहिर है, अगर हमें इस तरह का अनुरोध (भारत से नाम बदलने के लिए) मिलता है, तो हम उन पर भी विचार करेंगे। तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने पिछले साल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसका नाम बदलकर तुर्की भाषा के नाम के अनुरूप कर दिया और विदेश मंत्री मेवलुत कैवुसोगालु के गुटेरेस को लिखे एक पत्र ने संयुक्त राष्ट्र में नए नामकरण को औपचारिक बना दिया।

गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने उस समय कहा था कि जैसे ही पिछले साल 1 जून को नाम बदलने के लिए कैवुसोगालु का पत्र मिला, यह प्रभावी हो गया। भारत का संविधान भी देश को भारत के रूप में संदर्भित करता है। राष्ट्र का वर्णन करते हुए संविधान कहता है, इंडिया, जो कि भारत है, राज्यों का एक संघ होगा। जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले नेताओं को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से अंग्रेजी में प्रेसिडेंट ऑफ भारत शीर्षक के साथ भेजे गए रात्रिभोज निमंत्रण ने अटकलें तेज कर दी हैं कि इंडिया नाम को अब छोड़ दिया जाएगा। अगले साल के चुनाव अभियान से पहले विपक्षी गठबंधन द्वारा खुद को इंडिया यानी भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन का नाम दिए जाने के बाद यह राजनीतिक रूप से एक जटिल मुद्दा बन गया है। सत्ताधारी भाजपा अपने नाम में भारतीय का इस्तेमाल करती है, साथ ही अंग्रेजी शब्द पार्टी का भी इस्तेमाल करती है। विपक्षी कांग्रेस ने 1885 में अपने गठन के समय से ही स्वयं को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का नाम दिया और स्वतंत्रता आंदोलन की संवाहक बन गई।

## अमेरिका में तीन सितंबर को सनातन धर्म दिवस घोषित

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राज्य केंटुकी के शहर ने आधिकारिक रुप से तीन सितंबर को सनातन धर्म दिवस घोषित कर दिया है, जबकि भारत में सनातन धर्म को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। लुइसविले के मेयर क्रेग ग्रीनबर्ग ने हाल ही में केंटकी के हिंदू मंदिर में समारोह में भाग लिया, जहां तीन सितंबर को आधिकारिक उद्घोषणा उनके डिप्टी बारबरा सेक्सटन स्मिथ ने पढ़ी। मेयर ग्रीनबर्ग ने लिखा, मुझे हिंदू मंदिर में महाकुंभाभिषेकम समारोह में भाग लेने पर सम्मानित महसूस हुआ। मंदिर के नवीनीकरण और जीर्णोद्धार के लिए किए गए अनुष्ठान महान सांस्कृतिक महत्व रखते हैं। हमारे कार्यालय ने आधिकारिक तौर पर 3 सितंबर को सनातन धर्म दिवस के रूप में घोषित किया है।

कार्यक्रम में परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश के अध्यक्ष चिदानंद सरस्वती, श्री श्री रविशंकर और भगवती सरस्वती के साथ-साथ लेफ्टिनेंट गवर्नर जैकलिन कोलमैन, डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ कीशा डोरसी सहित कई आध्यात्मिक नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने लिखा, 3 सितंबर 2023 को सनातन धर्म दिवस के रूप में लुइसविले मेयर की घोषणा से केंटकी के हिंदू मंदिर का पुन~ अभिषेक या महाकुंभ अभिषेकम और महत्वपूर्ण हो गया! भारतीय संस्कृति की गौरवशाली गाथा में एक अद्भुत नया अध्याय!

लुइसविले को बधाई देकर और भारत में सनातन धर्म विवाद पर प्रतिक्रिया देकर अमेरिका स्थित हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने लिखा~ उपयुक्त प्रतिक्रिया देने का उत्कृष्ट समय! बधाई लुइसविले! इससे पहले, 20 जुलाई को केंटुकी में लुइसविले के पूर्व मेयर ग्रेग फिशर द्वारा हिंदू धर्म का विश्वकोश दिवस घोषित किया गया था। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते तमिलनाडु में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने कहा था कि सनातन धर्म को मच्छरों, मलेरिया, डेंगू और कोरोना की तरह ही खत्म करना होगा, जिस पर राजनीतिक दलों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी।

## राहुल गांधी ब्रुसेल्स पहुंचे, यूरोपीय संघ के सांसदों से करेंगे बातचीत

**ब्रुसेल्स (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी यूरोप की छह दिवसीय यात्रा पर आज गुरुवार सुबह बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स पहुंचे। जानकारी के अनुसार वे वहां भारतीय प्रवासियों और यूरोपीय संघ के सांसदों के साथ बातचीत करेंगे। गौरतलब है कि उनका यूरोपीय संघ का दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब नई दिल्ली 9 से 10 सितंबर के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बहुप्रतीक्षित जी20 शिखर सम्मेलन आयोजित करने वाली है, जहां अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, चीन और अन्य देशों के नेता अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उनका यह दौरा भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ के साथ भी मेल खाता है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस नेता 7 सितंबर को दोपहर करीब 2~30 बजे ब्रुसेल्स में यूरोप के सांसदों से मुलाकात करेंगे और शाम 7~30 बजे सिविल सोसाइटी के साथ बैठक करेंगे। वह रात करीब 11।30 बजे गैर-भारतीय निवासियों (एनआरआई) के साथ रात्रिभोज करेंगे। सूत्रों ने यह भी कहा कि वह रात साढ़े आठ बजे एक संवाददाता सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। 8 सितंबर को राहुल गांधी ब्रुसेल्स में कारोबारियों के साथ नाश्ता करेंगे और फिर सुबह करीब 9~30 बजे शीर्ष उद्योगपतियों के साथ बैठक करेंगे।

ब्रुसेल्स की यात्रा समाप्त करने के बाद राहुल गांधी 8 सितंबर को ही फ्रांस के पेरिस पहुंचेंगे और पेरिस में साइंसेज पीओ यूनिवर्सिटी में एक इंटरेक्शन कार्यक्रम आयोजित करेंगे और बाद में एक बैठक में भाग लेंगे। उनका रात्रि भोज का भी कार्यक्रम है। 8 सितंबर को रात करीब 9 बजे वह पेरिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और फिर



फ्रांस के सांसदों और भारतीय प्रवासियों के साथ बैठक करेंगे। 9 सितंबर को पेरिस की इनाल्को यूनिवर्सिटी में सांसदों के साथ संवाद और बैठकें करेंगे। वह 10 सितंबर को नीदरलैंड पहुंचेंगे और 400 साल पुरानी लीडेन यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे। 11 सितंबर को वह नॉर्वे में रहेंगे और सांसदों से मुलाकात करेंगे और ओस्लो यूनिवर्सिटी में अपना संबोधन देंगे।

## विश्व बैंक, आईएमएफ को फिर से आकार देने का आह्वान करेंगे बाइडेन

### -व्हाइट हाउस ने दी यह जानकारी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन जी20 नेताओं की बैठक के लिए इस सप्ताह नई दिल्ली के अपने दौरे के दौरान बहुपक्षीय विकास बैंकों को मौलिक रूप से नया आकार देने और बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। यह जानकारी दी है व्हाइट हाउस ने। उन्होंने आगे कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन के लिए बाइडेन की अन्य प्राथमिकताओं में देशों के लिए ऋण राहत, जलवायु, स्वास्थ्य, डिजिटल प्रौद्योगिकी शामिल होगी, जिसमें अधिक समावेशी डिजिटल परिवर्तन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकास के लिए एक जिम्मेदार मार्ग और दृष्टिकोण के संबंध में प्रतिबद्धताएं शामिल हैं। पत?नी, प्रथम महिला जिल बाइडेन के कोविड-19 से संक्रमित पाए जाने के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति की योजनाएं नहीं बदली हैं।

उनकी कोविड रिपोर्ट नेगेटिव आई है, लेकिन वायरस के संभावित जोखिम के कारण वह रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) द्वारा अनिवार्य सामान्य सावधानियां बरतेंगे, जैसे सार्वजनिक स्थानों और लोगों के आसपास मास्क पहनना। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने मंगलवार को यात्रा का पूर्वावलोकन करने के लिए एक समाचार ब्रीफिंग में कहा कि बाइडेन गुरुवार को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। बाइडेन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को द्विपक्षीय बैठक करेंगे और फिर अमेरिकी राष्ट्रपति शनिवार और रविवार को जी20 बैठक में भाग लेंगे। राष्ट्रपति के तौर पर बाइडेन का यह पहला भारत दौरा होगा।

## नक्शा जारी कर विवाद में फंसा चीन, आसियान समिट में पड़ा अगल-थलग

### -चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग शीत युद्ध का रोना रोने लगे

**बीजिंग (एजेंसी)।** दक्षिण चीन सागर पर हक जताने से लेकर कई देशों के साथ सीमा विवाद में उलझा चीन अगल-थलग होता दिख रहा है। आसियान समिट में चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने जो कहा, उसके यही मायने निकाले रहे हैं। ली कियांग ने आसियान समिट में कहा कि दुनिया को शीत युद्ध से बचना चाहिए और किसी भी तरह की गुटबाजी या क्षेत्रीय स्तर पर प्रतिद्वंद्विता से बचना चाहिए। इंडोनेशिया में जुटे आसियान और जापान, साउथ कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और भारत के नेताओं की समिट में चीन ने कहा कि मौजूदा स्थिति में यह बहुत जरूरी है कि किसी ब्लॉक में जाने से बचा जाए।

चीनी प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्लॉक बनाने और किसी के पक्ष या विपक्ष में एकजुट होने से बचना चाहिए। बल्कि इसके बदले सही ढंग से अपने मतभेदों और विवादों को सुलझाना चाहिए। माना जा रहा है कि चीन का यह बयान दक्षिण चीन सागर के मामले में जापान और अमेरिका सहित कई बड़ी शक्तियां एकजुटता देखने को मिली है। दरअसल हाल ही में चीन ने जो नक्शा जारी किया था, इस लेकर भारत, जापान, फिलीपींस सहित 6 देशों ने नाराजगी जाहिर की थी। माना जा रहा है कि चीन दो मोर्चों पर इस एकजुटता के बीच खुद को फंसा देख रहा है।

जहां ताइवान मामले में चीन को ब्रिटेन और अमेरिका से कड़ी चुनौती मिली है। हाल ही में ब्रिटिश सरकार ने ताइवान को मान्यता दी है, जिससे चीन की टेंशन बढ़ गई है।इसके पहले अमेरिकी नेताओं के ताइवान दौरों से भी वह परेशान रहा है। बता दें कि ताइवान को वह वन चाइना पॉलिसी के तहत अपना हिस्सा बताता रहा है। बता दें कि आसियान समिट में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और शी जिनपिंग हिस्सा नहीं ले रहे हैं। बाइडेन की जगह पर अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पहुंची हैं।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने मीटिंग में भी चीन की चुनौती बढ़ा दी। उन्होंने आसियान देशों से कहा कि अमेरिका आप लोगों के साथ है। उन्होंने कहा कि अमेरिका इंडो पैसिफिक और दक्षिण पूर्व एशिया में आप लोगों के साथ काम करने को तत्पर है।



# बॉयफ्रेंड संग घूम रही पत्नी को पति ने पकड़ा

## पूर्णिया में एग्जाम का बोलकर निकली थी, पूछा तो बनाने लगी तरह-तरह के बहाने





पूर्णिया । एग्जाम देने की बात कहकर एक पत्नी बॉयफ्रेंड के साथ यामाहा आरवन 5 बाइक से घूमने निकल गई। पति ने पत्नी को प्रेमी संग बाइक पर घूमते हुए पकड़ लिया। उसने पहले पत्नी का मास्क उतारा। फिर बीच सड़क पर ही उसे एक थप्पड़ जड़ दिया। जिसके बाद सड़क पर ही पति- पत्नी का हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया। सड़क पर पति-पत्नी के हाई वोल्टेज ड्रामे का पूरा वीडियो भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि ये वीडियो पति ने ही अपने कैमरे से शूट किया। इसके बाद उसने सोशल मीडिया पर डाल दिया। ये पूरा मामला शहर के बस स्टैंड से लगे फोरस्टार के पास का है। वीडियो में युवक खुद का नाम रितेश चौहान बता रहा है। वीडियो की शुरूआत में रितेश को दोस्त की गाड़ी की बैक सीट पर बैठे पत्नी का पीछा करते और अपने फोन से वीडियो बनाते दिख रहा है। रितेश जैसे ही पत्नी के पास पहुंचता है और पत्नी के चेहरे से मास्क हटाता है। वो पत्नी से पूछता है कि उसने ऐसा क्यों किया फिर उसे थप्पड़ जड़ देता है। रितेश ऑन कैमरा पत्नी से पूछता है कि तुम एग्जाम देने सेंटर आई थी ना। तो दूसरे लड़के के साथ कैसे बैठी हो। थोड़ी भी शर्म लिहाज है। इस पर पत्नी कहती है कि जिस बाइक से वह आ रही थी, वह खराब हो चुकी है। शुभम उसका भाई वह बाइक बनवा रहा है। पत्नी की इस सफाई पर रितेश कहता है बाइक खराब हुई तो तुमने मुझको क्यों नहीं बोला। मास्क पहनकर दूसरे लड़के के साथ घूम रही हो। इसके बाद पति रितेश वहां खड़े कुछ लोगों से कहता है ये मेरी पत्नी है। बाइक खराब होने पर मुझे नहीं बोली। ये किसी और के साथ घूमने लगी। वीडियो में थोड़ी देर बाद रितेश की साली भी दिखाई देती है। उसकी अपनी पत्नी और साली के साथ बकझक शुरू हो गई। हाई वोल्टेज ड्रामे के बीच पति अपना नाम बताते हुए कहता है कि उसकी पत्नी जिस लड़के के साथ घूम रही है वह रिश्ते में उसका दूर का भाई ही लगता है। रितेश आगे कहता है कि उसे पत्नी की हरकतों पर पहले से ही शक था। करीब एक साल से वह पत्नी की एक्टिविटी नोटिस कर रहा था। रितेश आगे कहता है तुम हमको क्यों नहीं बोली, बाइक खराब है। पैसा और महंगी बाइक सब कुछ नहीं होता है। ये पूरा हाई वोल्टेज ड्रामा फोरस्टार से लगे मुरादाबादी बिरयानी के पास एक मैकेनिक दुकान के बाहर का है। जहां पति ने पत्नी को बॉयफ्रेंड के साथ उसकी यामाहा आरवन 5 पर घूमते हुए पकड़ा था। दैनिक भास्कर ने आसपास के दुकानदारों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि अचानक से वो दुकान के सामने आकर खड़े हो गए। फिर चारों आपस में लड़ने लगे। 30 मिनट तक ये सब चलता रहा। इस झगड़े से पहले का क्या मामला था ये हमें नहीं पता था। हम लोगों ने बीच में कुछ नहीं बोला, लगा कि परिवार का मामला है। क्या बोलें। मामला बढ़ने लगा तो हमने उसके पति से कहा कि जो भी मामला हो घर जाकर बात कर के सुलझाइए।

## बैंक कर्मी से 2.22 लाख की लूट



**पूर्णिया ।** रुपौली में समस्ता बैंक के कर्मी से 2 लाख 22 हजार रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया है। बदमाशों ने पहले बैंक कर्मी का पीछा किया। ओवरटेक कर बैंक कर्मी की बाइक पर लात मारी। जब तक वे कुछ समझ पाते सर पर पिस्टल तान लूट की घटना को अंजाम दिया। घटना रुपौली थाना क्षेत्र के बिरौली बाजार से चपहरी जानेवाली सड़क मार्ग पर पीड़ित की पहचान सुपौल जिला के जदिया थाना क्षेत्र के तमकुल्हा गांव निवासी ओमप्रकाश कुमार के रूप में हुई है। जो फाइनेंस कंपनी में सेल्स ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। लूट को लेकर बैंक कर्मी ने रुपौली थाना में मामला दर्ज कराया है। पीडित ओमप्रकाश कुमार ने बताया कि वे रुपौली स्थित समस्ता बैंक के कर्मी हैं। वे रुपौली स्थित बिरौली में किराए के मकान में रहते हैं। आज देर दोपहर श्रीमाता व तेलडीहा गांव से 222110 रुपए की वसूली कर स्थित अपने घर खाना खाने गए थे। इसके बाद देर शाम वे गोडियर स्थित वसुधा केंद्र में पैसा जमा करने निकल पड़े। वह जैसे ही अपने सहकर्मी व्रजकिशोर के साथ बाइक से सुमन स्टील फैक्ट्री के पास पहूंचे। उनकी नजर पीछे-पीछे आ रही एक ब्लैक स्प्लैंडर बाइक पर पड़ी। वे जैसे ही बिरौली बाजार से गैस गोदाम के पास पहुंचे। बिरौली बाजार से चपहरी जानेवाली सडक पर गैस गोदाम के पास बाइक सवार दो अपराधियों ने उनकी बाइक में लात मारी और उन्हें गिरा दिया। जिससे उनकी बाइक गिर पड़ी। इसके बाद सर पर पिस्टल तान 50 ऋणियों से वसूली गई 2 लाख 22 हजार 110 रुपए कैश से भरे बैग को लेकर भाग निकले। लूट की इस घटना को लेकर उनके द्वारा थाना में आवेदन दिया गया है।

# मां-भाई के सामने एसएसबी जवान को बदमाशों ने मारी गोली, मौत





**मोतिहारी ।** मां और भाई के सामने एसएसबी जवान धर्मेंद्र कुमार (40) को अपराधियों ने गोली मार दी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जवान अपनी मां का इलाज करवा के भाई के साथ बाइक से घर लौट रहा था। वारदात चिरैया थाना क्षेत्र के नयाका टोला के पास बुधवार रात हुई। भाई ने बताया कि हनुमान मंदिर के पास मोटरसाइकिल से आए दो बदमाशों ने हमारी बाइक रुकवाई, जबकि दो थोड़ी दूर में खड़े थे। बोले-पैसे और मोबाइल दो, हमने कहा हॉस्पिटल से लौट रहे हैं। हमारे पास पैसे नहीं है। तो दूसरे ने कहा कि पैसा नहीं देगा तो गोली मार दूं। इतने में उनसे मेरे भाई की बांह में गोली मार दी और फरार हो गए। करीब आधे घंटे तक इंतजार किया तो पुलिस की गाड़ी आई। उससे भाई को लेकर मोतिहारी रहमानिया मेडिकल सेंटर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। धर्मेंद्र कुमार के बड़े भाई मनोज कुमार ने बताया कि हम दोनों अपनी मां सवारी देवी (60) को लेकर पटना पारस हॉस्पिटल गए थे।

मां का हार्ट का इलाज चल रहा है। वहां से ट्रेन से मोतिहारी आए। स्टेशन से हमने अपनी बाइक ली और तीनों घर जा रहे थे। रात के करीब 11 से 12 बजे के बीच चिरैया थाना के नयका टोला हनुमान मंदिर के पास दो लोगो ने गाड़ी रुकवाई। लूट में नाकाम होने पर मेरे भाई को गोली मार दी। काफी देर तक इंतजार करने पर पुलिस की एक गाड़ी दिखी, वो भी नहीं रुक रहे थे। मैं सड़क के बीच में खड़ा हो गया तब जाकर गाड़ी रुकी। फिर भाई को लेकर मोतिहारी रहमानिया मेडिकल सेंटर पहुंचे, लेकिन उसे नहीं बचा पाए। मनोज ने बताया कि मेरा भाई एसएसबी में है।

वह मधुबनी में पोस्टेड है। मां का हार्ट का इलाज चलता है। उसी का इलाज कराने के लिए 15 दिन की छुट्टी लेकर घर आया था। चार दिन बाद वह वापस ड्यूटी पर जाने वाला था। तब तक यह घटना घट गई। मृतक एसएसबी जवान घोड़ासहन थाना क्षेत्र के सेखौन बगहा गांव का रहने वाला था। उसकी दो बेटियां निधि कुमारी (18), रेशू कुमारी(15) और एक बेटा ओम कुमार(14) हैं। सभी अभी पढ़ाई करते हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। एसडीपीओ अशोक कुमार ने कहा कि एसएसबी जवान को कुछ अपराधियों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया था। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जांच करते हुए एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी की पहचान की जा रही है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### संक्षिप्त डायरी

## छपरा में कृष्ण जन्मोत्सव पर मंदिरों में विशेष सजावट



**छपरा ।** जन्माष्टमी को लेकर धूम है। पूरे जिले के मंदिरों में चहल पहल और रौनक देखने को मिल रहा है। सभी मंदिरों का भव्य तरीके से सजावट किया गया है। इसी क्रम में अति प्रसिद्ध द्वारकाधीश में खास सजावट देखने को मिला। विशेष रंग के रोशनी से पूरे मंदिर को सजाया गया। कलकत्ता और वाराणसी से फूल मंगाकर मन्दिर का विशेष तरह से सजावट किया गया है। द्वारकाधीश मंदिर में बुधवार से ही भक्तों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। आसपास के गांव सहित बिहार और उत्तर प्रदेश से भी भक्त कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर पहुंचने लगे हैं। छपरा का द्वारकाधीश मंदिर उत्तर भारत का एकमात्र मंदिर है, जो द्वारका गुजरात के शिल्पकला पर बना है। छपरा स्थित नैनी द्वारकाधीश मंदिर में बुधवार के मध्यरात्रि भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव बनाया गया। भगवान कृष्ण का जन्म खीरे से मनाया गया। मध्य रात्रि में जन्म होने के साथ ही धूमधाम से बधाईयां शुरू हो गई। दूरदराज से पहुंचे भक्त जन्मोत्सव में भाग लेकर पूरी रात भक्तिरस में झुमते रहे। जन्म के बाद भगवान को पालने में पूरी रात झुलाया गया। सभी लोग मंगलगीत और सोहर गाकर भगवान के अवतरण को उत्सवी माहौल में व्यतीत किया। जन्मोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए धर्म प्रचारक अरुण पुरोहित ने बताया कि गृहस्थ जीवन के लिए अष्टमी तिथि के रोहिणी नक्षत्र ही मनाया जाता है। जबकि वैष्णव संत समाज जन्म के सुबह को उत्साह और उत्सव के रूप में मनाते हैं। इसको लेकर गृहस्थ जीवन वाले सभी लोग बुधवार को व्रत रख जन्मोत्सव मनाए। जबकि वैष्णव संत समाज के लोग गुरुवार को व्रत रख जन्मोत्सव को मना रहे हैं। छपरा के आरपीएफ बैरक में धूमधाम से दो दिवसीय कृष्ण जन्मोत्सव मेला की शुरूआत की गई। आपीएफ बैरक में सभी अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर मेले की विधिवत शुरूआत की गई।

## बदमाशों ने 2 युवक को मारी गोली

**सासाराम।** दरिगांव थाना क्षेत्र में स्थित चंद्रवंशी नगर में बुधवार की शाम दो युवकों को गोली मार दी गई। आनन-फानन में दोनों को सदर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। दोनों घायल युवकों को वाराणसी रेफर कर दिया गया है। घायलों की पहचान खैरा गांव निवासी लल्लू गिरी और मंतोष कुमार के रूप में हुई है। लल्लू गिरी अपने वार्ड के चंद्रवंशी नगर में गया था, वहीं कार से कुछ लोग आए और गोली चलाने लगे। दोनों युवक घायल हो गए। गोली लगने की सूचना मिलते ही खैरा गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीण और परिजन आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचे। सदर अस्पताल से रेफर होने के बाद लल्लू के परिजन उसे लेकर तुरंत बनारस के ट्रॉमा सेंटर चले गए। ग्रामीण ने बताया कि उसके कंधे और सीने में गोली लगी है। मंतोष का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। दरिगांव थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि चंद्रवंशी नगर में युवक को गोली मारी गई है। उसे प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। घायल का वीडियो भी सामने आया है जिसमें वह कुछ लोगों के नाम ले रहा है।

# जन्माष्टमी के लिए पटना का इस्कॉन तैयार

## दो दिनों तक होगा भव्य आयोजन, 151 चांदी के कलश से होगा महाभिषेक, जानिए कैसे करें आरती और दर्शन









पटना। राजधानी पटना स्थित इस्कॉन मंदिर जन्माष्टमी को लेकर तैयार है। इस्कॉन परिसर में भव्य जन्माष्टमी महरेत्सव का आयोजन किया जाएगा। आज के दिन 5 लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसको लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही आपात स्थिति से निपटने के लिए 2 एम्बुलेंस का भी इंतजाम किया गया है। मंदिर को सुबह 7 बजे से ही खोल दिया जाएगा। रात तक मंदिर खुला रहेगा। भक्त कतार में आएंगे और दर्शन करेंगे दूसरे रास्ते से बाहर निकलते जाएंगे। महिला और पुरुष दोनों के लिए अलग-अलग कतार रहेगी। मंदिर परिसर में किसी को भी रुकने की अनुमति नहीं दी जाएगी। भीड़ अधिक होने की वजह से ऐसी व्यवस्था की गए है कि भक्त अंदर जाएंगे और दर्शन कर बाहर निकल जाएंगे। इसके साथ ही मंदिर परिसर में आरती करना चाहते हैं तो इसके लिए लोगों को 200, 300 और 500 रुपए खर्च करने होंगे। तब जाकर वह अंदर में रुक सकते हैं। पटना इस्कॉन मंदिर के प्रवक्ता नन्द गोपाल दास बताते हैं कि प्रशासन की ओर से हमें पूरा सहयोग किया जा रहा है। आम दिनों में भी सुरक्षा को ध्यान में रखा जाता है, लेकिन जन्माष्टमी के मौके पर विशेष तैयारी है। ट्रैफिक मैनेजमेंट पर भी नजर है। इसके साथ ही हमनें अपनी तरफ से जन्माष्टमी के लिए मॉरीशस, थाइलैंड, कोलकाता और चेन्नई से 250 वॉलेंटियर्स रखा है। हमारे तरफ से 60 गार्ड और 25 बॉउनसर्स मौजूद रहेंगे। भगदड़ ना मचे, इसका भी हमनें मॉक ड्रिल किया है। मंदिर परिसर में हर तरफ कैमरे लगाए गए हैं। इस साल जन्माष्टमी 2 दिनों तक मनाया जाएगा। नन्द गोपाल दास बताते हैं की भगवान का जन्म नहीं होता है, अवतरण होता है इसलिए 7 सितंबर को हम भगवान श्री कृष्ण का अवतरण दिवस मनाएंगे। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। सजावट में कल से ही लोग जुट गए हैं। मंदिर और भगवान को सजाने के लिए मॉरीशस, थाइलैंड, कोलकाता और चेन्नई से विशेष फूल मंगाए गए हैं। भगवान श्री कृष्ण का काफी दिव्य श्रृंगार होगा। हमारी कोशिश है कि लोगों को वृंदावन की छठा यहां दिखे। जब रात 12 बजे भगवान का अवतरण होगा तब 151 चांदी के कलश से भगवान का महाभिषेक करेंगे। साथ ही 151 लीटर पंचामृत से भोग लगाया जाएगा। वहीं दूसरे दिन 8 सितंबर को इस्कॉन परिसर में भगवान श्रीकृष्ण का महाभिषेक होगा और 15 हजार लोगों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है। इस बार उम्मीद है कि 7 लाख के आस-पास श्रद्धालु आएंगे। प्रसाद के तौर पर इस साल कूटू आटा का हलवा दिया जाएगा, क्योंकि बहुत सारे लोग व्रत करेंगे। इसलिए अब तक डेढ़ लाख पैकेट बनकर तैयार है। फल की श्रेणी में जो भी आता हैं उसी के अनुसार हमनें प्रसाद की भी व्यवस्था की है। वहीं, इस साल भजन और कीर्तन के लिए वृंदावन के बरसाने से विश्वविख्यात नंदू मिश्र की टीम आ रही है। जो नृत्य और संगीत के माध्यम से श्री कृष्ण के जन्म से लेकर उनके जीवन की कई लीलाओं को दिखाएंगे।

## पटना में जन्माष्टमी पर डिलीवरी का क्रेज



**पटना ।** जन्माष्टमी पर महिलाओं में डिलीवरी का क्रेज दिख रहा है। महिलाएं कान्हा जैसा बेटा और राधा जैसी बेटी चाह रही हैं। पटना में ऐसी ही 300 महिलाएं हैं, जिन्होंने जन्माष्टमी पर डिलीवरी का प्लान बनाया था। डिलीवरी की डेट जन्माष्टमी के आसपास होने से डॉक्टरों से प्री-प्लान बुकिंग कराई थी। किसी महिला ने समय से पहले तो किसी ने डेट पूरी होने के बाद सर्जरी से डिलीवरी कराई। अस्पताल में भी कृष्ण भजन बज रहे हैं। आज के दिन जन्म लेने वाले नवजातों को राधा और कृष्ण के रूप में अस्पताल की ओर से सजाया जा रहा है। मेरा नाम तृष्णा है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर डिलीवरी को लेकर इतनी इमोशनल थी कि सुबह 6 बजे ही अस्पताल आ गई। हमारा प्लान तो गर्भ के साथ ही तय हो गया था। जन्माष्टमी पर डिलीवरी कराने की खुशी पूरे परिवार को है। जैसे-जैसे जन्माष्टमी नजदीक आ रही थी, मैं भी काफी उत्साहित हो रही थी। बस ऊपर वाले से यही प्रार्थना कर रही थी, बीच में कोई मेडिकल समस्या ना हो। पूरा परिवार इस शुभ घड़ी का इंतजार कर रहा था। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर डिलीवरी का प्लान हॉस्पिटल में भीड़ के कारण गड़बड़ ना हो, इसलिए पहले से टाइम ले लिया था। सुबह से आकर हॉस्पिटल में नंबर लगाकर बैठ भी गई, ताकि कान्हा के जन्म के बाद डिलीवरी हो जाए। मैं पूजा गुप्ता हूं। मेरा यह सौभाग्य है कि मुझे आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर डिलीवरी की डेट मिली। अब राधा रानी आए या फिर कृष्ण आए, सब मंजूर हैं। बस हेल्दी और स्वस्थ रहे। मैंने तो कृष्ण का नाम भी सोच लिया है। पहले से आद्विक नाम सोचा है, लेकिन अब भगवान के हाथ में है, वह जो भी दे दें, सब मंजूर है। ऐसा संयोग कम लोगों के साथ बनता है, कृष्ण की कृपा होगी तभी मेरे किस्मत में ऐसा दिन आया है। मैं इसके लिए भगवान की बहुत-बहुत आभारी हूं। मेरा नाम गीता सिंह है। मेरे पति चाह रहे थे कि टीचर्स डे पर डिलीवरी हो, क्योंकि मेरे ससुर प्रोफेसर थे, लेकिन यह मेरा सौभाग्य है कि मैंने जन्माष्टमी पर ही बच्ची को जन्म दिया। हमने बच्ची का नाम भी राधिका रखा है। यह हमारे लिए राधा रानी का दिया प्रसाद ही है। राधिका के रूप में प्यारी बिटिया के आने से पूरा घर खुश है। घर में जन्माष्टमी पर लक्ष्मी का आगमन हुआ है। मेरा नाम लक्ष्मी है। मेरे घर कान्हा आए हैं, मैंने इनका नाम राघव रखा है। यह मेरे लिए कृष्ण और राम दोनों हैं। जन्माष्टमी पर बेटा मिला है, ये मेरे लिए सौभाग्य की बात है। डॉक्टर ने डेट लेट बताई थी, लेकिन मैंने जिद ली कि मेरी डिलीवरी जन्माष्टमी पर ही कराएं। काफी दबाव के बाद मेरी डिलीवरी जन्माष्टमी पर कराई गई। मैं बहुत खुश हूं, मेरा सपना पूरा हो गया। मेरे घर जन्माष्टमी के दिन राघव आए हैं। जन्माष्टमी पर डिलीवरी को लेकर महिलाओं में ऐसा उत्साह है कि वह इसके लिए काफी दिनों से प्री प्लान थीं। पटना की डॉक्टर सारिका राय, डॉक्टर अनुपमा शर्मा, डॉक्टर हिमांशु सहित अन्य बड़े अस्पतालों के डॉक्टरों से बातचीत में यह पता चला कि जन्माष्टमी को लेकर विशेष तैयारी है। पटना में अनुमान है कि 300 से अधिक बच्चों की डिलीवरी का प्लान काफी पहले से तैयार है। अगर पटना जिले के अन्य अस्पतालों की बात करें जो राजधानी से दूर हैं, तो यह संख्या काफी अधिक होगी। अक्सर ऐसा होता है कि जिनकी डिलीवरी किसी खास अवसर के आस-पास होती है, वह अपने हिसाब से ही प्लान कर लेते हैं। इस बार जन्माष्टमी पर भी ऐसा ही हुआ है। गर्भवती महिलाएं आस पास डेट होने से जन्माष्टमी के लिए ही प्लान कर लीं। जन्माष्टमी भगवान श्री कृष्ण का पर्व है, महिलाएं चाहती हैं कि उनका बेटा भी कृष्ण जैसा नटखट और सुंदर हो। इस कारण से इस बार जन्माष्टमी पर दो दिनों के लिए डिलीवरी का काफी अधिक प्लान है। कई हॉस्पिटल में तो डॉक्टरों को दो दिनों तक पेशेंट देखने तक की फुरसत नहीं, वह डिलीवरी में ही व्यस्त हैं। अस्पतालों में एक के बाद एक सर्जरी हो रही है। डॉक्टर भी इसे लेकर काफी उत्साहित हैं। जन्माष्टमी पर दो दिनों तक होने वाली डिलीवरी पर अस्पतालों की तरफ से विशेष व्यवस्था की गई है। हॉस्पिटल में भक्ति का माहौल है। पटना के कंकड़बाग स्थित डॉक्टर सारिका राय के हॉस्पिटल में तो भक्ति गीत भी बज रहे हैं।

# पंचतत्वों पर आधारित खानपान रखे स्वस्थ



पंचतत्व अर्थात् पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। हमें अपने खानपान में प्रतिदिन इन पांचों तत्वों का भी सेवन करना चाहिए। ऐसा होने पर हम अधिकाधिक स्वस्थ व सक्रिय रह सकेंगे।

**वायु** – सांस के माध्यम से हर प्राणी वायु ग्रहण करता है। बाकी तत्वों को कुछ समय या कुछ दिन के लिए छोड़ा जा सकता है, पर वायु को नहीं। जो लोग अनशन या उपवास करते हैं, वे भी अन्न, फल, सब्जी या जल आदि छोड़ देते हैं, पर वायुसेवन नहीं। एक समय आहार लेने वाले संन्यासी भी वायुसेवन तो प्रतिक्षण करते ही हैं। अर्थात् पंचतत्व में से वायु प्राणियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

यह वायु व्यक्ति को शुद्ध एवं प्राकृतिक रूप में पर्याप्त मात्रा में मिले, यह भी आवश्यक है। जो लोग बड़े शहरों में या उद्योगों के पास रहते हैं, उन्हें शुद्ध वायु नहीं मिल पाती। इसीलिए इन दिनों नये-नये रोग लगातार बढ़ रहे हैं। अब तो बड़े नगरों में शुद्ध ऑक्सीजन के बूथ खुलने लगे हैं, जहां पैसे देकर व्यक्ति दस-पन्द्रह मिनट शुद्ध प्राणवायु ले सकता है। जैसे आजकल हर व्यक्ति अपने साथ साफ पानी की बोतल रखने लगा है, लगता है कुछ समय बाद लोग प्राणवायु के छोटे सिलेंडर भी साथ लेकर चला करेंगे। ताजी और शुद्ध प्राणवायु प्राप्त करने की निःशुल्क विधि प्रातःकालीन भ्रमण है। सूर्योदय होने पर पेड़ों द्वारा रात में उत्सर्जित कार्बन डायआक्साइड वायुमंडल में चली जाती है। ऐसे शीतल और शांत वातावरण में अकेले या सपरिवार घूमना शुद्ध वायु ग्रहण करने का सबसे सरल उपाय है।

केवल घूमना ही नहीं, तो इस समय कुछ आसन, व्यायाम और प्राणायाम करना भी बहुत लाभदायक है। सुबह की ही तरह शाम का भ्रमण भी बहुत लाभकारी है। इन दोनों समय पर दिन और रात का मिलन होता है। इसके सदुपयोग से हम अपने शरीर तथा मन को स्वस्थ रख सकते हैं। बच्चों और युवाओं को तो शाम के समय पढ़ने की बजाय खेलना ही चाहिए।

चाहे कोई स्वयं वाहन न चलाता हो, पर प्रदूषित वायु सेवन करना तो उसकी भी मजबूरी ही है। इसलिए जहां सार्वजनिक यातायात व्यवस्था का बहुत अच्छा होना जरूरी है, वहां दस-बीस कदम जाने के लिए वाहन निकालने की आदत भी छोड़नी होगी। पेड़ों को कटने से बचाकर तथा परिवार के हर सदस्य के नाम पर एक पेड़ लगाकर हम प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग दे सकते हैं।

**जल–** वायु की ही तरह जल भी व्यक्ति की प्राथमिक आवश्यकता है। किसी समय बहता पानी निर्मला कहकर नदियों का जल सर्वाधिक शुद्ध माना जाता था, पर अब नगरों के सीवर, कारखानों के अपशिष्ट, समय-समय उसमें विसर्जित की जाने वाली रासायनिक रंगों से पुती मूर्तियों तथा अन्य कूड़े करकट के कारण नदियां आचमन योग्य भी नहीं रह गयी हैं। अब तो सब जगह कुछ घंटों के लिए सरकारी पानी मिलता है। वह कितना शुद्ध होता है, कहना कठिन है। पानी साफ और भरपूर मिले, इसके लिए निजी बोरिंग कराने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिनके लिए यह संभव नहीं है, उन्होंने भी घरों में फिल्टर लगा लिये हैं। इनसे एक लीटर पानी साफ होने के चक्कर में चार लीटर पानी नाली में बह जाता है। शहरीकरण का अर्थ ही है, बिजली और पानी का अत्यधिक प्रयोग। अतः जल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है।

विद्वानों का मत है कि अगला विश्व युद्ध जल के कारण होगा। इसका सत्य तो भविष्य बताएगा पर नलों पर हर दिन डिब्बे और कनस्तर लिये लोगों को झगड़ते हुए कोई भी देख सकता है। मंगल आदि ग्रहों पर जाने वाले यान भी वहां सबसे पहले पानी की ही तलाश कर रहे हैं। इसके बाद भी लोगों का ध्यान इस ओर नहीं है। जो कार दो बाल्टी पानी में धोई जा सकती है, उसे दो हजार लीटर साफ पानी से धोते हुए लोग प्रायः मिल जाते हैं। हम वर्षा जल का संरक्षण कर तथा पानी को व्यर्थ न जाने देकर भी इस दिशा में अपना व्यक्तिगत सहयोग दे सकते हैं। हम साफ पानी पिएं, यह तो आवश्यक है ही पर कितना पिएं, इस बारे में अलग-अलग मत हैं। फिर भी एक व्यस्क व्यक्ति को दिन भर में आठ-दस गिलास पानी तो पीना ही चाहिए। सुबह उठकर कुल्ला-मंजन के बाद तांबे के साफ पात्र में रखा पानी भरपेट पीना बहुत लाभ देता है। तांबा जल की अधिकांश अशुद्धियां दूर कर देता है। सर्दियों में पानी को गुनगुना कर लें, तो और अच्छा रहेगा।

**आकाश–** आकाश की पहचान खालीपन या शून्यता है। घटाकाश और मठाकाश जैसी कल्पनाएं इसी में से आई हैं। आकाश में कोई भी चीज फेकें, खाली होने के कारण वह मना नहीं करता। वायु और अंतरिक्ष यान इसीलिए आकाश में निर्द्वन्द उड़ते हैं। किसी पात्र के खाली होने का अर्थ है कि उसमें आकाश तत्व विद्यमान है पर जब उसमें कोई वस्तु डालते हैं, तो वह हट जाता है। ऐसी शून्यता हम अपने पेट को बिल्कुल खाली रखकर प्राप्त कर सकते हैं। अतः प्रातः शौचादि से निवृत्त होने के बाद लगभग दो घंटे तक पेट को अवकाश दें। इससे जहां भोजन पचाने वाली इंद्रियों को आराम तथा अपनी टूट-फूट ठीक करने का समय मिलेगा, वहां हमें आकाश तत्व भी प्राप्त होगा। व्रत और उपवास आकाश तत्व की प्राप्ति का अवसर कुछ अधिक समय तक प्रदान करते हैं। इनका भरपूर उपयोग करना चाहिए पर इस नाम पर दिन में कई बार पेट में गरिष्ठ चीजें ठूंसते रहना शुद्ध पाखंड है।

**पृथ्वी–** पृथ्वी हमें अन्न, दाल और सब्जियां आदि देती है। अतः इनके सेवन से हमें पृथ्वी तत्व की प्राप्ति होती है पर इन्हें कच्चा नहीं खा सकते। इन्हें आग पर पकाकर तथा आवश्यकतानुसार कुछ अन्य मिर्च-मसाले डालकर प्रयोग किया जाता है। इनका सेवन कितना और कितनी बार करें, इसका कोई मापदंड नहीं है। शारीरिक परिश्रम करने वाले किसान या मजदूर तथा कार्यालय में बैठकर काम करने वाले की आवश्यकता अलग-अलग होगी। उन्हें उसी अनुसार इनका सेवन करना चाहिए। ऐसा न होने पर जहां एक ओर तोंद वाले, तो दूसरी ओर दुबले-पतले लोग सर्वत्र घूमते मिलते हैं।

**अग्नि–**
अग्नि का स्रोत सूर्य है। सर्दियों में तो सीधे धूप में लेटना या बैठकर काम करना अच्छा लगता है। गर्मियों में भी अपने काम के सिलसिले में घूमते-फिरते धूप लगती रहती है। इससे अग्नि तत्व अपने आप ही मिल जाता है। जो लोग दिन भर वातानुकूलित वातावरण अर्थात् एसी वाले घर, कार्यालय और कार में रहते हैं, उनके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। इसलिए थोड़े से परिश्रम या मौसम बदलने मात्र से ही ये लोग बीमार होकर बिस्तर पकड़ लेते हैं। भीषण गर्मियों में जहां लू से बचना आवश्यक है, वहां धूप से डरना भी अनुचित है।

जहां तक खानपान की बात है, तो सूर्य की ऊर्जा से पके हुए फल और सलाद आदि के सेवन से अग्नि तत्व भरपूर मात्रा में प्राप्त होता है पर इनका सेवन सूर्यकाल में ही करना चाहिए। अर्थात् सूर्यास्त के बाद इन्हें खाना ठीक नहीं है। इसी तर्ज पर कुछ लोग यह भी कहते हैं कि पृथ्वी तत्व वाले जिन पदार्थों को खाने से पूर्व आग पर चढ़ाना पड़ता है, उन्हें सूर्य की उपस्थिति में नहीं खाना चाहिए। यद्यपि बहुत से लोग अपनी धार्मिक आस्था या वृद्धावस्था के कारण सूर्यास्त के बाद अन्न नहीं खाते। उनका कहना है कि सूर्यास्त के बाद शरीर की पाचनक्रिया मंद हो जाती है। अतः उस समय भारी भोजन ठीक नहीं है। विचार भिन्नता के कारण इस विषय को स्वतंत्र छोड़ देना ही उचित है। ये कुछ ऐसी बातें हैं, जिन्हें समय-समय पर कुछ बुजुर्गों के मुंह से सुना है। इसमें से कुछ का प्रयोग करने से लाभ भी हुआ है। यद्यपि आज की भागदौड़ वाले जीवन में सब नियमों का पालन संभव नहीं होता। फिर भी जितना हो सके, उतना पालन करके देखें।

# आंखों पर दें ध्यान



आंखें अनमोल हैं, इसलिए इनकी सेहत का बदलते मौसम के अनुसार ध्यान रखना आवश्यक है

- आंखों में सूखापन की समस्या सर्दियों में बढ़ सकती है। सूखेपन से बचाव के लिए डॉक्टर के परामर्श से आर्टीफिशियल टीयर ड्रॉप का इस्तेमाल करें।
- इस मौसम में एलर्जी की शिकायत भी सभव है। इससे बचने के लिए दिन में दो बार आंखों को साफ पानी से धोएं। इन्हें मलें या रगड़ें नहीं।
- चेहरे के साथ आंख के आसपास व पलक की त्वचा को सूखेपन से बचाएं, लेकिन ध्यान रहे कि कोई भी मॉइश्चराइजर या कोल्ड क्रीम आंख के अंदर न जाए।
- काला चश्मा लगाकर ही धूप में बैठें।
- नेत्रों को चश्मे के जरिये ठंडी हवाओं से बचाएं।

# पेट दर्द के घरेलू उपचार



अधिकतर बीमारियों की वजह होती है असंयमित खान-पान। गलत खान-पान के कारण कभी-कभी पेट में दर्द होने लगता है। आमतौर पर पेट दर्द का एक मुख्य कारण अपच, मल सूखना, गैस बनना यानी वात प्रकोप होना और लगातार कब्ज बना रहना भी है। पेट दर्द को दूर करने के लिए कुछ घरेलू उपाय हैं, जो दर्द तो दूर करते हैं, साथ ही साथ पेट की क्रियाओं को भी ठीक करते हैं।

– पेट दर्द मे हींग का प्रयोग लाभकारी होता है। 2 ग्राम हींग थोड़े पानी के साथ पीसकर पेस्ट बनाएं। नाभी पर और उसके आस-पास यह पेस्ट लगाएं।
–अजवाइन को तवे पर सेक लें और काले नमक के साथ पीसकर पाउडर बनाएं। 2-3 ग्राम गर्म पानी के साथ दिन में 3 बार लेने से पेट का दर्द दूर होता है।
–जीरे को तवे पर सेकें और 2-3 ग्राम की मात्रा गर्म पानी के साथ दिन में 3 बार लें। इसे चबाकर खाने से भी लाभ होता है।
–पुदीने और नींबू का रस एक-एक चम्मच लें। अब इसमें आधा चम्मच अदरक का रस और थोड़ा सा काला नमक मिलाकर उपयोग करें। दिन में 3 बार इस्तेमाल करें, पेट दर्द में आराम मिलेगा।
–सूखी अदरक मुंह में रखकर चूसने से भी पेट दर्द में राहत मिलती है।
–बिना दूध की चाय पीने से भी कुछ लोग पेट दर्द में आराम महसूस करते हैं।
–अदरक का रस नाभी स्थल पर लगाने और हल्की मालिश करने से पेट दर्द में लाभ होता है।
–अगर पेट दर्द एसिडिटी से हो रहा हो तो पानी में थोड़ा सा मीठा सोडा डालकर पीने से फायदा होता है।
–पेट दर्द निवारक चूर्ण बनाएं। इसके लिए भुना हुआ जीरा, काली मिर्च, सौंठ, लहसुन, धनिया, हींग, सूखी पुदीना पत्ती सबकी बराबर मात्रा लेकर बारीक चूर्ण बनाएं। इसमें थोड़ा सा काला नमक भी मिलाएं। खाने के बाद एक चम्मच थोड़े से गर्म पानी के साथ लें। पेट दर्द में आशातीत लाभकारी है।
–एक चम्मच शुद्ध घी में हरे धनिये का रस मिलाकर लेने से पेट की व्याधि दूर होती है।
–अदरक का रस और अरंडी का तेल प्रत्येक एक-एक चम्मच मिलाकर दिन में 3 बार लेने से पेट दर्द दूर होता है।
–अदरक का रस एक चम्मच, नींबू का रस 2 चम्मच लेकर उसमें थोड़ी सी शक्कदर मिलाकर प्रयोग करें। पेट दर्द में लाभ होगा। दिन में 2-3 बार ले सकते हैं।
–अनार पेट दर्द मे फायदेमंद है। अनार के बीज निकालें। थोड़ी मात्रा में नमक और काली मिर्च का पाउडर डालें। और दिन में दो बार लेते रहें।
–मेथी के बीज पानी में भिगोएं। पीसकर पेस्ट बनाएं। और इस पेस्ट को 200 ग्राम दही में मिलाकर दिन में दो बार लेने से पेट के विकार नष्ट होते हैं।
–इसबगोल के बीज दूध में 4 घटे भिगोएं। रात को सोते समय लेते रहने से पेट में मरोड़ का दर्द और पेचिश ठीक होती है।
–सौंफ में पेट का दर्द दूर करने के गुण होते है। 15 ग्राम सौंफ रात भर एक गिलास पानी में भिगोएं। छानकर सुबह खाली पेट पीयें। बहुत गुणकारी उपचार है।
–आयुर्वेद के अनुसार हींग दर्द निवारक और पित्तवर्द्धक होती है। छाती और पेट दर्द में हींग का सेवन बेहद लाभकारी होता है। छोटे बच्चों के पेट में दर्द होने पर एकदम थोड़ी सी हींग को एक चम्मच पानी में घोलकर पका लें। फिर बच्चे की नाभी के चारों लगा दें। कुछ देर बाद दर्द दूर हो जाता है।
–नींबू के रस में काला नमक, जीरा, अजवायन चूर्ण मिलाकर दिन में तीन बार पीने से पेट दर्द से आराम मिलता है।

## होम्योपैथी का सहारा ले सकते हैं

# अनिद्रा के रोगी

मुझे नींद नहीं आती, आपने अक्सर लोगों को यह शिकायत करते सुना होगा। नींद एक जैविक प्रक्रिया है। हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त नींद बहुत ही जरूरी है। पर्याप्त नींद नहीं लेने से हमारी कार्यक्षमता पर भी बुरा असर पड़ता है। अनिद्रा के शिकार लोगों को अक्सर दिन में इधर-उधर झपकियां लेते देखा जा सकता है।



अनिद्रा आजकल एक महामारी की तरह फैलती जा रही है। एक अनुमान के मुताबिक आज विश्व में हर पांचवां व्यक्ति अनिद्रा का शिकार है। अनिद्रा का अर्थ है नींद में व्यवधान, नींद उचटना या कम नींद आना। यह दो प्रकार की होती है। पहले प्रकार की अनिद्रा का संबंध उन लोगों से जिन्होंने कभी अच्छी, चैन की नींद का आनंद नहीं लिया हो तथा ये लोग तनाव, घबराहट या अन्य किसी असहनीय पीड़ा से पीड़ित न हो। पहली प्रकार की अनिद्रा से पीड़ित लोगों की नाड़ी की गति तेज तथा शरीर का तापमान अधिक होता है। इनकी बाह्य धमनियां प्रायः संकुचित होती हैं। ये लोग प्रायः हिलते-डुलते रहते हैं। दूसरे प्रकार की अनिद्रा का संबंध उन लोगों की अनिद्रा से है जो किसी न किसी बीमारी से पीड़ित होते हैं जैसे पेट में दर्द, पैरों में बेचैनी, थकान, स्पाइनल कॉर्ड में दर्द आदि। इन बीमारियों से नींद की प्रारंभिक अवस्था में बाधा पहुंचती है।

दूसरे प्रकार की अनिद्रा साइकेट्रीक, साइकोसिस तथा साइकोन्यूरोसिस के मरीजों में आमतौर पर देखी जा सकती है। डर तथा चिंता भी अनिद्रा के कारण हो सकते हैं। डिप्रेशन तथा मेनियक डिप्रेशन से भी अनिद्रा की शिकायत हो सकती है इससे सोने पर एक बार तो नींद आ जाती है परन्तु सुबह जल्दी आंख खुल जाती है तथा बाद में रोगी सो नहीं पाता। सन्निपात तथा कोई काल्पनिक डर भी अनिद्रा के कारण हो सकते हैं।

चिकित्सा की होम्योपैथिक शाखा के अंतर्गत अनेक ऐसी दवाईयां हैं जिनका प्रयोग अनिद्रा के उपचार के लिए किया जाता है। मरीज के लक्षणों के आधार पर कोई भी दवा उसे दी जा सकती है।

**आर्सेनिक एलबम 30**– यह दवा उन मरीजों को दी जाती है जो किसी मानसिक बेचैनी के कारण करवटें बदलते रहते हैं। वह शारीरिक रूप से इतना कमजोर होता है कि उसका चलना-फिरना भी मुश्किल होता है। मरीज को निरंतर मृत्यु का भय बना रहता है। वह इलाज के प्रति निराश हो चुका होता है। ऐसे रोगी को बार-बार थोड़े पानी की प्यास लगती रहती है।

**केनाबिस इंडिका 30**– यह उन रोगियों के लिए उपयुक्त होती है जो भय, भ्रांति तथा मानसिक दुर्बलता के शिकार होते हैं। ऐसे रोगी अक्सर मरे हुए लोगों को सपने में देखते हैं। उन्हें लगता है कि वह पागल हो जाएंगे। ऐसा रोगी लगातार बोलता रहता है और सिर हिलाता रहता है। अक्सर बोलते-बोलते वह यह भी भूल जाता है कि उसे आगे क्या बोलना है। विनम्र स्वभाव का व्यक्ति यदि उद्दण्ड स्वभाव हो जाए तो उसे यह दवा दी जाती है।

**हायोसाइमस नाइगर 200**– इसमें मरीज बहुत बातूनी और ईर्ष्यालु होता है। इस प्रकार का रोगी बहुत डरता है। उसे हर बात में डर लगता है जैसे अकेले रहने का डर, विष खिलाने का डर, किसी षड़यंत्र का डर आदि। बच्चों में नींद न आना, नींद आते ही डर जाना, बिस्तर से निकलने या भागने की कोशिश करना जैसे लक्षण होने पर यह दवा दी जाती है।

**कैफिया क्रूडा 200**– यह दवा उन रोगियों के लिए उचित है जिन्हें रात को नींद नहीं आती। वे अक्सर भविष्य के बारे में चिंता करते रहते हैं। ऐसे रोगी अचानक ही हंसने या रोने लगते हैं ऐसे रोगियों को बहुत अधिक चिंता, बातचीत या मानसिक परिश्रम करने में सिर में तेज दर्द होता है।

**एकोनाइटम नैपेलस 30**– इसमें रोगी अक्सर बैचेन रहता है जिससे उसे नींद नहीं आती। उसे इतना डर लगता है कि वह बेहोश भी हो जाता है। स्थिति गिंभीर होने पर रोगी को मरने का डर लगने लगता है। रोगी अक्सर डर के कारण घर से नहीं निकलता, भीड़भाड़ वाली जगहों से भी बचता है। उसे बार-बार पानी की प्यास भी लगती है।

**इग्नेशिया अमारा 200**– यह दवा उन रोगियों को दी जाती है जो शोक, भय या दुख की वजह से एकाएक बेहोश हो जाते हैं। उसे तम्बाकू या धुंआ सहन नहीं होता। उसके सिर में भी दर्द होता है। प्रेम या काम में निराशा से उत्पन्न अनिद्रा के लिए भी यही दवा कारगर होती है।

**पोर्स फ्लोरा इन्कार्नेटा (क्यू)**– वृद्धों तथा बच्चों में अनिद्रा दूर करने के लिए यह दवा कारगर सिद्ध होती है। यह दवा उन रोगियों की दी जाती है। जिन्हें तनाव और अत्यधिक मानसिक कार्य के कारण नींद नहीं आ पाती या सिर दर्द और आंखों में दर्द के कारण नींद नहीं आती।

किसी भी दवा के चुनाव से पहले रोगी के लक्षण पहचानना जरूरी होता है तथा किसी भी दवा के प्रयोग से पहले किसी विशेषज्ञ से सलाह लेना भी जरूरी होता है।

## पापा बनने वाले हैं ईशांत



नई दिल्ली । क्रिकेटर ईशांत शर्मा पापा बनने वाले हैं। उनकी पत्नी प्रतिमा सिंह गर्भवती हैं। प्रतिमा की बहन आकांक्षा ने सोशल मीडिया पर ये जानकारी साझा की है। इसमें तीन तस्वीरें साझा की गयी हैं। एक में ईशांत और प्रतिमा अपने परिवार के साथ यह खुश नजर आये। वहीं एक अन्य तस्वीर में ईशांत जहां डैड टू बी का पोस्टर जबकि प्रतिमा मम्मी टू बी का पोस्टर लिए दिखीं। आकांक्षा ने इंस्टाग्राम पर ईशांत और अपनी बहन प्रतिमा की फोटो साझा करते हुए लिखा है- मेरे प्रिय प्रतिमा और इशांत बहुत बहुत बधाई ! आप दोनों को हार्दिक बधाई। मुझे भरोसा है कि आप लोग महान माता-पिता बनेंगे। मैं इस छोटे सितारे के इस दुनिया में आने और एक सितारे की तरह चमकने का इंतजार नहीं कर सकती।ईशांत और महिला बास्केटबॉल खिलाड़ी प्रतिमा का प्रेम विवाह हुआ था। दोनो की पहली मुलाकात भी अनूठी रही है। ईशांत को एक बास्केटबॉल इवेंट में मेहमान के तौर पर जाना था। वहां, प्रतिमा चोट की वजह से खेल नहीं रही थी। वह तब स्कोरर की भूमिका में थीं। प्रतिमा को देखते ही ईशांत को उनसे प्यार हो गया। ईशांत को मालूम नहीं था कि प्रतिमा भी खिलाड़ी हैं। धीरे धीरे उनकी मुलाकातें बढ़ी जो बाद में प्यार में बदल गईं। वहीं प्रतिमा ने एक साक्षात्कार में कहा था कि इशांत पहली ही नजर में उन्हें पसंद आ गए। इसके बाद पांच साल तक डेट करने के बाद साल 2016 में दोनों शादी के बंधन में बंध गये।

# विश्वकप में उतरेंगे रोहित सहित तीन आईपीएल खिताब विजेता कप्तान

**मुम्बई ।**

अक्टूबर-नवंबर में भारत की मेजबानी में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए सभी टीमों ने अपने संभावित खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है। विश्वकप की शुरुआत 5 अक्टूबर से अहमदाबाद में होगी। इसका खिताबी मुकाबला 19 नवंबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा। विश्वकप में में कुल 10 टीमें भाग लेंगी। इस विश्वकप में रोहित शर्मा , हार्दिक पंड्या सहित छह ऐसे खिलाड़ी भी खेल रहे हैं जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में कप्तानी की है। इसमें से भी केवल तीन रोहित, पंड्या और वॉर्नर ही हैं, जिन्होंने अपनी कप्तानी में टीम को आईपीएल खिताब जिताया है। रोहित ने जहां मुम्बई को पांच बार खिताब जिताया है। वहीं पंड्या ने गुजरात टाइटंस को एक बार और वॉर्नर ने भी सनराइजर्स हैदराबाद को एक बार खिताब जीताया था।




जहां शर्मा मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित भारतीय टीम के भी कप्तान हैं। वहीं भारतीय टीम में शामिल

पंड्या, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल भी विश्वकप कप टीम में शामिल हैं। ये तीनो भी आईपीएल टीमों के कप्तान हैं। हार्दिक ने अपनी कप्तानी में गुजरात टाइटन्स को एक बार खिताब जिताया है. जबकि श्रेयस अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान हैं। वहीं केएल राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी कर रहे हैं। इनके अलावा दक्षिण अफ्रीकी टीम में शामिल एडेन मार्करम और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर भी सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान रहे हैं। वॉर्नर की कप्तानी में हैदराबाद की टीम ने साल 2016 में खिताब जीता था।

# अल्कराज और मेदवेदेव अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे



**न्यूयॉर्क ।**

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज और रूस के तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने मौसम की विकट परिस्थितियों के बावजूद सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां वे एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे। पिछली बार के चैंपियन अल्कराज ने जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3, 6-2, 6-4 से पराजित किया। वह अब अमेरिकी ओपन में लगातार दूसरे खिताब के करीब पहुंच गए हैं। रोजर फेडरर ने 2004 से 2008 तक यहां लगातार पांच खिताब जीते थे। इसके बाद पुरुष एकल में कोई भी खिलाड़ी अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाया। इससे पहले मेदवेदेव ने भीषण गर्मी के बीच हमवतन आंद्रे रुबलेव को हराकर चौथी बार अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। फ्लशिंग मीडोज पर तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था और ऐसे में खेलना आसान नहीं था। मेदवेदेव ने मैच के दौरान 'इनहेलर' का उपयोग किया और चिकित्सक की मदद भी ली। वह हालांकि रुबलेव को 6-4, 6-3, 6-4 से हराने में सफल रहे। मेदवेदेव ने मैच के बाद आगाह किया कि तेज गर्मी के कारण खिलाड़ियों को विकट समस्या से गुजरना पड़ सकता है। उन्होंने कहा, 'ऐसी परिस्थितियों कि आप कल्पना भी नहीं कर सकते। ऐसी स्थिति में किसी खिलाड़ी की जान भी जा सकती है। मैं नहीं जानता कि ऐसी परिस्थितियों में हम क्या कर सकते हैं क्योंकि शायद हम टूर्नामेंट को चार दिन के लिए नहीं रोक सकते हैं। लेकिन परिस्थितियां खतरनाक हैं।' अल्कराज अगर सेमीफाइनल में जीत दर्ज करते हैं तो फाइनल में उनका मुकाबला नोवाक जोकोविच से हो सकता है जिन्हें उन्होंने विंबलडन के खिताबी मुकाबले में पराजित किया था।

जोकोविच एक अन्य सेमीफाइनल में अमेरिका के 20 वर्षीय खिलाड़ी बेन शेल्टन का सामना करेंगे। शेल्टन पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचे हैं। महिला एकल में आर्यना सबालेंका ने 23वीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन को 6-1, 6-4 से हराकर ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं में लगातार पांचवीं बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका अगले सप्ताह जारी होने वाली डब्ल्यूटीए रैंकिंग में इगा स्वियातेक की जगह विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बन जाएगी। बेलारूस की सबालेंका सेमीफाइनल में अमेरिका की मेडिसन कीज से भिड़ेगी, जिन्होंने मौजूदा विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को 6-1, 6-4 से पराजित किया। महिला वर्ग के अन्य सेमीफाइनल में छठी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ़ का सामना 10वीं वरीयता प्राप्त करोलिना मुचोवा से होगा।

## हम पावरप्ले में अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाये : शाकिब

**लाहौर ।**

बांग्लादेश क्रिकेट टीम के कप्तान शाकिब अल हसन ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच में मिली हार पर निराशा जताते हुए खराब बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया। शाकिब ने कहा कि बल्लेबाजी पिच पर शुरुआत में ही चार विकेट खोना सही नहीं था। इस मैच में इमाम-उल-हक और मोहम्मद रिजवान के बीच 63 रनों की साझेदारी से पाक टीम ये मुकाबला सात विकेट से 7 विकेट से जीतने में सफल रही। वहीं बल्लेबाजी के दौरान बांग्लादेश की टीम पावरप्ले का ठीक से सामना नहीं कर पायी और उसने 47 रनों पर ही अपने चार विकेट खो दिये। इससे पाक टीम शुरु से ही हावी हो गयी। मेहदी हसन मिराज पहली ही गेंद पर पवेलियन लौट गये। विकेटीपर बल्लेबाज लिट्टन दास भी केवल 16 रन ही बना पाये। मुश्फिकुर रहीम 64 और शाकिब 53 के अर्धशतकों के अलावा बांग्लादेश का कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं पाया और टीम 38.4 ओवर में ही 193 रन पर आउट हो गयी। वहीं इमाम के 78 और रिजवान के 63 रनों की सहायता से पाकिस्तान ने इस मैच में सात विकेट से जीत हासिल की। शाकिब ने कहा, हमने शुरुआत में विकेट खो दिए और हमने कुछ सामान्य शॉट खेले जबकि इस तरह के विकेट पर हमें पहले 10 ओवरों में चार विकेट नहीं गंवाने चाहिए हालांकि खेल में ऐसा होता है। हमारी पांचवें विकेट के लिए साझेदारी अच्छी थी। हमें सात या आठ ओवर और बल्लेबाजी करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, वे नंबर 1 टीम हैं और यही कारण हैं। उनके पास तीन विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं जो उनके लिए चीजें आसान बना रहे हैं। हम गेंदबाजी विभाग में अच्छा कर रहे हैं, पर बल्लेबाजी अभी उम्मीद के अनुरुप नहीं हो रही। हमें और अधिक गंभीर होने की जरूरत है। वहीं बांग्लादेश के सहायक कोच निक पोथास ने बाद में कहा कि बल्लेबाजों को अपने शॉट चयन खेलने को लेकर सही फैसला लेना होगा।

## लाहौर में सुपर फोर मुकाबले में विराट की जर्सी में नजर आया एक प्रशंसक

**लाहौर ।**




भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली के प्रशंसकों की तादाद पाकिस्तान में भी काफी अधिक है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में एशिया कप 2023 सुपर फोर में मेजबान पाक और बांग्लादेश के उद्घाटन मैच में एक प्रशंसक को विराट कोहली के नाम और 18 नंबर वाली जर्सी पहने देखा गया। क्रिकेट प्रशंसकों ने विराट के प्रति दिवानगी रखने वाले इस प्रशंसक के वीडियों को जमकर वायरल किया है। इससे पहले पाक प्रशंसकों ने कहा था कि वे चाहते हैं कि भारतीय टीम यहां आये जिससे हमें विराट का खेल देखने को मिले। इस सुपर फोर मैच में पाक ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा है। इस मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते पाक को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य दिया था। जिसे उसने इमाम उल हक 78 और मोहम्मद रिजवान के अर्धशतक की बदौलत तीन विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया। इससे पहले बांग्लादेश टीम ने कप्तान शाकिब अल हसन के 53 और मुश्फिकुर रहीम ने 64 रनों की सहायता से 192 रन बनाये। पाक की ओर से हारिस रउफ और नसीम शाह ने सबसे ज्यादा 4 और 3 विकेट लिए।

## विश्व कप के लिए चार लाख अतिरिक्त टिकट बेचेगा बीसीसीआई

**मुम्बई ।**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए टिकटों की भारी मांग को देखते हुए चार लाख अतिरिक्त टिकट बेचने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने ये फैसला इसलिए किया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को टिकट मिल सकें। क्रिकेट विश्व कप के लिए टिकटों की बिक्री का अगला चरण 8 सितंबर को सुबह 8 बजे से शुरू होगा। अभी 25 अगस्त से 3 सितंबर तक बिक्री के पहले चरण में विश्व कप मैचों के टिकट, जिसमें मेजबान भारत से जुड़े मैच भी शामिल थे, तेजी से बिके हैं। वहीं जिन लोगों को टिकट नहीं मिल पाये उन्होंने सोशल मीडिया पर टिकट नहीं मिल पाने पर निराशा व्यक्त की थी।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले भारत-पाक मुकाबले सहित यहां होने वाले अहम मुकाबलों और फाइनल के लिए टिकटों की भारी मांग है। इस स्टेडियम की क्षमता एक लाख से ज्यादा है पर इसके बाद भी प्रशंसकों को टिकट नहीं मिल रहे। वहीं बीसीसीआई ने कहा कि 8 सितंबर को सभी मैचों के टिकटों की सामान्य बिक्री होगी। बीसीसीआई ने एक अन्य बयान में माना है कि प्रशंसक टूर्नामेंट के लिए बेहद अहम हैं और उनका अटूट जुनून, जुड़ाव और योगदान आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 की सफलता के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसी कारण मेजबानी करने वाले राज्य संघों के साथ चर्चा के बाद बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के लिए लगभग 4,00,000 अतिरिक्त टिकट जारी करने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक उत्साही क्रिकेट प्रशंसकों को शामिल करना और इस ऐतिहासिक आयोजन में उनकी भागीदारी पक्की करना है। बीसीसीआई ने यह भी कहा कि टिकटों की बिक्री 8 सितंबर को क्रिकेट विश्व कप की आधिकारिक वेबसाइट के जरिये होगी।






### संक्षिप्त समाचार



## आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में क्रॉली होंगे इंग्लैंड के कप्तान

**लंदन ।** जैक क्रॉली आयरलैंड के खिलाफ 20 सितंबर से होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे। इसके लिए 13 सदस्यीय टीम का चयन किया गया है। वहीं इस सीरीज में बल्लेबाज क्रॉली पहली बार इंग्लैंड की कमान संभालेंगे जबकि उनके सलामी जोड़ीदार बेन डकेट को उपकप्तान बनाया गया है। दोनो ही टीमों के बीच 20 सितंबर को हेडिंग्ले में ये सीरीज शुरु होगी। दूसरा एकदिवसीय मैच 23 सितंबर को ट्रेंट ब्रिज, नॉटिंघम में खेला जाएगा। तीसरा और अंतिम मैच 26 सितंबर को ब्रिस्टल के सीट यूनिक स्टेडियम में होगा। इंग्लैंड ने इस सीरीज के लिए 3 अनकैप्ड खिलाड़ियों, बल्लेबाज सैम हैन, विकेटकीपर-बल्लेबाज जेमी स्मिथ और तेज गेंदबाज जॉर्ज स्क्रिमशॉ को भी अपनी टीम में शामिल किया है।

**टीम इस प्रकार है –**

जैक क्रॉली (कप्तान), रेहान अहमद, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, सैम हैन, विल जैक, क्रेग ओवरटन, मैथ्यू पॉट्स, फिल साल्ट, जॉर्ज, स्क्रिमशॉ, जेमी स्मिथ, ल्यूक वुड।

## मलिंगा ने इंग्लैंड पर जीत के लिए महिला टीम को बधाई दी



**कोलंबो ।** श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने महिला टीम को इंग्लैंड में श्रृंखला जीतने पर बधाई दी है। श्रीलंका की महिला टीम को पहली बार इंग्लैंड में किसी श्रृंखला में जीत मिली है। इसी को लेकर अपने ट्वीट में मलिंगा ने कप्तान चमारी अथापथु के नेतृत्व वाली टीम की जमकर प्रशंसा की। इसके साथ ही उन्होंने लिखा, इंग्लैंड के खिलाफ ऐतिहासिक श्रृंखला जीत के लिए श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम को बधाई। उनके ही घर में ऐसा करना इसे और भी विशेष जीत बनाता है। अथापथु और उनकी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है और इससे देश में महिला खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। श्रीलंका के साथ श्रृंखला में पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम 19 ओवर में केवल 116 रन ही बना पायी। मेजबान टीम की ओर से केवल माइया बाउचर 23, डेनिएल गिब्सन 21 और एमी जोन्स 20 ही कुछ हद का श्रीलंकाई गेंदबाजी का सामना कर पायीं। श्रीलंका ने अथापथु के 44 और हर्षिता समरविक्रमा के 26 रनों की सहायता से आसानी से ये लक्ष्य हासिल कर लिया। अथापथु ने कप्तान की अच्छी जिम्मेदारी निभाते हुए 21 रन देकर तीन विकेट भी लिए। वहीं कविशा दिलहारी, उदेशिका प्रबोधनी ने 16 रन देकर दो विकेट लिए।

## एशिया कप में छाये पाक तेज गेंदबाज , हारिस ने लिए सबसे ज्यादा विकेट

**लाहौर।** पाकिस्तान ने एशिया कप के सुपर फोर में बांग्लादेश के खिलाफ सात विकेट से बड़ी जीत दर्ज की है। इस मैच में पाक गेंदबाजों ने बांग्लादेश को 192 रनों पर ही आउट कर दिया। पाक गेंदबाजों विशेष रुप से तेज गेंदबाजों ने लगातार तीसरे मैच में विरोधी टीम को समेटा है। इस प्रकार पाक गेंदबाजों ने तीन मैचों में ही 30 विकेट लिए हैं। इसमें टीम इंडिया भी शामिल है। इन 30 में से भी 23 विकेट तेज गेंदबाजों हारिस रऊफ, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह ने मिलकर लिए हैं। वहीं एक विकेट फहीम अशरफ को मिला है जबकि 6 विकेट स्पिनरों को मिले हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 10 में से 9 विकेट तेज गेंदबाजों को जबकि भारत के खिलाफ सभी 10 विकेट तेज गेंदबाजों ने ही लिए थे। बांग्लादेश के खिलाफ हारिस ने 4 जबकि नसीम ने 3 विकेट लिए। तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और फहीम अशरफ को एक-एक विकेट मिला। रऊफ प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। स्पिनर केवल एक विकेट ले सके। नेपाल के खिलाफ पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों को 5 विकेट मिले थे जबकि 5 विकेट स्पिनरों ने लिए थे। एशिया कप 2023 में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की बात करें, तो हारिस 9 विकेट लेकर नंबर एक पर हैं। वहीं शाहीन और नसीम 7-7 विकेट के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं। एशिया कप के 39 साल के इतिहास की बात करें, तो सिर्फ 3 पारियों में ऐसा हुआ है कि जब तेज गेंदबाजों ने 9 या उससे अधिक विकेट लिए हैं। हर बार यह कारनामा पाक गेंदबाजों ने ही किया। 2 बार इस सत्र में उसके गेंदबाजों ने यह कारनामा किया। इससे पहले 2004 में भी पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने बांग्लादेश के खिलाफ ही 9 विकेट लिए थे। एशिया कप 2023 की बात करें, तो पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों का स्ट्राइक रेट 17 हैं। इस प्रकार वे हर 17वीं गेंद पर एक विकेट ले रहे हैं। उनकी इकोनॉमी केवल 4.54 की है। 2 बार 4 विकेट लिया है. 19 रन देकर 4 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वहीं भारतीय तेज गेंदबाज अब तक 6 ही विकेट ले पाये हैं।

## पूरन ने सीपीएम में लगाया दूसरा शतक

**जमैक ।** निकोलस पूरन ने कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में त्रिन्बांगो नाइट राइडर्स की और से आक्रामक पारी खेलते हुए दूसरा शतक लगाया है। पूरन ने बारबाडोस रॉयल्स के खिलाफ हुए मुकाबले में 51 गेंदों पर ही 5 चौके और 10 छक्के लगाकर अपना शतक जमाया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए नाइट राइडर्स की खराब शुरूआत रही और शुरुआत में ही टीम ने एक विकेट खो दिया। इसके बाद पूरन ने सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल के साथ अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम को संभाला। गुप्टिल के 38 रनों पर पेवेलियन लौटने के बाद भी पूरन जमे रहे हालांकि दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे। आंद्रे रसेल के उतरने पर एक बार फिर बड़ी साझेदारी हुई। पूरन और रसेल ने पांचवें विकेट के लिए 82 रन जोड़े। रसेल ने जहां 22 गेंदों पर 39 रन बनाए। वहीं पूरन 53 गेंदों पर 102 रन बनाकर नाबाद वापस लौटे। इस प्रकार नाइट राइडर्स ने 208 रन बनाये और बारबाडोस को जीत के लिए 209 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में बारबाडोस की टीम 7 विकेट पर 166 रन ही बना सकी और मैच हार गयी। काइल मेयर्स ने सबसे अधिक 70 रन बनाये पर वह अपनी टीम को जीत दिलाने में सफल नहीं रहे।



## धवन ने भारतीय टीम को अपना समर्थन दिया

**नई दिल्ली ।** विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम के चयन के बाद अनुभवी बल्लेबाज शिखर की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। धवन ने कहा कि उन्हें टीम में जगह मिलने की उम्मीद थी पर ऐसा हुआ नहीं। बीसीसीआई ने अपनी इस टीम में धवन को शामिल नहीं किया। बीसीसीआई की उपेक्षा के बाद भी धवन निराश नहीं हैं। उन्होंने टीम के प्रति समर्थन जताते हुए सोशल मीडिया पर बीसीसीआई की टीम घोषणा वाली पोस्ट पर प्रतिक्रया दी, जिसपर उनके प्रशंसकों ने भी विभिन्न प्रतिक्रियाएं दी हैं। धवन ने भारतीय टीम के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए लिखा- विश्वकप टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने गए मेरे साथियों और दोस्तों को बधाई। 1.5 अरब लोगों की प्रार्थनाओं और समर्थन के साथ, आप हमारी आशाओं और सपनों को आगे बढ़ाते हैं। ये शब्द धवन की खेल भावना और स्थिति को संभालने की परिपक्वता को दिखाते हैं। उन्होंने साथ ही लिखा, क्या आप कप को घर वापस लेकर हमें गौरवान्वित कर सकते हैं। इसके लिए पूरी कोशिश करे भारतीय टीम।



# एसयूवी ग्रैंड विटारा दे रही 27.97 किमी प्रति लीटर माइलेज

## - हर महीने 8-9 हजार यूनिट्स बिक रही



**नई दिल्ली ।** हम आपको आज ऐसी एसयूवी के बारे में बता रहे हैं जिसका माइलेज जानकर आप हैचबैक खरीदने का प्लान कैंसिल कर देंगे। दरअसल, हम बात कर रहे हैं हाल ही में लॉन्च हुई मारुति सुजुकी की सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी ग्रैंड विटारा के बारे में जिसमें 27.97 किलोमीटर प्रति लीटर का बेजोड़ माइलेज मिल रहा है। इस एसयूवी को कंपनी ने माइल्ड और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इंजन में पेश किया है जो अपनी माइलेज के दम हर महीने 8-9 हजार यूनिट्स बिक रही है। मारुति ने ग्रैंड विटारा को 1.5 लीटर माइल्ड और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड पेट्रोल इंजन ऑप्शन में पेश किया है। स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इंजन के साथ ई-सीवीटी गियरबॉक्स मिलता है, जबकि माइल्ड हाइब्रिड इंजन को 5-स्पीड एमटी और 6-स्पीड एटी गियरबॉक्स का विकल्प दिया गया है। इसके मैनुअल वैरिएंट में ऑप्शनल ऑल व्हील ड्राइव सिस्टम का विकल्प भी मिलता है। कंपनी ग्रैंड विटारा के माइल्ड हाइब्रिड वैरिएंट में 19-21 किलोमीटर प्रति लीटर और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वर्जन में 27.97 किलोमीटर की माइलेज मिलने का दावा करती है, जो कि अराई द्वारा प्रमाणित है। यह देश की सबसे फ्यूल एफिसिएंट यानी सबसे ज्यादा माइलेज देने वाली एसयूवी बन गई है। आज के समय में गाड़ियों की कीमत बेतहाशा बढ़ गई हैं। वहीं दूसरी ओर पेट्रोल की कीमत भी 100 रुपये के पार चली गई है। ऐसे में बड़ी गाड़ियों में कम माइलेज के चलते ग्राहक पर महंगाई की दोहरी मार पड़ रही है। ज्यादातर देखा जाता है कि एसयूवी गाड़ियां डिजाइन और पॉवर में तो दमदार होती हैं लेकिन उनमें माइलेज बेहद कम मिलता है। कई लोग इसी वजह से छोटी गाड़ियां खरीदते हैं जिनमें पॉवर और फीचर्स तो कम मिलते हैं लेकिन माइलेज जबर्दस्त होती है। देखा जाए तो लोग माइलेज के लिए बढ़िया डिजाइन वाली गाड़ियों को भी कंप्रोमाइज कर रहे हैं। आपको बता दें कि अब कई ऐसी एसयूवी गाड़ियां भी आने लगी हैं जो हैचबैक से भी ज्यादा माइलेज दे रही हैं। इस वजह से अब आप एक बड़ी गाड़ी खरीदने का सपना पूरा कर सकते हैं और आपको माइलेज से भी कंप्रोमाइज नहीं करना पड़ेगा।

# इलेक्ट्रिक कार सी 40 रीचार्ज लॉन्च

## -कार की कीमत है 61.25 लाख रुपए एक्स-शोरूम

**नई दिल्ली ।** ऑटोमोबाइल सेक्टर की कंपनी वोल्वो कार्स इंडिया ने अपनी इलेक्ट्रिक कार सी 40 रीचार्ज को लॉन्च कर दिया है। इस इलेक्ट्रिक कार की बुकिंग शुरु हो चुकी है । कार की कीमत 61.25 लाख रुपए एक्स-शोरूम है। वोल्वो एक्ससी40 रीचार्ज के बाद वोल्वो सी 40 रीचार्ज कंपनी की दूसरी इलेक्ट्रिक कार है। वोल्वो सी 40 रीचार्ज एक्ससी40 रीचार्ज पर ही बेस्ड है। वोल्वो सी40 रीचार्ज ईवी में ड्यूल मोटर सेटअप यानि एक एक्सेल पर एक मोटर सेटअप मिलता है, जिसे 78 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक से जोड़ा गया है। कंपनी की ओर से सिंगल चार्ज पर 530 किमी तक की रेंज का दावा किया जा रहा है। 150केडब्ल्यू के फास्ट चार्जर इस इलेक्ट्रिक कार को 27 मिनट में ही 0-100 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है।वोल्वो सी 40 रीचार्ज ईवी 90 इंच का पोर्ट्रेट स्टाइल टच स्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 12.3 इंच का डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले,एप्पल कार प्ले/एंड्राइड ऑटो, हरमन कार्डन साउंड सिस्टम, ड्यूल जोन क्लाइमेट कंट्रोल, पैनोरमिक सनरूफ, वायरलेस फ़ोन चार्जिंग, 360 डिग्री कैमरा और एडीएएस टेक्नोलॉजी जैसे फीचर्स दिए गए हैं। यह इलेक्ट्रिक कार भारतीय बाजार में किया ईवी 6 और हयूदै आयोनिक 5 को टक्कर देगी। वहीं इसमें ट्विन इलेक्ट्रिक मोटर 408 एचपी की अधिकतम पावर और 660 एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करता है। वोल्वो सी 40 रीचार्ज केवल 4.7 सेकंड में 0-100 किमी/घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है और इसकी टॉप स्पीड 180 किमी/घंटा है।

# अब मोबाइल वैन से सस्ती दर पर खरीद सकेंगे दाल और प्याज

## - दाल 60 रुपए और प्याज 25 रुपए प्रति किलो



**नई दिल्ली ।** उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने हाल ही में 75 मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाई। ये वैन दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में कम कीमत दाल और प्याज उपलब्ध कराएंगी। इस दाल को सरकार ने 'भारत दाल' का नाम दिया है। भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारिता संघ मर्यादित (एनसीसीएफ) कार्यालय में एक कार्यक्रम में चौबे ने कहा कि यह लोगों को किफायती दरों पर आवश्यक खाद्य पदार्थ प्राप्त करने में मदद करने के लिए पायलट परियोजना है। उन्होंने इस पहल को अमृत काल में अमृत का उपहार बताते हुए कहा कि सरकार अन्य शहरों में भी इसी तरह की परियोजनाएं शुरू करने पर विचार करेगी। उन्होंने कहा कि मंत्रालय चाहता है कि लोगों को किफायती दर पर रसोई के सामान उपलब्ध हों और भविष्य में बाजरा सहित अधिक खाद्य पदार्थों को इसमें शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना के तहत दाल की कीमत 60 रुपए और प्याज की कीमत 25 रुपए प्रति किलोग्राम है। 11 अगस्त के बाद से होलसेल मार्केट में 35,250 टन प्याज 12 राज्यों में जारी किया जा चुका है, जिसमें दिल्ली, आंध्र प्रदेश, असम, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, चंडीगढ़ और केरल में जारी किया गया है। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि सरकार होलसेल और रिटेल मार्केट में प्याज के बफर स्टॉक को जारी कर हाल में प्याज की कीमतों में किसी भी बढ़ोतरी को रोकने की कोशिश करेगी। सरकार के मुताबिक उसने 36 हजार 250 टन प्याज 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के होलसेल अपने बफर स्टॉक से जारी किया है ताकि प्याज की कीमतों में किसी भी प्रकार की तेजी को रोका जा सके। नेफेड और एनसीसीएफ को 3 से 5 लाख टन अतिरिक्त प्याज खरीदने को कहा है, जिससे बफर स्टॉक को बढ़ाया जा सके।

# पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजारों में पेट्रोल और डीजल की कीमत में गुरुवार को कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली से लेकर मुंबई तक राष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार स्थिर हैं। बता दें कि जून 2017 से पहले कीमतों में संशोधन हर 15 दिन के बाद किया जाता था। हालांकि, राज्य स्तर पर लगने वाले टैक्स के कारण विभिन्न शहरों में तेल के दाम अलग अलग होते हैं। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपए और डीजल 89.96 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। चंडीगढ़ में 96.20 रुपए और डीजल 84.26 रुपए प्रति लीटर हो गया है। भोपाल में पेट्रोल 108.65 रुपए और डीजल 93.90 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# एनसीपीसीआई ने लांच की नई तकनीक 'हेलो यूपीआई'




**नई दिल्ली ।** नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनसीपीसीआई) ने यूपीआई के लिए अब एक ऐसा फीचर पेश किया है जो इसे बेहद कारगर और अधिक आसान है। बता दें कि यूजर अब केवल स्कैन कर नहीं बल्कि बोलकर भी पेमेंट कर सकेंगे। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने हाल ही में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में एनसीपीसीआई को पेश किया था। जिस तरह से लोग एनएफसी टैग का इस्तेमाल दो डिवाइस के बीच संपर्क बनाकर घर, कार या फोन का लॉक खोलने के लिए करते हैं, इसी तरफ अब एनएफसी तकनीक से पेमेंट भी कर सकेंगे। ये तकनीक स्मार्टफोन और पेमेंट टर्मिनल के बाच संपर्क बनाने के काम करते हैं। इसी तकनीक का इस्तेमाल कर हेलो यूपीआई को पेश किया गया है।

अब कहीं से भी बोलकर पेमेंट कर पाएंगे। इसमें फोन कॉल, यूपीआई पेमेंट ऐप और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) शामिल हैं।

यानी आप कहीं गए बगैर ही फोन कॉल के जरिए हेलो यूपीआई बोलकर पेमेंट कर सकते हैं। एनसीपीसीआई के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पेमेंट करने से पहले ग्राहक क्रेडिट लाइन का इस्तेमाल कर बैंक से स्वीकृति ले सकते हैं। यूजर्स लाइट एक्स सुविधा का इस्तेमाल कर ऑफलाइन भी पेमेंट कर सकते हैं। हेलो यूपीआई तकनीक के जरिए हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही भाषा में पेमेंट कर सकते हैं। इसके लिए आईआईटी मद्रास के ए14 भारत के साथ समझौता किया गया है।

# चीन के निर्यात में अगस्त में गिरावट धीमी रही



**हांगकांग ।** चीन के निर्यात में अगस्त में गिरावट धीमी रही, जबकि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था घरेलू तथा विदेश दोनों ही स्तर पर कमजोर मांग के दबाव में है। सीमा शुल्क की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त में निर्यात सालाना आधार पर 8.8 प्रतिशत घटकर 284.87 अरब डॉलर रहा। यह पिछले महीने की तुलना में यह 14.5 प्रतिशत धीमा रहा। आयात एक साल पहले की तुलना में 7.3 प्रतिशत घटकर 216.51 अरब डॉलर रहा। चीन का व्यापार अधिशेष 13.2 प्रतिशत घटकर 68.36 अरब डॉलर हो गया, जो जुलाई के 80.6 अरब डॉलर से कम था। चीन के नेताओं ने हाल के महीनों में अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए कई नीतिगत उपाय किए, क्योंकि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद अर्थव्यवस्था उम्मीद से काफी पहले ही कमजोर पड़ गई है।




# रिलायंस रिटेल ने आलिया भट्ट के किड्सवियर ब्रांड एड-ए-मम्मा की 51% हिस्सेदारी खरीदी

**मुंबई ।** रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड और एड-ए-मम्मा ने अब एक साथ आने का फैसला किया है।रिलायंस रिटेल ने आलिया भट्ट के किड्सवियर ब्रांड एड-ए-मम्मा की 51त्न हिस्सेदारी खरीद ली है। एड-ए-मम्मा किड्स एंड मैटर्निटी वियर बनाती है। रिलायंस रीटेल वेंचर्स लिमिटेड ने इस कंपनी में 51 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए ज्वाइंट वेंचर किया है। कंपनी की योजना इस सेगमेंट में एक्सपैंशन की है। आरआरवीएल ने कहा कि वह एक्ट्रेस भट्ट के साथ मिलकर इस बिजनेस का विस्तार करेगी। बॉलीवुड एक्टर आलिया भट्ट ने ट्वीट कर इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि एड-ए-मम्मा एक बूट-स्ट्रैप्ड वेंचर है जिसका मकसद बड़ा है। रिलायंस रीटेल देश की सबसे बड़ी रीटेल है. हम दोनों का मकसद एक है। हम दोनों स्वदेशीकरण को बढ़ावा देना चाहते हैं। आलिया भट्ट ने साल 2020 में एड-ए-मम्मा की स्थापना की थी. इस ब्रांड से किड्स क्लोदिंग मिलता है। 2-12 साल के उम्र बच्चों के लिए यह ब्रांड कपड़ा बेचती है। इसके कपड़े नैचुरल फैब्रिक्स से बने होते हैं। इसका प्रजेंस ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों है। 2022 में कंपनी ने मैटर्निटि क्लोदिंग में कदम रखा। यह उस समय की बात है जब आलिया भट्ट खुद प्रेग्नेंट थीं।

# चीन में सरकारी कर्मचारी नहीं कर पाएंगे आईफोन का इस्तेमाल

**बीजिंग ।** चीन ने एप्पल के आईफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। दरअसल अब चीन में सरकारी अधिकारी आईफोन का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। इस फैसले के बाद ही एप्पल के शेयर औंधे मुंह गिर पड़े। एप्पल का शेयर न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में 3.6 फीसदी टूटकर 182.91 पर आ गया जो कि सबसे बड़ी गिरावट है। इसके पहले एप्पल इस साल अब तक 46 फीसदी तक चढ़ चुका है। सरकारी आदेश के अनुसार कोई भी कर्मचारी ऑफिस में एपल के आईफोन का इस्तेमाल नहीं करेंगे। सरकारी अधिकारियों को भी इन उपकरणों को कार्यालय में नहीं लाने का आदेश दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रतिबंधित विदेशी स्मार्टफोन निर्माताओं की सूची में एप्पल के अलावा कोई नाम नहीं है। बता दें कि चीन का यह फैसला उन अफवाहों के बीच आया है जिसमें दावा किया गया है कि चीनी स्मार्टफोन निर्माता हुआवेई एक उन्नत 7एनएल चिपसेट विकसित करने में कामयाब हो गई है जिसका उपयोग मेट 60 प्रो में किया गया है।




# शेयर बाजार उछाल के साथ बंद

## सेंसेक्स 385 , निफ्टी 116 अंक ऊपर आया

## निवेशकों को हुआ 1.77 लाख करोड़ रुपये का फायदा




**मुम्बई ।** घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये बढ़त बैंकिंग, रियल्टी और उर्जा शेयरों में लिवाली (खरीदारी) के कारण आई है। वहीं, पीएसई और उपभोक्ता कंपनियों के शेयर भी बढ़त पर बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 385.04 अंक करीब 0.58 फीसदी बढ़कर 66,265.56 पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 116.00 अंक तकरीबन 0.59 फीसदी ऊपर आकर 19,727.05 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान कोल इंडिया, एलएंडटी, इंडसइंड बैंक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और एसबीआई निफ्टी के शेयर सबसे ऊपर आये जबकि टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट , एमएंडएम, ब्रिटेनिया , सन फार्मा और इंफोसिस निफ्टी के सबसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहे। वहीं गत दिवस भी बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। आज बीएसई में शामिल कंपनियों का कुल बाजार मूल्य बढ़कर 319.10 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जो कि गत कारोबारी दिन 6 317.33 लाख करोड़ रुपये था। इस प्रकार से लिस्टेड कंपनियों का बाजार पुंजीकरण आज करीब 1.77 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है। इस तरह निवेशकों को करीब करीब 1.77 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ है।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से ` मिले कमजोर संकेतों की वजह से बाजार की शुरुआत सपाट हुई है। बीएसई सेंसेक्स हल्की गिरावट के साथ 65,800 के पास कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी इंडेक्स भी 19,576 पर आ गया है। प्री-ओपनिंग में शेयर बाजार में मिलाजुला कारोबार देखने को मिला रहा है। सेंसेक्स 74.25 अंक की गिरावट के साथ 65,806.27 के स्तर पर कारोबार करता दिखा जबकि निफ्टी 48.20 अंक की बढ़त के साथ 19,659.20.के स्तर पर कारोबार क रहा था। वहीं अमेरिकी फेड पॉलिसी के कारण अमेरिकी बाजार का व्यापार प्रभावित हुआ। डाओ 200 अंक और नैस्डैक 150 अंक नीचे आया।

# मेसन वाल्व्स इंडिया का आईपीओ 8 सितंबर को खुलेगा

**मुंबई ।** मेसन वाल्व्स इंडिया का आईपीओ (आईपीओ) शुक्रवार 8 सितंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने जा रहा है। इसके जरिए कंपनी का लक्ष्य 31.09 करोड़ रुपए जुटाने का है। यह एक फिक्स प्राइस इश्यू है। इस आईपीओ के माध्यम से कंपनी 30.48 लाख इक्विटी शेयरों को जारी करेगी, जिसमें से 1.59 करोड़ रुपए के 1.56 लाख शेयर बाजार निर्माता के लिए आरक्षित हैं। मार्केट मेकर के हिस्से से कम इश्यू को नेट इश्यू माना जाता है, यानी 29.5 करोड़ रुपए के 28.92 लाख शेयर। बता दें कि इसमें ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के तहत कोई बिक्री नहीं होगी। नेट ऑफर साइज का आधा हिस्सा खुदरा निवेशकों के लिए और बाकी का 50 प्रतिशत हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल और इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए आरक्षित है, यानी प्रत्येक के लिए 14.46 लाख शेयर रिजर्व हैं। कुल इश्यू पोस्ट इश्यू पेड-अप इक्विटी का 30 प्रतिशत होगा। कंपनी ने इश्यू प्राइस 102 रुपए प्रति शेयर तय किया है। यह ऑफर 12 सितंबर को बंद हो जाएगा।

# नेक्सान.ईवी फेसलिफ्ट नाम से कार पेश करेगी टाटा मोटर्स

## -इसका डेब्यू होने वाला है 7 सितंबर को




**नई दिल्ली ।** ऑटोमोबाइल सेक्टर की स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स कंपनी नेक्सान को एक नए अवतार में लाने की तैयारी कर रही है। इसे कंपनी नेक्सान.ईवी फेसलिफ्ट नाम से बाजार में उतारेगी। इस कार का डेब्यू 7 सितंबर को होने वाला है। नेक्सन से पहले .ईवी मोनिकर का इस्तेमाल टियागो ईवी के साथ कंपनी कर चुकी है।नेक्सान ईवी में कुछ कास्मेटिक बदलाव भी देखने को मिलेंगे।

कंपनी ने जो टीजर जारी किया है उससे पता चलता है कि कार में फुल विड्थ एलईडी बार का इस्तेमाल हेडलाइट के तौर पर किया गया है। कार का फ्रंट क्रूव कान्सेप्ट की तरह दिखता है। कार की बाकी डिजाइन भी काफी हद तक कर्व कान्सेप्ट जैसा ही लगता है।नेक्सन के इस माडल में आपको सिंगल बाडी टोन कलर फिनिश मिलेगी। वहीं इस कार के पेट्रोल वाले वेरियंट में कंट्रास्टिंग ब्लैक फिनिश दी गई है। टीजर में कार का रियर साइड भी दिखाई देता है। रियर यानी पीछे के हिस्से में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नेक्सान.ईवी में कोई मकैनिकल बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। नेक्सान.ईवी एमआर 30.2केडब्ल्यूएच बैटरी के साथ जारी रहेगा और एलआर को बड़ी 40.5केडब्ल्यूएच बैटरी मिलेगी। एमआर की अराई-अप्रूव्ड रेंज 312 किमी है, जबकि एलआर की रेंज 453 किमी है। एमआर में 129एचपी और 245एनएम टॉर्क का आउटपुट होगा, जबकि एलआर में 143एचपी और 250 एनएम का आउटपुट होगा।कार में अलाय व्हील्स को नए डिजाइन के साथ पेश किया जा सकता है।टाटा नेक्सन ईवी रेंज के लिए 2 विकल्प में उपलब्ध है। पहले इन्हें प्राइम और मैक्स नाम से सेल किया जाता है। अब इन्हें एमआर यानी मीडियम रेंज और एलआर यानी लान्ग रेंज नाम से सेल किया जाएगा।

# एनएसई ईमर्ज पर लिस्ट हुए मोनो फार्माकियर के शेयर

**मुंबई ।** मोनो फार्माकियर के शेयर गुरुवार को एनएसई इमर्ज पर 3.57 प्रतिशत के कम प्रीमियम के साथ 29 रुपए प्रति शेयर पर लिस्ट हुए। कंपनी के आईपीओ का इश्यू प्राइज 28 रुपए था। बता दें कि फार्मास्युटिकल उत्पादों की मार्कीटर और डिस्ट्रीब्यूटर मोनो फार्माकियर लिमिटेड का आईपीओ 28 अगस्त खुलकर 30 अगस्त को बंद हुआ था। मोनो फार्माकियर के आईपीओ को कुल मिलाकर 13.42 गुना सब्सक्राइब किया गया था। कंपनी के इश्यू को रिटेल श्रेणी में 19.40 गुना, योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) श्रेणी में 10.89 गुना और गैर–संस्थागत निवेशकों (एनआईआई)श्रेणी में 8.00 गुना बुक किया गया था। कंपनी ने अपने आईपीओ से 14.84 करोड़ रुपए जुटाए। कंपनी ने अपने आईपीओ से 14.84 करोड़ रुपए जुटाए है। इसमें 53 लाख के नए इक्विटी शेयरों का ताज़ा इश्यू शामिल था। मोनो फार्माकियर आईपीओ में बिक्री के लिए कोई प्रस्ताव की पेशकश नहीं की गई थी। मोनो फार्माकियर आईपीओ का प्राइज बैंड 26 से 28 रुपए प्रति शेयर तय किया गया था। बता दें कि कंपनी आईपीओ के जरिये जुटाई गई राशि का इस्तेमाल सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य और खर्चों को पूरा करने के लिए करेगी।

# टाटा कंज्यूमर खरीद सकती है हल्दीराम में हिस्सेदारी




**मुंबई ।** टाटा समूह की एफएमसीजी कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रोडेक्ट्स नमकीन भुजिया और मिठाइयों की रिटेल चेन कंपनी हल्दीराम में हिस्सेदारी खरीदने पर विचार कर रही है। बताया जा रहा है कि हल्दीराम में हिस्सेदारी खरीदने के लिए टाटा कंज्यूमर की बातचीत भी चल रही है। खबरों के मुताबिक टाटा कंज्यूमर हल्दीराम में 51 फीसदी हिस्सेदारी खरीद सकती है। खबर के मुताबिक हल्दीराम ने ये हिस्सेदारी बेचने के लिए 10 बिलियन डॉलर का वैल्युएशन मांगा है। हालांकि टाटा कंज्यूमर का मानना है कि हल्दीराम ने जो वैल्युएशन मांगा है वो बेहद ज्यादा है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स इस डील को करने में कामयाब हो गया तो उससे पेप्सी, बीकानेर और रिलायंस रिटेल जैसी कंपनियों को टक्कर देने में मदद मिलेगी। टाटा कंज्यूमर प्रोडेक्ट्स के प्रवक्ता ने डील की अफवाहों पर कुछ भी कहने से इंकार कर दिया है। हल्दीराम के सीईओ कृष्ण कुमार चुटानी ने भी डील पर कुछ भी कहने से इंकार किया है।




# कटरीना संग बेहद अलग रोल करना चाहते हैं विक्की

विक्की कौशल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। जरा हटके जरा बचके हिट होने के बाद इस फिल्म से विक्की कौशल बड़े पर्दे पर वापसी की है। अब हाल ही में, विक्की से पूछा गया कि अगर उन्हें अपनी पत्नी संग कोई फिल्म करनी हो तो वह किस तरह के रोल लेना चाहेंगे। इसपर विक्की ने बेहद दिलचस्प जवाब दिया है। तो चलिए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है। भारत के सबसे लोकप्रिय अभिनेताओं में से एक बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल ने हाल ही में अपने निजी जीवन और अनुभवों के बारे में बात की। उन्होंने खुलासा किया कि उनके और कटरीना के बीच कई चीजों को लेकर काफी अंतर है। दोनों का व्यक्तित्व एक दूसरे से अलग है। इसके बावजूद दोनों एक-दूसरे से बहुत प्यार करते हैं। हाल ही में, एक इंटरव्यू में विक्की ने कहा, 'मैं कहता रहता हूं कि अगर हमें कोई फिल्म मिलती है तो किरदार ऐसे होने चाहिए, जिन्हें हम अपनी ताकत के अनुसार निभा सकें, जहां मैं चुप रहने वाला व्यक्ति बनूंगा। वहीं, कटरीना बातूनी किरदार निभाएंगी। हम दोनों असल जीवन में भी बिल्कुल ऐसे ही हैं। इसलिए मुझे ऐसा लगता है कि जो हमारे लिए काम करेगा। हम उसके साथ तालमेल बिठाकर चलेंगे। अभिनेता ने आगे कहा कि अगर वह कैटरीना के साथ किसी प्रोजेक्ट पर एक साथ काम करते हैं, तो एक नहीं बल्कि दो निर्देशक उन्हें निर्देशित करेंगे। एक सेट पर और दूसरा घर पर। विक्की ने आगे कहा, 'मैंने यह साफ कर रखा है कि उस सेट पर मेरे लिए दो निर्देशक होंगे। एक निर्देशक सेट पर होगा और दूसरा वह होगा जो घर आएगा और मुझे बताएगा कि यह गलत था और यह सही ढंग से नहीं किया गया था।'

# स्पेशल 26 का आएगा सीक्वल?

वर्ष 2013 में अक्षय कुमार की फिल्म स्पेशल 26 आई थी। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अनुपम खेर, मनोज बाजपेयी, जिमी शेरगिल समेत कई अन्य सितारे नजर आए। फैंस काफी वक्त से इस फिल्म के सीक्वल की मांग कर रहे हैं। हालांकि, फिलहाल इसके दूसरे भाग को लेकर किसी तरह की कोई खबर नहीं आई है। इस बीच हाल ही में एक मीडिया बातचीत के दौरान अनुपम खेर ने इसके सीक्वल का संकेत दिया है। अनुपम खेर ने खुलासा किया कि स्पेशल 26 के सीक्वल से जुड़ा सवाल, उन सवालों में से एक है जो वह कई सालों से नीरज से पूछना चाहते हैं। एक्टर ने कहा कि जब भी वह इस सवाल को पूछने की कोशिश करते हैं तो नीरज पांडे इसे टाल ही देते हैं और नजरअंदाज करने लगते हैं। अनुपम खेर ने कहा कि वह खुद स्पेशल 26 का सीक्वल बनाने के लिए नीरज पांडे के पीछे पड़े हैं। अनुपम खेर ने आगे कहा कि नीरज पांडे अपने वेब शो के कई सीजन बना रहे है, उन्हें स्पेशल 26 का भी सीक्वल बनाना चाहिए, क्योंकि यह फिल्म एक सीक्वल की हकदार है। अनुपम खेर ने मजाक में यह भी कहा कि लगता है नीरज इसके सीक्वल को लेकर बहुत उत्साहित नहीं हैं। हालांकि, वह खुद काफी उत्साहित हैं और उनका कहना है कि उम्मीद है कि जल्द ही सीक्वल बने। बता दें कि नीरज पांडे के साथ अनुपम खेर कई प्रोजेक्ट्स में काम कर चुके हैं। इनमें ए वेडनसडे, बेबी, एमएस धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी, अय्यारी जैसी फिल्में शामिल हैं। अनुपम खेर का कहना है कि जब भी नीरज पांडे उनसे किसी किरदार के लिए बात करते हैं तो वह बिना देर किए हां बोल देते हैं।





# अक्षय का फिल्म बनाने का डेडिकेशन देख प्रभावित हुई यामी

यामी गौतम अक्षय कुमार की वजह से ओएमजी-2 के साथ जुड़ी थीं। यह खुलासा खुद यामी ने किया है। यामी ने कहा कि दूसरे वाले लॉकडाउन के दौरान अक्षय कुमार ने उनसे संपर्क किया था। उन्होंने डायरेक्टर से बात भी कराई थी। यामी ने कहा कि अक्षय खुद काफी ज्यादा इंटरेस्ट दिखा रहे थे। बता दें कि अक्षय फिल्म के प्रोड्यूसर भी हैं। फिल्म के एक अन्य एक्टर पंकज त्रिपाठी को भी उन्होंने ही कास्ट किया था। अक्षय ने उन्हें भी जूम कॉल के जरिए फिल्म की कहानी सुनाई थी।

अक्षय ने यामी से कहा- यह मेरे करियर की बेस्ट स्क्रिप्ट है
यामी गौतम ने बताया कि उन्हें फिल्म कैसे मिली। उन्होंने कहा- दूसरे वाले लॉकडाउन की बात है। अक्षय सर ने मुझे फोन किया। उन्होंने पूरी ईमानदारी से कहा- यह मेरे करियर की सबसे बेस्ट स्क्रिप्ट है। यह स्टोरी जरूर बाहर आनी चाहिए। मैं अपने डायरेक्टर से आपकी बात कराना चाहता हूं, फिर उन्होंने कॉल पर ही डायरेक्टर अमित राय से मेरी बात कराई।

यामी ने आगे कहा- डायरेक्टर अमित राय ने मुझे फोन पर ही फिल्म की कहानी सुनाई। मुझे उनकी (अक्षय) हिम्मत देख कर काफी खुशी हो रही थी। यह कहानी ऐसी थी, जिसे लेकर कुछ सवाल उठ सकते थे। हालांकि फिर भी उन्होंने इस सब्जेक्ट पर फिल्म बनाने की सोची। हम लोगों ने इस फिल्म को एक डिस्कशन के तौर पर देखा है, न कि एक डिबेट और सवाल की तरह।

फिल्म के एक अन्य एक्टर पंकज त्रिपाठी भी अक्षय कुमार के कहने से फिल्म से जुड़े थे। उन्होंने हृद्ध से कहा- फिल्म सबसे पहले मुझे जूम कॉल पर अक्षय सर ने ही सुनाई थी। उन्हें पूरी कहानी याद थी। मैंने उनसे पूछा कि आपको पूरी कहानी याद कैसे है, तब उन्होंने कहा कि मुझे स्टोरी काफी अच्छी लगी, इसलिए ऐसे ही याद हो गई। कहानी कई बार पढ़ चुका हूं। तब मैं उनसे काफी ज्यादा प्रभावित हुआ। मुझे लगा कि सिर्फ अक्षय सर ही हैं, जो इस विषय पर फिल्म बना सकते हैं।

# सरजमीं के बाद दिलेर में नजरआएंगे इब्राहिम अली खान

सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम खान जल्द ही फिल्म सरजमीन से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं। वह काजोल और साउथ स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ इस फिल्म में स्क्रीन साझा करते हुए दिखेंगे। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आम तौर पर देखा जाता है कि एक अभिनेता को उसकी पहली फिल्म की सफलता के बाद दूसरी फिल्म मिलती है, लेकिन इब्राहिम के मामले में ऐसा नहीं है।

## जन्नत के डायरेक्टर बनाएंगे फिल्म

अपनी पहली फिल्म के सिनेमाघरों में दस्तक देने से पहले ही उनके हाथ दूसरा प्रोजेक्ट लग गया है। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक इब्राहिम अली खान अपनी दूसरी फिल्म साइन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसका निर्देशन जन्नत और शिद्दत के डायरेक्टर कुणाल देशमुख करेंगे। कथित तौर पर यह एक रोमांटिक ड्रामा होगी, जिसका अस्थायी नाम दिलेर रखा गया है। इंडस्ट्री के एक सूत्र ने इस बारे में कथित तौर पर बताया कि इब्राहिम को स्क्रिप्ट पसंद आई है और उन्होंने इस प्रोजेक्ट को स्वीकार करने में ज्यादा समय नहीं लगाया। कहानी अच्छी तरह से लिखी गई है और खूबसूरती से संतुलित है। यह दर्शकों को प्यार और संगीत की बेहतरीन खुराक देने वाली है। इब्राहिम जल्द ही इसे साइन करेंगे, क्योंकि बातचीत लगभग अंतिम चरण में है। सूत्र ने आगे कहा कि यह दूसरी फिल्म एक रोमांस कहानी है जबकि इब्राहिम की पहली थ्रिलर है। शैलियों में यह उछाल उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाएगा।

## सरजमीं को पहले करेंगे पूरा

रिपोर्ट के मुताबिक दिलेर की शूटिंग कथित तौर पर दिसंबर 2023 में शुरू होने वाली है। इसके ज्यादातर हिस्से लंदन में शूट किए जाएंगे। फिलहाल फिल्म के लिए मुख्य अभिनेत्री का अभी चयन नहीं किया गया है। दिलेर की शूटिंग शुरू करने से पहले इब्राहिम सरजमीन का अपना पेंडिंग शेड्यूल पूरा करेंगे। बोमन ईरानी के बेटे कायोज ईरानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में इब्राहिम लीड भूमिका निभाएंगे।



# अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार हैं करीना कपूर

सीमित फिल्मों में नजर आने वाली करीना कपूर खान भी अब उन अभिनेत्रियों में शुमार हो गई हैं, जो सफलतापूर्वक ओटीटी प्लेटफार्म के लिए वेब सीरीज में काम कर रही हैं और दर्शकों की तारीफें पा रही हैं। इनमें विद्या बालन, काजोल, प्रियामणि, सामंथा रुथ प्रभु के साथ ऋचा चड्ढा, हुमा खान, सोनाक्षी सिन्हा तक शामिल हैं। करीना कपूर खान अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार हैं। करीना की फिल्म जाने जान जल्द रिलीज होगी। फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है और इसकी ट्रेलर रिलीज डेट भी सामने आ गई है। पोस्टर काफी इंटेंस हैं। फिल्म में करीना के साथ विजय वर्मा और जयदीप अहलावत भी हैं। फिल्म का टीजर 25 अगस्त को सामने आया था। मेकर्स ने पोस्टर के साथ ट्रेलर की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है।





# सैफ अली खान की फिल्म भूत पुलिस का आएगा सीक्वल

सैफ अली खान और अर्जुन कपूर की फिल्म फोन भूत के सीक्वल पर नया अपडेट सामने आया है। फिल्म के मेकर्स इसके दूसरे भाग पर विचार कर रहे हैं। सैफ अली खान और अर्जुन कपूर ने 10 सितंबर 2021 में रिलीज हुई फिल्म भूत पुलिस में साथ काम किया था। फिल्म को दर्शकों की मिली जुली प्रतिक्रिया मिली थी। वहीं अब इस फिल्म को लेकर खबर आ रही है कि जल्द ही फैंस को इसका सीक्वल देखने को मिल सकता है। दरअसल फिल्म के निर्माता अब भूत पुलिस के दूसरे भाग पर विचार कर रहे हैं।

## फिल्म के सीक्वल पर चल रहा काम

बता दें कि निर्माता अक्षय पुरी के नाम कई सफल फिल्में हैं। उन्होंने सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित और अमिताभ बच्चन और तापसी पन्नू अभिनीत बदला का निर्माण किया। बाद में उन्होंने पवन कृपलानी के जरिए निर्देशित, सैफ अली खान, अर्जुन कपूर, यामी गौतम और जैकलीन फर्नांडीज अभिनीत पहली हॉरर-कॉमेडी भूत पुलिस को भी बनाया। प्रोडक्शन हाउस अपनी अगली फिल्मों पर काम करने के लिए रोमांचित है। भूत पुलिस का सीक्वल पाइपलाइन में है।

## भूत पुलिस की कहानी

हालांकि, फिल्म के सीक्वल के कलाकारों और कहानी के बारे में अभी तक ज्यादा खुलासा नहीं किया गया है और जल्द ही अधिक विस्तृत घोषणा की उम्मीद है। वहीं बात करें फिल्म की तो भूत पुलिस हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन पवन कृपलानी ने किया है, जबकि इसका निर्माण रमेश तौरानी और आकाश पुरी ने किया है। भूत पुलिस की कहानी भूतों को पकड़ने वाले भाइयों विभूति और चिरौंजी के इर्द-गिर्द घूमती है। ये किरदार सैफ और अर्जुन कपूर निभाते नजर आए थे। यामी गौतम और जैकलीन फर्नांडीज भी मुख्य भूमिकाओं में थीं।

## अक्षय पुरी की आने वाली फिल्म

फिलहाल, अक्षय पुरी और उनका प्रोडक्शन हाउस करीना कपूर खान, जयदीप अहलावत और विजय वर्मा अभिनीत जाने जान की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। कहा जाता है कि यह उपन्यास द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स पर आधारित है, इसका निर्देशन मशहूर फिल्म निर्माता हंसल मेहता ने किया है।

# तमिल फिल्म थानी ओरुवन 2 में खलनायक की भूमिका निभा सकते हैं आमिर खान

दूसरी भाषा के सितारों का दूसरी भाषा की फिल्मों में अभिनय करना आजकल आम हो गया है। हाल ही में मलयालम स्टार मोहनलाल, कन्नड़ स्टार शिवा राजकुमार और बॉलीवुड स्टार जैकी श्रॉफ ने रजनीकांत की जेलर में कैमियो भूमिकाएं निभाईं। इसके अलावा लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित विजय की लियो में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। अब, ऐसा लग रहा है कि बॉलीवुड स्टार आमिर खान को एक तमिल फिल्म में कास्ट किया जा सकता है। यह तो सबको पता है कि एजीएस प्रोडक्शंस वेंकट प्रभु द्वारा निर्देशित विजय की अगली दलपति 68 और मोहन राजा द्वारा निर्देशित जयम रवि-स्टारर थानी ओरुवन 2 का निर्माण कर रही है, जिसकी हाल ही में घोषणा की गई थी। दिलचस्प बात यह है कि मुख्य अभिनेता के अलावा फिल्म के दोनों कलाकारों की घोषणा होना अभी बाकी है। इस बीच एजीएस प्रोडक्शंस की ऐश्वर्या कल्पथी ने बॉलीवुड स्टार आमिर खान से मुलाकात कर कयासों का बाजार गर्म कर दिया है। सोशल मीडिया पर दोनों की तस्वीरें सामने आते ही यह अटकलें तेज हो गई हैं कि क्या वह दोनों फिल्मों में से किसी एक में खलनायक की भूमिका निभाएंगे। ऐश्वर्या कल्पपति ने आमिर खान के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, विश्वास नहीं हो रहा कि मुझे हमारे समय के महानतम अभिनेताओं में से एक से मिलने का मौका मिला। बता दें कि फैंस थानी ओरुवन 2 में एक मजबूत खलनायक की उम्मीद जता रहे हैं जो पहले भाग में सिद्धार्थ अभिमन्यु के रूप में अरविंद स्वामी द्वारा स्थापित मानक के साथ न्याय कर सके। कयास लगाए जा रहे हैं कि आमिर को थानी ओरुवन 2 में खलनायक की भूमिका निभाने के लिए चुना जा सकता है। यदि वह ऐसा करते हैं, तो वह फिल्म के साथ तमिल में अपनी शुरुआत करेंगे और इससे उनके तमिल प्रशंसकों को काफी खुशी होगी। इस बीच, अगर आमिर खान विजय की दलपति 68 में अभिनय करने के लिए बातचीत कर रहे हैं, तो लोगों को इस फिल्म में दो शानदार एक्टर एक साथ पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा।

